राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित


केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से...




मुसलमानों के लिए हिंदुओं की... 12

गाजियाबाद, सोमवार 29 अप्रैल 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 54, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### यूपी में सांप्रदायिक टिप्पणी के लिए ओवैसी को नोटिस की तैयारी

**वाराणसी।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने 25 अप्रैल को वाराणसी में पीडीएम न्याय मोर्चा की एक जनसभा को संबोधित किया था। इस दौरान कथित सांप्रदायिक बयान देने के लिए उन्हें जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से अतिरिक्त रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जारी किया जाएगा। काशी क्षेत्र के भाजपा कानूनी सेल के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी, जिसमें



आरोप लगाया गया था कि असदुद्दीन ओवैसी ने वाराणसी में एक जनसभा को संबोधित करने के दौरान सांप्रदायिक बयान दिया था। अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट नीरज पटेल ने रविवार को शिकायत मिलने की पुष्टि की है। उनका कहना है कि शुरूआती जांच के बाद, ओवैसी को नोटिस जारी किया जा रहा है। बीते गुरुवार को जनसभा में ओवैसी ने आरोप लगाया था कि मुख्तार अंसारी की न्यायिक हिरासत में हत्या कर दी गई। वह शहीद हुए और ऐसे लोग कभी नहीं मरते। उन्हें बचाना भाजपा सरकार की जिम्मेदारी थी, लेकिन वह विफल रही। अपने 40 मिनट के संबोधन में ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा था, अखिलेश यादव का आधा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकर चाय पीता है और वह हमसे अपनी जान दे देने के लिए कहते हैं।

### गुजरात-राजस्थान में नशा बनाने वाली तीन लैब का भंडाफोड़, 230 करोड़ के नशीले पदार्थ बरामद, 7 गिरफ्तार

**गांधीनगर ।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने गुजरात एटीएस के साथ एक संयुक्त अभियान में नशीले पदार्थ बनाने वाली तीन लैब्स का भंडाफोड़ किया है। एनसीबी के अनुसार, इस ऑपरेशन में गुजरात और राजस्थान में तीन लैब्स का भंडाफोड़ किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने सात लोगों को भी गिरफ्तार किया है। टीम ने ऑपरेशन के दौरान राजस्थान के सिरोही और जोधपुर के



साथ-साथ गांधीनगर के पिपलाज गांव और गुजरात के अमरेली जिले में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 22 किलोग्राम मेफेड्रोन और 124 किलोग्राम तरल मेफेड्रोन बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 230 करोड़ है। गुजरात के डीजीपी विकास सहाय ने कहा कि लगभग दो महीने पहले एटीएस को जानकारी मिली थी कि दो लोग नशीला पदार्थ बनाने के लिए कहीं से कच्चा माल मंगा रहे हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए एनसीबी और गुजरात पुलिस की एटीएस ने संयुक्त तौर चार जगहों पर छापेमारी की और कुल 230 करोड़ रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद किए।

### महिला सिंगर ने दोस्त पर लगाया रेप और ब्लैकमेल का आरोप, एफआईआर दर्ज

**लखनऊ ।** लखनऊ में 29 साल की एक सिंगर ने अपने पुरुष दोस्त पर शराब में नशीला पदार्थ मिलाने और आर्थिक मदद के बहाने उसके साथ बलात्कार करने का आरोप लगाया। मामले में पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की। जिसमें शिकायतकर्ता ने कहा कि उसने अपने सिंगिंग करियर को आगे बढ़ाने के लिए अपने सोने के गहने गिरवी रखकर एक स्टूडियो खोला था, लेकिन स्टूडियो के इंटीरियर डेकोरेटर द्वारा और पैसे मांगने के कारण उसके पास रुपयों की कमी हो गई। महिला सिंगर ने बताया कि उसका परिचय आशियाना के साहूकार ब्रिजेश यादव से हुआ था। पीड़ित ने कहा, ब्रिजेश मेरी मदद करने के लिए तैयार हो गया। उसने मुझे पैसे देने और एग्रीमेंट के लिए स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर करने के लिए अपने दफ्तर में बुलाया। जब मैं उनके दफ्तर में पहुंची, तो उन्होंने मुझे नशीला पदार्थ मिला हुआ ठंडा पानी पीने को दिया। जिसे पीने के बाद मैं बेहोश हो गई, इसके बाद उसने मेरे साथ बलात्कार किया और मोबाइल पर घटना का वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने एक महीने से ज्यादा समय तक मुझे ब्लैकमेल कर मेरा यौन शोषण किया।

# जेपी नड्डा बोले-पश्चिम बंगाल में बम-पिस्तौल मिल रहे,भाजपा जीतेगी 35 सीटें

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा ने एक बार फिर संदेशखाली के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को घेरा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कहना है कि भाजपा पश्चिम बंगाल में 35 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतेगी।

रविवार को पश्चिम बंगाल के दौरे पर पहुंचे जेपी नड्डा ने कहा कि संदेशखाली, ममता बनर्जी की निर्ममता और बर्बरता का संदेश चीख-चीख कर दे रहा है। ममता दीदी ने बंगाल को क्या बना दिया है? जहां रवींद्र संगीत गूंजना चाहिए था, वहां बम-पिस्तौल मिल रहे हैं। संदेशखाली में जनता की रक्षा के लिए एनएसजी कमांडो को भी उतरना पड़ा। इसी से समझ सकते हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने किस तरह अराजकता फैला रखी है। मैं बंगाल के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता से अपील करता हूं कि आप सभी संदेशखाली पर ममता बनर्जी से जवाब मांगे।



**प्रधानमंत्री मोदी ने संदेशखाली की पीड़िता को पार्टी का टिकट देकर भाजपा महिला सशक्तिकरण के संदेश को मजबूती दी है**

प्रधानमंत्री मोदी ने संदेशखाली की पीड़िता को पार्टी का टिकट देकर भाजपा महिला सशक्तिकरण के संदेश को मजबूती दी है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने ममता बनर्जी को जवाब दिया है कि ये महिलाएं अकेली नहीं है उनके साथ पूरा समाज, पूरा देश खड़ा है। संदेशखाली में महिलाओं की इज्जत-आबरू और उनकी जमीनें बचाने के लिए वहां गई जांच एजेंसियों के अधिकारियों पर भी घातक हमला किया गया। जेपी नड्डा ने आगे कहा, मैं आज समाचार पढ़ रहा था कि संदेशखाली में तलाशी के दौरान सीबीआई ने तीन विदेशी रिवॉल्वर, पुलिस द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक रिवॉल्वर, बंदूकें, कई गोलियां और कारतूस बरामद किए हैं। इसी से समझा जा सकता है कि ममता सरकार ने राज्य में किस तरह अराजकता फैला रखी है। उन्होंने पूछा कि क्या ममता बनर्जी जनता को डराकर, उनकी जान लेकर चुनाव जीतेंगी।

## सेक्स स्कैंडल में फंसे पूर्व प्रधानमंत्री के पोते प्रज्वल रेवन्ना, सामने आई अश्लील वीडियो

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और हसन लोकसभा सीट से जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना कथित सेक्स स्कैंडल में फंस गए हैं। इस मामले को लेकर कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इस बीच, प्रज्वल ने देश छोड़ दिया है और वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट चले गए हैं। बता दें कि 26 अप्रैल को कर्नाटक के पहले फेज के हुए मतदान से दो दिन पहले ही सोशल मीडिया पर कई वीडियोज वायरल हुए।

आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना हजारों महिलाओं के उत्पीडन और यौन शोषण में शामिल हैं और उन्होंने इन कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया है। उनमें रिकॉर्डिंग में घर पर काम करने वाली



नौकरानियां और हाई प्रोफाइल महिलाएं शामिल हैं।

वहीं,हसन सांसद ने भी एफआईआर दर्ज करवाते हुए कहा है कि वीडियोज में छेड़छाड़ की गई है और उनकी छवि खराब करने और वोटर्स के दिमाग में जहर भरने के लिए उसे प्रसारित किया जा रहा है। इंटरनेट पर वीडियोज वायरल होने के बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने सिद्धारमैया से एसआईटी जांच करवाने का अनुरोध किया था।

# अरविंद केजरीवाल को मिलेगी राहत?

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली शराब नीति मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर प्रकाशित विवरण के अनुसार, जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ 29 अप्रैल को मामले की सुनवाई करेगी। पिछले हफ्ते,

**गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट**

आप सुप्रीमो की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति खन्ना की अगुवाई वाली पीठ को बताया था कि केजरीवाल की याचिका 6 मई को सुनवाई के लिए लगाई हुई है। जवाब में, जस्टिस खन्ना ने वरिष्ठ वकील से मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए एक ईमेल भेजने को कहा था। इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख तय हुई। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने नए हलफनामे में, आप सुप्रीमो ने अपनी गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी निंदा की है और कहा है कि यह चुनाव के दौरान सत्तारूढ़ पार्टी को



अनुचित रूप से फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है। इस बीच, ईडी के जवाबी हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल की याचिका में कोई दम नहीं है और उनके ह्यअसहयोगात्मक रवैयेह्न के कारण उनकी गिरफ्तारी जरूरी हो गई थी। हलफनामे में कहा गया कि केजरीवाल नौ बार तलब किए जाने के बावजूद जांच अधिकारी के सामने उपस्थित नहीं हुए और पूछताछ से बचते रहे।

पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने ईडी को नोटिस जारी किया था, जिसमें एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग एजेंसी को 24 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा था।

## बंडा विधायक की कार पर पत्थर से हमला, कांच टूटा

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के बंडा से भाजपा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी की कार पर शनिवार रात को अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। पत्थर लगने से उनकी कार के सामने का शीशा टूट गया है। कार में विधायक आगे की सीट पर थे, हालांकि उन्हें कोई चोट नहीं आई। पुलिस के मुताबिक, यह मामला बरायठा थाना क्षेत्र के करई गांव के पास का है। यह वारदात उस समय हुई जब विधायक लोधी अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में आयोजित शादी समारोहों में शामिल होकर लौट रहे थे। बंडा विधानसभा दमोह संसदीय क्षेत्र में आता है, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। बंडा विधायक लोधी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। जिसमें उन्होंने बताया कि वह शनिवार रात विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शादी समारोहों में शामिल होने गए थे। जब वे लौट रहे थे तभी सिलोट नदी के घाट पर अज्ञात व्यक्ति ने चलती कार पर पत्थर मारा। वे आगे की सीट पर बैठे थे और कार के सामने वाले



कांच पर आकर पत्थर लगा, जिससे कांच टूट गया। पुलिस ने विधायक की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

## भाजपा ने राहुल गांधी पर राजपूत समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया, माफी की मांग की

**नई दिल्ली ।** भाजपा ने राहुल गांधी पर महाराजाओं पर अपनी हालिया टिप्पणी से राजपूत समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने अपने एक्स अकाउंट से राहुल गांधी का एक वीडियो शेयर किया। साथ ही उन्होंने कहा, राहुल गांधी को इस आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए तुरंत राजपूत समाज से माफी मांगनी चाहिए। वीडियो में, राहुल गांधी को यह कहते हुए सुना गया, जब राजा-महाराजाओं का राज था, जो भी वो चाहते थे कर देते थे। किसी की जमीन चाहिए होती थी तो उसे उठाकर ले जाते थे।

कांग्रेस पार्टी और हमारे कार्यकर्ताओं ने देश की जनता के साथ मिलकर आजादी प्राप्त की, लोकतंत्र लाए और संविधान देश को दिलवाया। यह वीडियो कथित तौर पर कर्नाटक में एक लोकसभा चुनाव प्रचार रैली का था, जिसके दौरान राहुल गांधी ने यह टिप्पणी की थी।

## प्रियंका गांधी के सरनेम पर मध्य प्रदेश के सीएम ने कसा तंज, कहा- ये सब नकली गांधीवादी हैं

**गुणा ।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के सरनेम को लेकर टिप्पणी की है। गुणा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोहन यादव ने कहा, हमारी परंपरा के अनुसार, जैसे ही बेटी की शादी होती है, वह अपने नाम के साथ अपने ससुराल का उपनाम जोड़ लेती है। प्रियंका (कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी) कैसे गांधी हैं? ये सब नकली गांधीवादी हैं। वे सिर्फ गांधी के नाम पर वोट बटोरना चाहते हैं। वहीं, सीएम मोहन यादव ने शनिवार को ग्वालियर लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह के समर्थन में करैरा तथा गुना-शिवपुरी प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में बदरवास में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सात मई को आपकी अंगुली में सुदर्शन चक्र आ जाएगा और



उस सुदर्शन चक्र से कांग्रेस के हाथ का पंजा कट जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि यह आपकी और मेरी इज्जत का सवाल है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब देश में मुगल शासन था तब देश के मंदिरों को तोड़ा जा रहा था। उस समय सन 1235 में उज्जैन में सभी मंदिर तोड़ दिए गए तब यह मंदिर सिर्फ कागजों में रह गए थे धरातल पर कोई मंदिर नहीं था। उस समय सिंधिया राजवंश के राजाओं ने धर्म की रक्षा के लिए इन मंदिरों की पुनर्स्थापना की थी और सभी त्योहार मनाने, उत्सव मनाने के लिए पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करवाई थी।

**जनसभा** योगी ने आंवला लोकसभा के मतदाताओं से की अपील, आमजन की आवाज उठाने धर्मेंद्र कश्यप को फिर से भेजें दिल्ली

# सत्ता से वंचित होने के बाद कांग्रेस-सपा ऐसे तड़प रही है, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है: योगी

**आंवला/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुनः दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है।

**मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, सपा-बसपा से पूछे दस सवाल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 10 प्रश्न पूछना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट



पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है।

**माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने वालों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व श्री राम जन्मभूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा। सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे।

ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। सपा ने एक ही परिवार को टिकट बांट दिए। परिवार के बाहर उनकी सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे। सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे।

## घाटी में पहाड़ों पर हिमपातः रामबन में भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद, बड़ी संख्या में वाहन फंसे

**श्रीनगर ।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला दिनभर जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। यातायात विभाग ने जम्मू से श्रीनगर के बीच यात्रा करने वालों को सफर शुरू करने से पहले हाईवे की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है। वहीं, जम्मू संभाग को कश्मीर संभाग से पुंछ जिले के रास्ते जोड़ने वाला मुगल रोड भी बर्फबारी के चलते यातायात के लिए बंद हो गया है। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से करीब 50 वाहन फंस गए, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया। उधर, किश्तवाड़ से अनंतनाग को जोड़ने वाला



संथनटाप मार्ग पहले से बंद है। मौसम को देखते हुए किश्तवाड़ जिले में स्कूल बंद रखे गए। ताजा वर्षा व बर्फबारी से तापमान में गिरावट आने से कश्मीर एक बार फिर ठंड की चपेट में है। लोगों को फिर से गर्म कपड़े पहनने तथा गर्मी पहुंचाने वाले उपकरणों का सहारा लेना पड़ रहा। मौसम विभाग ने 30 अप्रैल तक कश्मीर में पहाड़ों पर बर्फबारी व वर्षा की संभावना जताई है।

# गर्मी में धान की फसल आने वाले समय में लोगों को पैदा कर सकती है पानी की समस्या

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ क्षेत्र के साथ साथ पूरे जनपद में इस बार किसानों ने भीषण गर्मी के मौसम में धान की फसल की पैदावार को जरिया बनाया है। आपको बता दें कि इस बार जनपद बुलंदशहर में गर्मी के मौसम में धान की फसल को बड़ी संख्या में किसानों ने अपने खेतों में लगाया है कुछ किसानों का मानना है कि यदि धान की फसल को गर्मी के मौसम में उगाया जाए तो धान की पैदावार बढ़ाने के लिए कीट नाशक दवाइयों का इस्तेमाल कम मात्रा में किया जाता है। और यदि अगाई धान की फसल लगाई गई है तो दोबारा भी धान की फसल लगाई जा सकती है जिससे किसान द्वारा डबल लाभ प्राप्त किया जा सकता है लेकिन इसके साथ साथ पानी की खपत बढ़ जाती है पानी धान की फसल में अधिक मात्रा लगाया जाता है। लेकिन पानी की खपत बढ़ जाने से चिंता का विषय बन गया है कि कही पानी निचले स्तर पर न चला जाये जोकि लोगों को एक नई मुसीबत बनकर खड़ी न कर दे। पहले समय में धान की फसल को बरसात के मौसम में उगाया जाता था लेकिन अब किसान जैसे जैसे हाईटैक खेती करके अधिक लाभ के चक्कर में पानी के जलस्तर को कही समस्या पैदा न कर दे क्योंकि गर्मी के मौसम में पानी का जलस्तर कम हो जाता है उधर धान की फसल के लिए हर समय पानी चाहिए इसलिए अनुमान लगाया गया कि है कही आने वाले समय में पानी लोगों की समस्या न बन जाये।

**भीषण गर्मी में धान की रोपाई कही पानी की समस्या पैदा खड़ी न कर दे, लोगों को सता रही चिंता**




# पिता पुत्रों पर पीड़ित ने मारपीट जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सैदगढ़ी में दबंगों ने शराब पीकर की मारपीट रिपोर्ट दर्ज।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांत पुत्र चरण सिंह निवासी गांव सैदगढ़ी ने बताया है कि मेरे ही गांव के विजय सिंह पुत्र नामालूम ने शराब पीकर गाली गलौज कर अचानक मारपीट शुरू कर दी उसके बाद उसके दो पुत्रों द्वारा जिसमें ललित पुत्र विजय सिंह और विकास पुत्र विजय सिंह ने मेरे साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है इन लोगों ने मारपीट हाथापाई में मेरे सिर में काफी गंभीर चोट मार दी है।अब इन सभी लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।



उधर अहमदगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक जेके सक्सेना ने बताया है कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है आरोपियों के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# काजिम के शानदार शतक से वाईसीएन ने बीसीसी को हराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अन्डर 14 एससीए मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट जो कि साई स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के द्वारा आयोजित कराया जा रहा है । टूर्नामेंट के चौथे मैच में बाईसी एन क्रिकेट अकादमी बुलंदशहर ने बीसीसी सिकंदराबाद को 210 रनों से हराया निर्धारित 40 ओवरों के मैच में वाईसीएन ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया । वाईसीएन ने 40ओवरों में 7 विकेट खोकर 308 रन बनाए,, वाईसीएन क्रिकेट अकादमी की तरफ से काजिम ने सर्वाधिक 167 रन बनाए तथा समद ने 42 व तमस ने 15 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया बीसीसी सिकंदराबाद की तरफ से अभय, मानव, अमन खान व सोरिश चोपड़ा ने क्रमशः 1-1 विकेट अपनी टीम के लिए जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीबीसी की टीम 23.1 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 98 रन ही बना सकी बीबीसी की तरफ से लविश ने सर्वाधिक 28 तथा अमन खान ने 24 रन बनाए बाई सी एन की तरफ से कुशाग्र ने 3 विकेट काजिम ने 2 विकेट तथा समद ब हर्ष ने 1-1 विकेट लिया काजिम को शानदार बल्लेबाजी करने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया काजिम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार फिरोज खान के द्वारा दिया गया इस अवसर पर एससीए मेमोरियल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल व टूर्नामेंट के अध्यक्ष राजेश टोल साइन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर संजय आनंद तथा एससीए क्रिकेट अकैडमी के कोच नाजिम अली आदि मौजूद रहे।



# भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने लोकसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन कर रोड़ शो किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली** । आज पश्चिमी दिल्ली लोकसभा का चुनाव कार्यालय ए ब्लॉक विकास पूरी मोड़ मेन रोड पिलर नम्बर 612 के सामने हवन पूजन करके खोला गया इस के बाद भाजपा प्रत्याशी का रोड़ शो राजौरी गार्डन विधानसभा में शुरू किया कमलजीत शहरावत को इस रोड़ शो को क्षेत्र की जनता का भरपूर समर्थन मिला और लोगों का जनसैलाब इस रोड़ शो में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा इस रोड़ शो में भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत पर जगह जगह गुलाब के फूलों की वर्षा की गई और फूल मालाओं से स्वागत किया गया रोड़ शो के रास्ते में जगह-जगह खाने के स्टाल लगाए गए और स्वागत किया गया इस दो किलोमीटर लम्बे रोड़ शो में सैकड़ों मोटरसाइकिलों एवं कारो पर सवार युवा मोर्चा के कार्यकर्ता "अबकी बार चार सो पार" के नारे लगा रहे थे यह रोड़ शो सुबह 11 बजे शुरू हुआ और मुखर्जी पार्क,चोखंडी चौक,जे जे कॉलोनी चौखंडी सब्जी मंडी,चांद नगर,पंजाबी मार्केट रोड़,ख्याला रोड़,भट्टा साहिब गुरुद्वारा रोड,ए बी ब्लाक ख्याला,मंदी वाली गली,बाबा बालक नाथ मन्दिर रोड़,857 बस स्टेंड रघुबीर नगर में समाप्त हुआ।इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी कमलजीत शहरावत ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की गारंटी लोगों के विश्वास का प्रतीक बन चुकी है पश्चिमी दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में लोगो की पसंद भारतीय जनता पार्टी बन चुकी है। कमलजीत शहरावत ने सभी क्षेत्र वासियों का दिल से धन्यवाद किया और कहा की मैं क्षेत्र की जनता द्वारा दिए गए इस प्यार और सम्मान का कर्ज कभी भी नहीं उतार सकती इस अवसर पर पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर सुबह से ही उनकी गाड़ी पर उनके साथ रहे और पूरा सहयोग दिया इस अवसर पर चन्दरपाल बक्शी संयोजक राजौरी गार्डन विधानसभा, पूर्व मेयर सुभाष आर्य, कर्नल बी के ओबरॉय,विधानसभा प्रभारी पूनम पराशर झा, मंडल अध्यक्ष, राकेश सुनेजा, दीपक यादव, नितिन आनन्द, सहित गुरुद्वारा कमेटी और मन्दिर कमेटी के पदाधिकारी मोजूद रहे। जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर ने बताया कि आने वाले दिनों में बाकि सभी विधानसभा क्षेत्रो में भी ऐसे ही रोड़ शो किए जायेंगे, और क्षेत्र की जनता का पूरा सहयोग और समर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा है और कमलजीत शहरावत भारी मतों से इस लोकसभा में जीत दर्ज करवायेगी और विपक्षी उमीदवार की जमानत भी जब्त होगी।



# रविन्द्र राणा बने गंगा समग्र के प्रान्त सह संयोजक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** मां गंगा और सहायक नदियों की निर्मलता और अविरलता हेतु कार्यरत अखिल भारतीय संगठन "गंगा समग्र" में गुलावठी निवासी रविन्द्र राणा को नोएडा स्थित प्राथमिक विद्यालय मामूरा में आयोजित गंगा भाग बैठक में गंगा समग्र सहायक नदी प्रान्त सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। गंगा समग्र के प्रान्त संयोजक पवन जी, प्रान्त संगठनमंत्री राकेश जी, बैठक में कानपुर से पधारे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री अवधेश जी ने संयुक्त रूप से रविन्द्र राणा को यह दायित्व सौंपे जाने की घोषणा की है। इस घोषणा से कार्यकताओं और गंगा भक्तों में भारी हर्ष देखा गया।

इस अवसर पर मंजेश राघव, डॉ अविनाश, डॉ.अमित, सोनू राठी, हिमांशु तोमर सहित गंगा समग्र के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ.करतार सिंह का भारत भ्रमण का तीसरा पड़ाव पूरा हुआ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** डॉक्टर करतार सिंह का भारत भ्रमण का तीसरा पड़ाव पूरा हुआ। डॉक्टर करतार सिंह जी ने पूरे देश मे मर्म चिकित्सा को फैलाने कद उद्देश्य से भारत भ्रमण हरिद्वार से प्रारंभ कर बिजनोर होते हुए 23 अप्रैल को बुलन्दशहर पहुंचे जहाँ पर उन्होंने दो दिन का प्रशिक्षण दिया एवं अनेको रोगियों को देखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपने डॉक्टर खुद बने। शिविर समाप्त कर 27 अप्रैल को मांगलिक सदन से अपने मर्नरथ पर सवार होकर वो इटावा के लिए प्रस्थान कर गए।इस शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद बुलंदशहर गौरव एवं राष्ट्र सेविका समिति के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। इस शिविर में मुख्य रूप से श्रीमती गौरीबाला जी,सी ए मनीष मांगलिक एवं श्रीमती पूनम मांगलिक का विशेष सहयोग रहा।



# चुनावी चर्चाः अब जीत हार की बहस छिड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण का मतदान होने के बाद अब जीत हार को लेकर माथापच्ची के साथ ही बहस के दौर ने जोर पकड़ लिया है, परंतु कागजी गुणा भाग के खेल में किसी भी प्रमुख दल के समर्थक अपने प्रत्याशी की हार मानने को तैयार नहीं है। बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र से किस प्रत्याशी की जीत होगी। इसी बात को लेकर नगर और क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। भाजपा, कांग्रेस और बसपा समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों की जीत के दावे करते दिखाई दिए। लेकिन ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो मतगणना के दिन 4 जून को ही पता चल सकेगा। शुक्रवार को बुलंदशहर लोकसभा क्षेत्र के लिए दूसरे चरण का मतदान हुआ। चुनावी मैदान में भाजपा, कांग्रेस बसपा समेत 6 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। रविवार को शिकारपुर के मुख्य बाजार, खुर्जा अड्डा, पहासू स्टैंड जहांगीराबाद चुंगी मैं चचाओं का जोर रहा। कुल मिलाकर मतदान होने के बाद अब सियासी दालों के बीच बहस का दौरा और कागजी गुणा भाग का खेल प्रारंभ हो चुका है, जिसमें किसी भी प्रमुख सियासी दल के समर्थक अपनी हार मानने को तैयार नहीं है। पाटियो से जुड़े समर्थकों के दावे प्रीति दावों से आम वोटर मतदान होने के बाद भी सशय की स्थिति से नहीं उबर पा रहा है।

**मतदान के बाद अब जीत हार को लेकर बहस का दौर चला**

**कागजी गुणा भाग में प्रमुख सियासी दलों के समर्थक हार मानने को तैयार नहीं**




# दिल्ली निवासी युवक व किशोरी नहाते समय गंग नहर में डूबे, किशोरी को बचाया, युवक पानी के तेज बहाव में बह गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर।** गंगनहर में नहाते समय पानी के तेज बहाव में युवक व 16 वर्षीय किशोरी बह गए। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत से किशोरी को किसी तरह बाहर निकाल लिया, जबकि युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। दिल्ली के मयूर विहार फेस थर्ड निवासी सन्नी अपने दोस्त, दीपू, काली, आशीष सखी व 16 वर्षीय किशोरी निशा के साथ छह युवक ई रिक्शा बैठकर नहाने के लिए मुरादनगर गंगनहर पर आए थे। रविवार शाम सवा पांच बजे के आसपास सभी लोग शनि मंदिर घाट के आसपास नहा रहे थे। नहाते समय निशा व सन्नी के पैर फिसल गए। पैर फिसलने से वह नहर में गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। अपने को डूबता देखकर दोनों ने शोर मचा दिया। शोर सून नहर में नहा रहे अन्य युवकों ने दोनों को बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। दो सौ मीटर तक पीछा कर युवकों ने किशोरी को किसी तरह नहर से बाहर निकाल लिया। जबकि युवक सन्नी पानी के तेज बहाव में बह गया। शनि मंदिर के गोताखोर युवक की तलाश में लगे हुए है। हालात गंभीर होने पर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनकी हालात गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि सन्नी के साथ सभी लोग मुरादनगर नहर पर पिकनिक मनाने के लिए आए थे।

# पतंजलि मेगा स्टोर द्वारा निःशुल्क शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** चांदपुर रोड हरी एंक्लेव में क्षितिज फाइनेंस कंपनी पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सभी को डॉक्टर अरोड़ा के द्वारा निशुल्क परामर्श दिया गया जिसके लिए उन्होंने कोई भी फीस नहीं ली साथ ही साथ शुगर टेस्टिंग के लिए आए हुए लोगों को यह सुविधा निशुल्क प्रदान की गई तथा आवश्यकता अनुसार ब्लड प्रेशर चेक करने वाले लोगों को भी यह सुविधा निशुल्क दी गई इसके बारे में डी वी सिंह जी ने विस्तार से बताते हुए कहा कि यह निशुल्क चिकित्सा शिविर जनहित में आयोजित किया गया है जिससे कि लोग इसका लाभ उठाकर अपनी काया को निरोगी रख सके तथा जान सके वह जिस बीमारी से ग्रसित हैं उसमें किन दावों का उपयोग और कितनी मात्रा में करना चाहिए समय-समय पर यह शिविर विभिन्न स्थानों पर लगाते रहते हैं इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन का संचालन डॉ राज पंडित ने किया तथा इसमें लगभग 100 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया जिसमें शुगर टेस्ट,ब्लड प्रेशर चेक तथा अपनी अपनी बीमारियों से संबंधित परामर्श लोगों ने लिया।



# स्वामी परमदेव महाराज के सहयोग से सुंदरकांड का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** कलश होटल काला आम पर स्वामी परमदेव महाराज के सहयोग से सुंदरकांड का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि परम श्रद्धए आचार्य प्रमोद कृष्ण जी श्री कल्कि धाम पीठाधीश्वर और महंत बालाजी दरबार परम देव जी महाराज जी ने पटका पहन पहन'कर और प्रभु श्री राम जी का छायाचित्र देकर आशीर्वाद दिया कार्यक्रम में भारतीय किसान संघ की तरफ से जिला अध्यक्ष महेश चंद लोधी जिला महिला प्रमुख विनती चौधरी एडवोकेट अगोता खंड अध्यक्ष गौरीशंकर लोधी दादरी विधायक तेजपाल नागर सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह डिबाई की पूर्व विधायक अनीता लोधी राजपूत प्रीतम सिंह कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष श्यौपाल सिंह जी करणवीर सिरोही जी सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।



# निस्वार्थ सफाई अभियान को अंजाम देता कर्मचारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** अक्सर देखा जाता है सफाई अभियान के चलते हुए लोग सफाई अभियान आयोजित करते हैं तथा कार्यक्रमों के फोटो फेसबुक व्हाट्सएप अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित भी करते हैं परंतु आज रविवार है और यह काम करता नजर आ रहा एक नगर पालिका सफाई कर्मचारी है रविवार के दिन छुट्टी ही रहती है इसको रविवार के दिन काम करता देख इसे पूछने पर कि आज रविवार के दिन आप काम क्यों कर रहे हैं तो संजय सिंह पुत्र श्री फतेह सिंह निवासी देवीपुरा सफाई कर्मचारी का उत्तर था जब बाकी दिन मेरे कार्य क्षेत्र में गंदगी नहीं रहती तो मैं रविवार को ही गंदगी क्यों रहने दो बेशक आज रविवार है मेरी छुट्टी का दिन है मेरे कार्यक्षेत्र में हमेशा साफ-सफाई रहनी चाहिए क्योंकि संडे के दिन सभी लोग घर पर होते हैं और ज्यादा कूड़ा करकट फैलता है इसलिए आज के दिन भी सफाई करके मैं अपने क्षेत्र को साफ सुथरा रखना चाहता हूं।



**मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ी**

**गर्मी में मिट्टी की सुराही और घड़े की बढ़ी मांग**

# गरीब का फ्रिज,मटके का पानी सेहत के लिए काफी होता है फायदेमंद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शिकारपुर।** धीरे- धीरे गर्मी बढ रही है और बढ़ती गर्मी में मिट्टी के बर्तनों की मांग बढ़ने लगी है। आधुनिक दौर में जहां बाजार में प्लास्टिक के बर्तनों ने जगह ले ली है। तो वहीं दूसरी ओर लोगों को पारंपरिक मिट्टी से बने घड़े और सुराही आदि अब भी खूब रास आते हैं। जिसके चलते आजकल लोग इन पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं । मिट्टी के बने बर्तनों को स्वास्थ्य के लिहाज से भी काफी अच्छा माना जाता है। जो लोगों को कई बीमारियों से भी दूर रखते हैं। बढ़ती गर्मी से परेशान आजकल फ्रिज का पानी पीने से घबरा रहे हैं क्योंकि फ्रिज के पानी से गले में खराब होने की संभावना काफी बढ़ जाती है। इसलिए अब अधिकतर लोगों अपने घरों में पानी को ठंडा रखने के लिए मटके का इस्तेमाल करने लगे हैं। गरीब का फ्रिज मटके का पानी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। पीढियों से लोगों घरों में मिट्टी के घरों में पानी स्टोर कर इस्तेमाल किया जाता रहा है। दर्शन मिट्टी में कई प्रकार के रोगों से लड़ने की क्षमता पाई जाती है।

इन दिनों मिट्टी के बने बर्तनों की मांग बढ़ने से दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। तापमान बढ़ने के साथ ही देसी फ्रीज यानी मिट्टी से बने घड़े और सुराही की बाजार में मांग तेजी से बढ़ गई है । आधुनिक दौर में भी मिट्टी के बने बर्तनों का खास महत्व है। गरीब तबके के लोगों के लिए यह किसी फ्रीज से कम नहीं है। मटके का पानी जहां एक और कई फायदे देता है। वहीं स्वास्थ्य के लिहाज से भी ये काफी लाभकारी माना जाता है। यह वजह है कि आजकल कोतवाली रोड मुफ्ती वाड़ आदि पर सजी मिट्टी के बर्तनों की दुकानों से लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। क्योंकि मिट्टी के बने बर्तन स्वास्थ्य व पर्यावरण के सबसे काफी फायदेमंद माने जाते हैं जिनको उपयोग में लाकर लोग पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे सकते हैं। कुछ ग्राहकों का कहना है कि समय आ चुका है कि हमें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ना होगा। वह प्लास्टिक की जगह प्राकृतिक ढंग से तैयार किए गए मिट्टी और अन्य उत्पादो से बने सामान को रोजमर्रा के काम में उपयोग में लाने से भी पर्यावरण में बढ़ रहे दबाव को कम किया जा सकता है। मई माह में जैसे ही गर्मी बड़ी वैसे ही मिट्टी के बर्तनों की डिमांड भी बढ़ गई है। इस सीजन में मटका 70 से 150 में बिक रहा है। वहीं टंकी लगा मटका 160 से 300 में मिल रहा है। बर्तन विक्रेता महावीर प्रजापति का कहना है कि घड़े के साथ-साथ मिट्टी से बनी बोतल भी काफी बिक रही है जिसकी कीमत 100 से 150 तक है।



**स्वास्थ्य को नहीं करता प्रभावित**

विशेषज्ञों के अनुसार मिट्टी के बर्तनों में पानी रखा जाए तो उसमें मिट्टी के गुण आ जाते हैं इसलिए घड़े में रखा पानी हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी लाभदायक होता है। नियमित रूप से मटके का पानी पीने से हमारी की रक्षा प्रणाली को भी बढ़ावा मिलता है। आयुर्वेद में भी मिट्टी के बर्तनों में पानी रखने और उन्हें भोजन पकाने तक के फायदे बताए गए हैं।

शिरीष का रखा पानी शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन मिट्टी के बर्तन में रखा पानी स्वास्थ्य का प्रभावित नहीं करता यही कारण है कि गर्मियों के दिनों घर मैं फ्रीज होने के बावजूद लोग मिट्टी के बर्तन में रखा पानी पीते हैं क्योंकि गले को तर कर देता है। इतना ही नहीं मिट्टी के घड़े में रखे पानी में सोंधी खुशबू भी रहती है। खासकर गर्मी के मौसम में तो मिट्टी के बर्तन में पानी पीने के कुछ आश्चर्यजनक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।












# सैफी काउंट द्वारा दिल्ली में गोल्डन जुबली सैफी स्थापना दिवस मनाया गया







**अब्दुल सलाम/ इरफान राही**

**नई दिल्ली।** सैफी सरनेम के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली की सैफी समाज की एक अग्रणी संस्था सैफी काउंट द्वारा गोल्डन जुबली सैफी डे का आयोजन किया गया। 50वें सैफी सरनेम स्थापना दिवस के अवसर पर मौलाना मुहम्मद उस्मान फारंकलीत सैफी रत्न पुरस्कार समारोह नई दिल्ली के आईटीओ स्थित एवान गालिब के सभागार में आयोजित किया गया ।

समारोह की शुरूआत में इरफान राही सैदपुरी सैफी ने हम्द बारी प्रस्तुत की और बाद में नात सरवरे कुनन सल्ल से प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सैफी सर नाम के दिवंगत संस्थापक के लिए दुआएं की गईं। इशाक अली सुंदर ने सैफी के कैमल के लक्ष्य और उद्देश्यों को समझाया और बुजुर्गों की कुर्बानियों और जिहाद का जिक्र किया। जमील अहमद ने बिना किसी भेदभाव के प्रतिभागियों का स्वागत किया और भविष्य में भी बुजुर्गों के सहयोग से यात्रा जारी रखने की बात दोहराई।

समारोह की अध्यक्षता जज गुलाम मुस्तफा सैफी साहब ने की तथा मंच संचालन संयुक्त रूप से जमील अहमद व सोहेल सैफी ने किया। गोल्डन जुबली सैफी समारोह के अध्यक्ष महामहिम जज गुलाम मुस्तफा सैफी ने कहा कि शिक्षा नीति 2020 के बिंदुओं को समझने की जरूरत है, उनहोन सुझाव दिया कि आधुनिक शिक्षा के साथ.साथ बच्चों की तरबियत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। विज्ञान और कला का होना ही काफी नहीं है। इस्लामी समाज और उर्दू सभ्यता हमारे जीवन का हिस्सा बन जाएगी, तभी हम हर क्षेत्र में सफल होंगे। यह इसलिए भी जरूरी है ताकि हमारी पहचान बनी रहे। सौफिया एनजीओ के डायरेक्टर व सैफी काउंट के चेयरमैन सोहेल सैफी ने पिछले वर्ष की सभी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। पिछले साल की जकात वसूली और खर्च पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की। भविष्य में सदस्यता प्रक्रिया में तेजी लाने और जरूरतमंदों तक पहुंचने के लिए नए तरीके अपनाने की बात कही। साथ ही बताया कि सैफी काऊंट की इकाई की भविष्य की योजना में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना भी शामिल है, ताकि गरीबों को कम पैसे में बेहतर इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर वरिष्ठ लेखक मुमताज सादिक की नवीनतम कृति भारतीय मुस्लिम समाज, ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सामाजिक विश्लेषण का लोकार्पण किया गया, जिसे रिटायर्ड डिप्टी एसपी हाजी मोहम्मद अख़्तर, लेखक एवं पत्रकार हबीब सैफी, इकबाल सैफी, रईसुद्दीन रईस, सोहेल अहमद, हाजी बन्ने, एडवोकेट निबरास ने भाग लिया। हबीब सफी ने किताब पर अपनी राय जाहिर करते हुए कहा कि मुमताज सादिक साहब की 12वीं पुस्तक में जाहिलियाह से उमय्यद काल तक अरब का भूगोल और उसके मुख्य शहर, हिजाज, मक्का, मदीना, अरब देशों की प्रसिद्ध जनजातियाँ, इस्लाम की सामूहिक जीवन प्रणाली, पवित्र पैगंबर और रशीदुन खलीफाओं का समय शामिल है। साम्राज्य तुर्क शासन, भारत में इस्लाम का आगमन, मुसलमानों का अतीत और वर्तमान और मुस्लिम राष्ट्रों और समुदायों के बारे में बहुत महत्वपूर्ण जानकारी इस पुस्तक में सरल भाषा में दी गई है। गद्य भाषा अत्यंत सहज है और भारतीय भाषा कहलाने योग्य है, पुस्तक पढ़ते समय शब्दकोष की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इसके बाद मौलाना मुहम्मद उस्मान फर्कलीत सैफी रत्न पुरस्कार का वितरण हुआ। सारा सोहेल एवं अर्श सैफी ने भी संयुक्त रूप से अंग्रेजी में संचालन किया, जिसमें अपन-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएँ करने वालों के संदर्भ की जानकारी एवं सम्मानित होने वालों का परिचय प्रस्तुत किया। डॉ0 मुहम्मद इलियास जदीद फाउंडेशन दिल्ली, डॉ0 मुहम्मद वसीम अमरुजा, मुहम्मद जुबैर सहायक प्रोफेसर जामिया मिल्लिया इस्लामिया, इरफान राही सैदपुरी सैफी हिंदी उर्दू लेखक पत्रकार एवं सोशल एक्टिविस्ट, गिनीज बुक अवार्ड विजेता अजीजुर्रहमान अजीज बोतल वाला, मुहम्मद साहिल ब्लैक बेल्ट कोरिया ,मुहम्मद जावेद अहमद हैंडी क्राफ्ट सहारनपुर, जाकिर खान मुहम्मद इरशाद साइबर सिक्योरिटी (एसडीआईओ)

इंटरनेशनल मुहम्मद जुबैर कैलीग्राफी अरबी उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी, मुहम्मद आरिफ पुलखवा इंजीनियर, इजाज सादिक मैकेनिकल इंजीनियर, हबीब खान सफी इंजीनियर और मुहम्मद नासिर बुशरा एम्स हॉस्पिटल न्यू दिल्ली, डॉक्टर आबिद हिंदुस्तानी शामली , मुहम्मद तकी लाइब्रेरियन दिल्ली ने प्रोत्साहित किया। डा0 मुहम्मद इलियास मुहम्मद जुबैर मुहम्मद इरशाद, डा0 मुहम्मद वसीम ने व्यक्त किया। समारोह में सफीज कैमल, सोफिया एनजीओ, जकात कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों ने भाग लिया। प्रमुख प्रतिभागियों में मास्टर अली शेर सैफी, सेवानिवृत्त डीएसपी अख्तर सैफी, हाजी केके नफीस सैफी, बेगम जहांआरा सैफी, आई जे शबनम मेरठ, एडवोकेट जुबैर सैफी, हाजी चांद, रियाज अहमद उत्तम नगर, अब्दुल सलाम, फईमुद्दीन सैफी पानीपत मुहम्मद उमर फारूक, असलम जावेद, हाजी अशरफ मुहम्मद यूनुस, अनीस अहमद सैफी, सानिया, मेहरूद्दीन, जान मुहम्मद सैफी, सलीम सैफी, इकबाल सैफी, सरफराज सैफी, एडवोकेट सलीम, मुहम्मद गफरान, यहया सैफी मेवात, रईसुद्दीन मुहम्मद, असलम के सैफी आगरा, अब्दुस सलाम गुलावठी, अययूब खान द्वारका, मौ0 बिलाल गुलावठी, मौ0 साजिद पिपलेडा, हाजी अब्दुल सत्तार फरीदाबाद,आईजे शबनम सैफी मेरठ, डॉक्टर नवाब अतराडा, हामिद अली बुलंदशहर, आरिफ सैफी बुलंदशहर, डा0 रियाज लोनी, इमरान सैफी, अकरम सैफी, मोबीन सैफी अमरोहा, नेता जी सलामुद्दीन धौलाना,मेहरुद्दीन सेठ, असद खान वजीराबाद शामिल हैं। सरपरस्त मुमताज सादिक ने सभी मेहमानो का आभार जताते हुए समारोह की समप्ती की घोष्णा की।

**मौलाना मुहम्मद उस्मान फार्कलीत सैफी रत्न अवार्ड से अपने.अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाए करने वालों को सम्मानित किया**

**शिक्षा के साथ.साथ नई पीढ़ी की तरबियत पर भी ध्यान दिया जाये: जज गुलाम मुस्तफा सैफी**



















# आईपीएल सट्टेबाजी का खेल जोर शोर से जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था को

- **तीनो जोन में चल रहा आई पी एल क्रिकेट पर सट्टेबाजी का खेलः रविंद्र आर्य**
- **समाजसेवी ने की उच्च अधिकारियों से शिकायत, कब लगेगी लगाम**

मजबूत रखने और अवैध कार्य पर लगाम लगाने के लिए तमाम तरह के कार्य किया जा रहे हैं। वहीं उच्च अधिकारियों को दिशा निर्देश देने का कार्य जारी है। हालांकि प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में जहां शासन प्रशासन से जुड़े उच्च अधिकारी पूरी मेहनत और लगन के साथ लगे हैं। वहीं अवैध रूप से चल रहे अवैध कार्यों पर लगाम लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है। लिहाजा जहां मादक पदार्थ तस्करों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर बेहतर कार्य होता हुआ दिखाई दे रहा है। वही सट्टेबाजी के खेल पर भी लगाम लगाने के लिए उच्च अधिकारियों को आगे आना होगा। जिसके चलते अवैध कार्य पर लगाम लग सके। लिहाजा कुछ समाजसेवी द्वारा उच्च अधिकारियों से शिकायत पत्र देकर अवैध कार्य पर लगाम लगाकर इस सट्टेबाजी पर लगाम लगाने की गुहार भी लगाई गई है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि क्रिकेट आई पी एल के मैच पर सट्टेबाजी का खेल तीनों जोन में दुबके चोरी से चल रहा है। कुछ जगह पर इस खेल के जरिए बुकी अपने काम को बड़े पैमाने पर अंजाम दे रहे हैं। साथ ही एक समाजसेवी के द्वारा एक शिकायती पत्र भी उच्च अधिकारी को दिया गया हैं। जिसमें बाकायदा फोन नंबरों के साथ डिटेल भी दी गई है। बकायदा समाजसेवी द्वारा बुकी की लिस्ट भी दी गई है। जिससे कि क्रिकेट आई पी एल के खेल पर लग रहे सट्टेबाजी पर लगाम लगाई जा सके।



हालांकि समाजसेवी को अपनी जान का भी खतरा बना हुआ है। मगर उसने सामाजिक और अवैध रूप से चल रहे कार्य पर लगाम लगाने के लिए जहां पूर्व में भी उच्च अधिकारियों के समक्ष अपनी बात को रखकर अवैध कार्य पर लगाम लगाने का साहसिक कार्य किया था। वहीं एक बार फिर समाजसेवी द्वारा उच्च अधिकारियों को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है की बुकी द्वारा क्रिकेट आई पीएल मैच पर बड़े पैमाने पर सट्टेबाजी का खेल जारी है। जिसमें कुछ सफेद पॉस भी शामिल है तो कुछ छोटे-मोटे काम की आड़ में सट्टेबाजी का खेल किया जा रहा है। यानी कि सट्टेबाजी के इस खेल में जहां दो से तीन दिन में नंबर बदलकर नए नंबरों से कॉल की जाती है। वहीं पुलिस को चकमा देने के लिए मोबाइल नंबर को भी बदलने का कार्य करते हुए अपने धंधे को तेजी से फैला रहे हैं। यानी की सट्टेबाजी के खेल में जहां कि ऐसे नाम है जो कई चौंकाने वाले भी हैं। हालांकि पुलिस के उच्च अधिकारी अपनी टीम को लगाकर अवैध रूप से कार्य करने वाले सट्टेबाजों पर लगाम लगाने के लिए दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। फिलहाल चल रहे इस क्रिकेट आई पी एल के सट्टेबाजी के खेल में जहां लोगों के घर भी बर्बाद हो रहे हैं। वहीं कुछ मालामाल होते हुए नजर आए हैं। फिलहाल बुकी नंबरों को बदल-बदल कर अपने इस काले धंधे को सफेद करते हुए नजर आ रहे हैं। अब देखना होगा कि समाजसेवी की गई शिकायत के बाद सट्टेबाजों पर कब तक लगाम लगती है। यह भी देखने का विषय होगा। फिलहाल उच्च अधिकारी शिकायती पत्र के बाद बड़ी कार्रवाई करने के मूड में भी दिखाई दे रहे हैं।

## अतुल गर्ग व पूर्व मेयर आशु वर्मा को दिया हनुमान जन्मोत्सव का निमंत्रण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गुलमोहर एन्क्लेव में आगामी 30 अप्रैल को होने वाले हनुमान जन्मोत्सव का निमंत्रण देने के लिए आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी व गौरव बंसल बीजेपी लोकसभा प्रत्याशी अतुल गर्ग व नगर निगम गाजियाबाद के पूर्व मेयर आशु वर्मा के यहां पहुँचे।



रविवार की सुबह मनवीर चौधरी और गौरव बंसल ने अतुल गर्ग को उनके आवास पर पहुंचकर निमंत्रण के साथ साथ जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। इसके बाद पूर्व मेयर आशु वर्मा को भी उनके आवास पर पहुंचकर बालाजी जन्मोत्सव का निमंत्रण दिया ।

## सोसायटी के अंदर युवक की हत्याः सिर में मारी तीन गोलियां, रिटायर फौजी ने जानिए किस बात पर वारदात को दिया अंजाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद में शनिवार की सुबह एक सोसायटी में रिटायर फौजी ने एक 25 वर्षीय युवक के सिर में तीन गोलियां मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद सोसायटी में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गाजियाबाद के क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके की पैरामाउंट सोसायटी में शनिवार सुबह 25 वर्षीय विपुल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप उसी सोसायटी में रहने वाले राजेश कुमार पर है। आरोपी एक रिटायर फौजी है। पुलिस ने राजेश को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि विपुल



की आरोपी राजेश की बेटी से दोस्ती थी। पुलिस का कहना है कि शुक्रवार रात राजेश और विपुल के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी विवाद में राजेश ने गोली मार दी। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।हत्या कर खुद पुलिस को बुलाया आरोपी राजेश ने विपुल के सिर में तीन गोलियां मारीं थी। इसके बाद उसने खुद 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी कि एक युवक उसकी बेटी को परेशान कर रहा है। मैंने उसे मार दिया। राजेश सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान हैं। हाल ही में दिल्ली की एक कंपनी में पीएसओ के पद पर कार्यरत हैं।

पुलिस का बयान इस संबंध में पुलिस का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मृतक के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

## चुनाव खत्म होते ही दबंगई पर उतरा भाजपा का मण्डलाध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुलमोहर एन्क्लेव में डेरी चलाने वाले भाजपा मण्डलाध्यक्ष फिर से दबंगई पर उतारू हो गया है। चुनाव खत्म होते ही भाजपा मण्डलाध्यक्ष ने फिर से सोसायटी के अंदर ही अपने मिलने जुलने वाले लोगों की चौपाल जोड़ दी जिससे वहां

**फिर से सोसायटी के अंदर ही लगाई चौपाल, भाजपा नेता होने के कारण कार्यवाही से बच रहा प्रशासन**

से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं भाजपा नेता होने के कारण प्रशासन भी उस पर कार्यवाही करने से बचता नजर आ रहा है।

बता दें कि गाजियाबाद के गांधीनगर के मण्डलाध्यक्ष मूल रूप से नोएडा के निवासी हैं और पिछले कुछ समय से गुलमोहर एन्क्लेव में ही एक फ्लैट किराए पर दिखा कर अपनी एक वोट भी गुलमोहर एन्क्लेव में बनवा रखी है। जिस फ्लैट को दबंग मण्डलाध्यक्ष ने किराए पर ले रखा है उसका काफी समय से सोसाइटी का मेंटिनेंस चार्ज तक जमा नहीं किया गया है। जहाँ तक बात यही बीजेपी के सभी पदाधिकारियों की करें तो वे सभी जानते हैं कि गांधीनगर मण्डलाध्यक्ष गाजियाबाद का रहने वाला नहीं है लेकिन फिर भी दोबारा मंडल अध्यक्ष गाजियाबाद गांधीनगर बना दिया गया है। आखिर किस की शह पर उसे बार बार इतनी जिम्मेदारी भरा पद दिया जा रहा है इसका जवाब शायद ही किसी के पास हो। चुनाव से पहले भी इसी प्रकार की चौपाल लगाने की शिकायत



पुलिस से की गई थी लेकिन तब दबंग मण्डलाध्यक्ष ने आगे से इस तरह दुकान के बाहर चौपाल न लगाने की बात पर सहमति जताते हुए समझौता कर लिया था। लेकिन चुनाव खत्म होते ही डेरी के बाहर फिर से वहीं जमघट लगाने का सिलसिला चालू हो गया। शिकायतकर्ता भी खुद डेरी संचालक की दबंगई से डरा हुआ है और खुद की जान का खतरा भी जताया है। दबंग मण्डलाध्यक्ष की शिकायत पुलिस से करने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही न होना इस बात को दशार्ता है कि पुलिस और प्रशासन भी सत्ताधारी नेताओं के आगे नतमस्तक है।

## कम मतदान सत्ता के लिए चुनौतीः सिकंदर यादव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** वरिष्ठ समाजसेवी सिकंदर यादव, ने कहा कि दो चरण के मतदान पूरा होने के बाद कयास लगने शुरू हो चुके हैं।, सभी पक्ष अपनी,अपनी बढ़त दिखाने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि दोनों चरणों में मतदान 2019 के मुकाबले 5 फीसदी से 9 फीसदी तक कम हुआ है, खासकर हिंदी भाषी राज्यों में, क्योंकि इन राज्यों में पिछली बार बीजेपी ने विपक्ष का पूरी तरह सफाया कर दिया था, लेकिन इस बार तस्वीर में थोड़ा बदलाव नजर आ रहा है, जहां मोदी जी 400 पर का नारा दे रहे थे, वहीं कम मतदान से सत्ता पक्ष का विश्वास डगमगाता दिख रहा है।, हालांकि इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं है। कि कम मतदान से सरकारें बदल जाती हैं।, कई बार ज्यादा मतदान से परिवर्तन होता है। परंतु कम मतदान भी सत्ता को नुकसान पहुंचता है।, यदि उसका बोटर शिथिल हो जाए तो, उत्तर प्रदेश की बात करें तो दोनों चरणों में मतदान कम रहा 2019 के मुकाबले, इसे इस प्रकार से समझ सकते हैं। कि बीजेपी का अधिकतर बोटर शहरों में निवास करता है। और इस



**पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो मेरठ, मुजफ्फरनगर, कैराना, सहारनपुर, बागपत, बिजनौर में भी मुकाबला कड़ा माना जा रहा है**

बार के मतदान से एक चीज समझ में आ रही है। कि ग्रामीण क्षेत्र या मुस्लिम क्षेत्रों में मत प्रतिशत ज्यादा काम नहीं हुआ, वरन वो लगभग पुराने पैर्टन पर ही जारी है।, परंतु शहरी क्षेत्र में ज्यादा गिरावट है जिससे भाजपा के लिए चुनौती बन गई है। क्योंकि चुनाव आयोग व सरकार की तरफ से भरसक कोशिश हुई कि मतदान ज्यादा से ज्यादा हो, परंतु दो चरणों में ऐसा नहीं हो रहा, जहां तक लोगों की बात है। तो आज रोजगार व महंगाई मंदिर से बड़े मुद्दे बनाकर उभरे हैं। जिससे लोगों में सत्ता की तरफ उदासीनता का भाव दिखाई देता है।, ऐसी सीटें जिन्हें भाजपा ने पिछली बार बड़े अंतर से जीता था उस पर भी कांटे की टक्कर नजर आ रही है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री के भाषण भी अब विकास की जगह धर्म पर आ गये हैं। क्योंकि भाजपा का आखरी अस्त्र धर्म ही है,। परंतु ऐसा लग रहा है। कि लोग बदलाव चाह रहे हैं।, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो मेरठ, मुजफ्फरनगर, कैराना, सहारनपुर, बागपत, बिजनौर में भी मुकाबला कड़ा माना जा रहा है।, जिससे सत्ता पक्ष की चुनौती बढ़ गयी है। ऐसा न हो कि कम मतदान भाजपा या एनडीए को नुकसान दे जाये।

## आंखों के सामने ली आखरी सांस पति के सामने पत्नी की मौत : तड़प-तड़प कर तोड़ा दम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। शहर के कौशांबी थाना क्षेत्र में होटल रेडिसन ब्लू के पास तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटर सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला स्कूटर से उछलकर ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। घटना में महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पति के सामने पत्नी ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। घटना के बाद आरोपी चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर भाग निकला। गाजियाबाद के वैशाली में डॉक्टर धर्मवीर परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी पत्नी कुसुम के साथ स्कूटर पर क्लीनिक से लौट रहे थे। होटल रेडिसन ब्लू के सामने एक तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए स्कूटर में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े। घटना में ट्रक के पहिये के नीचे दबकर महिला की तड़प-तड़प कर मौत हो गई। घटना में कुसुम को कुचलने के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। कुछ लोग उसके पीछे दौड़े तो वह ट्रक छोड़कर भाग गया। दोनों को पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने कुसुम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस का बयान एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा !!

## स्वर्णजन्यतीपुरम में ओजस दि होम्योपैथिक हिलिंग क्लीनिक द्वारा ब्लड डोनेशन एंव मैडिकल हैल्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** स्वर्णजन्यतीपुरम में ओजस दि होम्योपैथिक हिलिंग क्लीनिक द्वारा फ्री दवाई भी दी गई , यहां पर अक्सर इस तरह के चिकित्सा शिविर लगाये जाते रहते हैं और काफी लोगो को फायदा मिलता है, इस आज के चिकित्सा शिविर का उद्घाटन युग परिवर्तन सेवा समिति के चेयरमैन सुनिल त्यागी ने शिविर का फीता काटकर शिविर की शुरूआत की, इसमें ब्लड डोनेट करने वालों में पुरुषार्थ सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गोयल, आलोक गोयल, वन्दना लखनपाल , संस्थापक डी सी बंसल , वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनिल बंसल अलोक त्यागी आदि काफी लोग उपस्थित रहे , ब्लड डोनेशन करने वाले सभी देवतुल्य





ब्लड डोनेशन एंव मैडिकल हैल्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जो कि पूर्ण रूप से फ्री था इसमें फ्री कन्शलटेशन के बाद एक सप्ताह की परिवर्तन सेवा समिति के चेयरमैन सुनिल त्यागी और पुरुषार्थ सेवा समिति के संस्थापक डी सी बंसल के द्वारा किया गया , और मुख्य अथिति के रूप में युग गोयल और सुनिल बंसल के अलावा कई लोगों ने बढ चढ कर भाग लिया , पुरुषार्थ सेवा समिति की तरफ से संगठन मन्त्री छोटे लाल कनोजिया निकुंज बन्धुओं को सर्टिफिकेट और मोमेन्टों देकर सम्मानित किया गया, छोटे लाल कनोजिया ( संगठन मन्त्री एंव मीडिया प्रभारी पुरुषार्थ सेवा समिति )।

## अग्रसेन सेवक संघ भारत (रजि) के अग्रसेवकों ने किया आईपीएस मेघा अग्रवाल का सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** अग्रसेन सेवक संघ ने



की एक अनोखी पहल भारत के अग्रसेन सेवको ने मिसाल की कायम जहां एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की योजना को सफल बनाने में लगे हुए हैं। वहीं अग्रसेंन सेवकों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल को समर्थन देते हुए आईपीएस मेघा अग्रवाल को सम्मानित किया कहा कि हमारे देश की धरोहर हमारी बेटियां हैं। और ऐसी बेटियों पर हमें गर्व है। आज हम अपनी बेटियों की वजह से हमारे देश मान सम्मान मेघा जैसी बेटियों से है। आईपीएस मेघा अग्रवाल के घर,जाकर पाटका पहना कर तथा मोमेंटो देकर उनका तथा उनके पूरे परिवार का सम्मान किया तथा उनको शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी। आईपीएस मेघा अग्रवाल की यूपीएससी में 206 रैंक आई है।इस मौके पर सतीश बिंदल, बीके गुप्ता , एस एल अग्रवाल , कुलदीप गर्ग , दिनेश कुमार जिंदल , राजीव अग्रवाल , संजीव अग्रवाल, सचिन गर्ग, तरुण गुप्ता , पीके अग्रवाल , अजय अग्रवाल आदि अग्रसेवक मौजूद रहे ।

## शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने पर प्रशासन का जताया आभार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव में गुलमोहर एन्क्लेव में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न कराने पर गुलमोहर एनक्लेव आरडब्लूए ने प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी ने सेक्टर मजिस्ट्रेट सर्वेश कुमार, जोनल मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार व नासिरपुर पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह व उनकी टीम सहित तमाम प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों ने बेहद सतर्कता के साथ अपनी ड्यूटी को निभाया और गुलमोहर में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया है। बूथों पर सुरक्षित माहौल बनाने में प्रशासन सफल रहा जिसके लिए अब हम सब उनके आभारी हैं।

**गोष्ठी संपन्न**

**जिज्ञासा नहीं तो शोध नहीं होगा : अनिता रेलन**

# "ज्ञान नहीं तो जिज्ञासा कहां" विषय पर गोष्ठी संपन्न

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में "ज्ञान नहीं तो जिज्ञासा कहाँ " विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया।यह कोरोना काल से 637 वां वेबिनार था।

मुख्य वक्ता अनिता रेलन ने ज्ञान का तात्पर्य बताते हुए अध्ययन जांच अवलोकन या अनुभव द्वारा अर्जित तथ्यों के प्रति जागरूकता बताया।ज्ञान मस्तिष्क को अधिक सुचारू रूप से और प्रभावी ढंग से कार्य करने में मदद करता है। ज्ञान की शक्ति से हम अपने शरीर की इंद्रियों पर जीत प्राप्त कर सकते हैं ज्ञान से हमारे मन और बुद्धि का भटकना बंद हो जाता है।ज्ञान एक बोझ है यदि वह तुम्हारा भोलापन ले ले ज्ञान एक बोझ है यदि वह तुम्हें विशेष होने का एहसास कराए ज्ञान एक बोझ है यदि वह जीवन में प्रसन्नता ना लाए,जीवन में संकलन ना लाए।ज्ञान एक बोझ है यदि वह तुम्हें मुक्त न करें यकीनन इससे परे ज्ञान मन को शुद्ध करता है ज्ञान की उत्पत्ति जिज्ञासा से होती है जैसा कि विषय बताता है ज्ञान नहीं तो जिज्ञासा कहाँ जिज्ञासा नहीं तो नई नई शोध कहाँ।जिज्ञासा ज्ञान का आधार है गांधी जी कहा करते थे जिज्ञासा के बिना ज्ञान नहीं होता जैसे दुख के बिना सुख नहीं होता तो उन्होंने महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य जी के कई दृष्टांत के साथ अपनी बात कही उन्होंने आगे चलकर यह भी बताया कर्म से रहित ज्ञान पंगु के समान होता है उससे ना तो कोई वस्तु प्राप्त की जा सकती है ना ही कोई कार्य सिद्ध होता है जो मन वाणी और कर्म से अपने कर्तव्य कर्म को करता है अर्थात ज्ञान युक्त कर्म के द्वारा ही इसकी सिद्धि होती है हितोपदेश का एक छोटा सा वाक्य बताते हुए कहा ज्ञानम भारम क्रिया। आचरण के बिना ज्ञान केवल भार होता है

जीवन में ज्ञान अत्यंत आवश्यक है।पर सत्य का पता लगाने के लिए कोरा ज्ञान पर्याप्त नहीं होता हालांकि ज्ञान विचारों को



प्रोत्साहित करता है और उसकी अनुभूति होना मनुष्य को चिंतन कि उन गहराइयों में ले जाती है जिसमें जीवन का सार तत्व छिपा है।"उठ जाग मुसाफिर भोर भाई अब रैन कहां जो सोवत है"उन्होंने दृष्टांत देते हुए अपनी बात को रखा और इस बात पर बल दिया कि ज्ञान नहीं तो जिज्ञासा कहां से आएगी अगर हम कुछ सोचने समझने की शक्ति नहीं रखेंगे तो किसी के प्रति जिज्ञासा इच्छा उसके प्रति अनुभूति पैदा ही नहीं हो पाएगी यह सच है।

समस्त इंद्रियों को भली प्रकार समाहित करते हुए पापों से अपनी आत्माओं की निरंतर रक्षा करते रहना चाहिए पापों से आरक्षित आत्मा संसार में भटका करती है और सुरक्षित आत्मा संसार के सारे दुखों से मुक्त हो जाती है पापों से आत्मा की रक्षा करने का अत्यंत शक्तिशाली उपाय है अपनी अनुभूतियों को जागृत करना और जागृत किये रखना ही है।जरासी असावधानी होने पर अनर्थ हो जाता है और व्यक्ति ऊंचाइयों के उन तूफानों पर नहीं चढ़ पाता जिस पर मनुष्य और मनुष्यता के नाते उसे चढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेत्री अनिता छाबड़ा व अध्यक्ष रेणु त्यागी ने अपने विचार व्यक्त किए।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन किया।राष्ट्रीय मंत्री प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गायिका कुसुम भंडारी, कृष्णा गांधी, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, कमला हंस, नीलाम अरोड़ा, संतोष सचान, उषा सूद के मधुर भजन हुए।

## युवाओं को उपलब्ध कराए रोजगारः अंशिका चौधरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी निवासी अंशिका चौधरी ने 26 अप्रैल को पहली बार लोकसभा चुनावों में अपना मतदान किया। अंशिका चेन्नई में पढ़ाई कर रही हैं और वोट देने के लिए विशेष रूप से गाजियाबाद आई थीं। इस अवसर पर उत्साह से भरी अंशिका ने बताया कि बेरोजगारों को रोजगार मिलने से देश की भी तरक्की होती है। उन्होंने ऐसी सरकार चुनने के लिए मतदान किया है जो देश में ऐसे संसाधन उपलब्ध करवाये जिससे युवाओं के लिए रोजगार उत्पन्न हों और देश की जनता का भी भला हो सके।

**सूचना**

एन.सी.आर.कालेज ऑफ लॉ बम्बावड,दादरी (गौतमबुद्ध नगर) की प्रबंध समिति का चुनाव कार्यक्रमः-

| | |
|---|---|
| आम सभा की सूची का प्रकाशन... | 29/04/2024 |
| सूची पर आपत्ति स्वीकार..... | 30/04/2024 |
| आपत्तियों का निस्तारण ..... | 01/05/2024 |
| नामांकन ....... | 02/05/2024 |
| नाम वापसी ............... | 03/05/2024 |
| चुनाव.......................... | 05/05/2024 |

**चुनाव अधिकारी**
**संदीप द्विवेदी**
**एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट**
**नई दिल्ली।**

# एचपीडीए का नहीं रहा खौफ...प्राधिकरण क्षेत्र में जनता बेखौफ होकर मानक के विपरीत निर्माण कराने में मस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में जनमानस द्वारा प्राधिकरण के मानकों के विपरीत दिन रात आवासीय,कार्मिशियल निर्माण के साथ बेसमेंटों का निर्माण बेखौफ होकर कराया जा रहा है। जिससे योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। जो बेसमेंट बनकर तैयार हुए है,उनका प्रयोग पार्किंग के स्थान पर अन्य कार्यों में किया जा रहा है। इसके बावजूद भी प्राधिकरण द्वारा कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

आपको बता दें,जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण





क्षेत्र में निर्माण कार्य करने व प्लाटिंग करने के पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य होता है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी हापुड़ सिटी क्षेत्र में जनमानस द्वारा प्राधिकरण के मानकों के विपरीत दुकानों का निर्माण,कार्मिशियल बिल्डिग व मैरिज होम का निर्माण कराने के साथ-साथ बेसमेंटों का निर्माण बेखौफ होकर कराया जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो शहरी क्षेत्र में आवासीय व कार्मिशियल बिल्डिग में बेसमेंट का स्थानीय निवासियों द्वारा हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से आशीर्वाद लेकर निर्माण कराया जा रहा है। बेसमेंट निर्माण के लिए जिला प्रशासन व खनन विभाग से अनुमति ली जाती है।

हापुड़ सिटी क्षेत्र में गढ़ दिल्ली रोड,फ्री गंज रोड व मेरठ रोड,किठौर रोड,रेलवे रोड,मोदीनगर रोड,स्वर्ग आश्रम रोड,बुलन्दशहर रोड में अस्पताल,मौरिज होम,काम्पलेक्स व बिल्डिगों में मानकों को तांक पर रखकर बेसमेंटों का निर्माण बेखौफ होकर दिन रात धड़ल्ले से कराया जा रहा है। कुछ बिल्डिंगों में निर्माण कराये जाने जानकारी होने के बावजूद भी प्राधिकरण अधिकारियों द्वारा मानकों के विपरीत निर्माणधीन बेसमेंट को रोकने के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है।

**बिल्डिंग में बेसमेंट का निर्माण कराने के लिए नियम**

प्राधिकरण अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बेसमेंट निर्माण कराने के लिए बिल्डिग के चारों ओर 2-2 मीटर का एरिया खाली छोडना अनिवार्य है। गहराई चार मीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। बेसमेंट के तीनों ओर के भवन स्वामियों से अनुमति लेनी अनिवार्य होती है। इसके अलावा खनन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। इसके अलावा अन्य सम्बंधित विभागों से भी एनओसी लेनी होती है। अन्यथा की स्थिति में बेसमेंट अवैध माना जायेगा।

**बेसमेंट का प्रयोग अन्य कार्यों में**

शासनादेश के अनुसार बेसमेंट का प्रयोग केवल पार्किंग में किया जा सकता है। जिन स्थानों पर प्राधिकरण के आशीर्वाद से बेसमेंट का निर्माण हुआ है। उनका प्रयोग सैलून, स्कूल, शोरूम,कोचिंग सेंटर,वर्कशाप, अस्पताल व कार्मिशियल कार्यों में भी प्रयोग किया जा रहा है। इसके बावजूद भी प्राधिकरण अधिकारी आंखें मूदें बैठे है।

**अवैध कालोनियों की भरमार**

प्राधिकरण क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा प्राधिकरण के अधिकारियों से आशीर्वाद लेकर अवैध कालोनियां मोदीनगर रोड,किठौर रोड,चितौली रोड़,बलन्दशहर रोड,स्वर्ग आश्रम रोड,मेरठ रोड,जरौठी रोड,एलएन पब्लिक स्कूल के निकट के अलावा देहात क्षेत्र में दिन रात अवैध कालोनी काटी जा रही है। जिससे प्राधिकरण को करोड़ों के राजस्व की हानि हो रही है।

**एचपीडीए की कालोनी होने लगी प्रभावित**

शहर के आस-पास अवैध कालोनियां विकसित होने से प्राधिकरण की आनंद विहार,प्रीत विहार प्रथम व द्वितीय प्रभावित

- हापुड़ सिटी क्षेत्र में मैरिज होम,दुकान व बेसमेंटों का निर्माण जारी
- बेसमेंट का प्रयोग पार्किंग के स्थान पर स्कूल,शोरूम,सैलून,कोचिंग सेन्टर में होने लगा
- बेसमेन्ट निर्माण के लिए चारों ओर दो-दो मीटर का एरिया छोडना अनिवार्य
- प्राधिकरण की कार्यवाही से बचने को रात्रि में डाले जाने लगे लेंटर
- आदर्श आचार संहिता से जनता ने उठाया भरपूर लाभ
- योगी सरकार को हो रही है,प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि
- एचपीडीए के कालोनाइजर के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया है

हो रही है। क्योंकि जनमानस प्राधिकरण की कालोनियों में भूखंड क्रय नहीं करते हुए अवैध कालोनियों में प्लाट खरीद रहे है। जनपद की बात करें,तो सौ से अधिक अवैध कालोनियां विकसित हो चुकी है।

**मकानों को तोड़कर बनायी जाने लगी दुकानें**

शहर में सबसे संकरा खाई बाजार में मकानों को तोड़कर दुकानों का निर्माण कराया गया है। पिछले दो वर्षों में करीब 50 दुकानों का अवैध निर्माण कराया गया है। कई भवनों को तोड़कर कई मंजिलों का अवैध निर्माण होने से प्राधिकरण को लाखों के राजस्व की हानि भी हुई है। प्राधिकरण अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद यहां कोई कार्यवाही नहीं की गयी है।

**कार्यवाही से बचाव को रात्रि में डाले जाते है,लेंटर**

सिटी क्षेत्र में मानक के विपरीत जनमानस द्वारा छोटे बड़े निर्माण कराये जा रहे है। प्राधिकरण की कार्यवाही से बचने लिए रात्रि में लेंटर डाले जाने लगे है। निर्माण होने के साथ-साथ पेंट व पुताई का कार्य कराया जाने लगा है।

**आदर्श आचार संहिता का उठाया लाभ**

लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। चुनाव संपन्न कराने के लिए एचपीडीए के अधिकारियों की डयूटी भी लगाई गयी थी। जिसका जनता का भरपूर लाभ उठाया और मानव के विपरीत दिन रात निर्माण कार्य कराकर उस पर पुताई और पेंट भी करा दिया,जिससे निर्माण कार्य पुराना लगे,और कार्यवाही से बचा जा सके।



**सचिव कहिन**

इस सम्बंध में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के सचिव प्रदीप कुमार सिंह का कहना है,कि प्राधिकरण के अधिकारियों की डयूटी लोकसभा चुनाव में लगी थी। अब अभियान चलाकर नियमों के विपरीत निर्माण,अवैध निर्माण व प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

















# लोकसभा चुनाव-2024 : आदर्श व पिंक बूथ पर सेल्फी लेने का रहा क्रेज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव में जनपद की तीनों विधान सभा में छह आदर्श मतदान केन्द्र व तीन पिंक बूथ व सेल्फी प्वाइंट बनाये गये। जहां मतदान के बाद मतदाताओं में सेल्फी लेने का

**देश में लोकतंत्र का मजबूत करने के लिए किया मताधिकार का प्रयोग**

क्रेज रहा। आपको बता दें,कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए 26 अप्रैल लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद की तीनों विधान सभा हापुड़ सदर,गढ़मुक्तेश्वर व धौलाना में छह आदर्श व तीन पिंक बूथ बनवाने के साथ वहां सेल्फी प्वाइंट भी बनवाये गये। जिससे वोटर मतदान के प्रति आकर्षित हो सके। गत 26 अप्रैल की सुबह लोगों ने आदर्श व पिंक बूथ पर पहुंचकर मतदान केन्द्र के बाद सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेते नजर आये। सेल्फी लेने के बाद मतदाताओं ने कहा कि लोकतंत्र के सम्मान व देश में मजबूत सरकार बने इसलिए उन्होंने अपने मत का प्रयोग किया है। मतदान केन्द्र के बाद मतदाताओं ने वोटरों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की थी।




# नवीन मंडी में स्ट्रांगरूम पर सुरक्षा बलों का कड़ा पहरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का चुनाव संपन्न होने पर ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा में नवीन मंडी स्थल

- स्ट्रांग रूम में 1181 ईवीएम मशीनें रखी गयी है
- सपा कार्यकर्ता ईवीएम की दिन रात कर रहे निगरानी

स्थित स्ट्रांग रूम में रखी गयी है। स्ट्रांग रूम के बाहर सुरक्षा बल द्वारा कड़ी पहरा दिया जा रहा है। वहीं सपा कार्यकताओं द्वारा भी दिन रात ईवीएम की निगरानी की जा रही है। आपको बता दें,कि गत 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद गढ़ रोड स्थित नवीन मंडी स्थल पर बने स्ट्रांग रूम में तीनों विधान सभा की 1181 ईवीएम मशीनें कड़ी सुरक्षा में तीन स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखी गयी है। ईवीएम मशीनें रखने के बाद स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। जहां सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। एएसपी राजकुमार अग्रवाल ने बताया कि स्ट्रांग रूम के बाहर केन्द्रीय सुरक्षा बल,दूसरे राज्य की पुलिस व जिला स्तरीय पुलिस द्वारा तीन घेरों में कड़ा पहरा दिया जा रहा है।

वहीं दूसरी ओर सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी नवीन मंडी स्थल पर दिन रात मौजूद रहकर ईवीएम की निगरानी कर रहे है। निगरानी करने वालों में सपा के प्रदेश सचिव ललित सिंह एड.सपा मजदूर सभा के राष्ट्वीय सचिव पुरुषोत्तम वर्मा एड.नीरज कुमार, गौरव गोयल, जोगेन्द्र दास, राजकुमार, वसीम अब्बासी, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



जन्मोत्सव

## पं.गुरुदत्त विद्यार्थी महर्षि दयानन्द के प्रथम संदेश वाहक रहे-राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

# 160 वां पं.गुरुदत्त विद्यार्थी जन्मोत्सव धूमधाम से सम्पन्न, गुरु शिष्य बन गया शिष्य गुरुः माया प्रकाश त्यागी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् उत्तर प्रदेश एवं आर्य समाज हापुड़ के संयुक्त तत्वावधान में वेद प्रचारक, महान मनीषी,महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनन्य भक्त पं. गुरुदत्त विद्यार्थी का

**भारत को बचाने के लिए प्रत्येक आर्य समाज में गुरुकुल खोलने होंगेः आचार्य वाचस्पति**

160 वाँ जन्मोत्सव आर्य समाज हापुड़ में धूमधाम से सम्पन्न हुआ।धमार्चार्य आचार्य धर्मेन्द्र शास्त्री के ब्रह्मत्व में यज्ञ संपन्न हुआ।मुख्य यज्ञमान श्रीमती आशा एवं श्री सत्यपाल आर्य,रेखा गोयल एवं मदन गोयल रहे।

आर्य समाज के प्रधान पवन कुमार आर्य ने ध्वजारोहण कर पं. गुरुदत्त विद्यार्थी जन्मोत्सव समारोह का उद्घाटन किया।भजनोपदेशक ओमपाल शास्त्री, एवं मास्टर विजेन्द्र आर्य द्वारा प्रस्तुत दयानन्द महिमा एवं ईश भक्ति के गीतों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी एक युवा दार्शनिक विद्वान थे जिन्होंने छबीस वर्ष की अल्पायु में ही अनेक भाषाओं व विषयों का समयक ज्ञान प्राप्त कर लिया था, उसे देख कर बड़े-बड़े विद्वान चकित रह जाते थे।पंडित जी गूढ़ से गूढ़ प्रश्न का उत्तर सरलता से देते थे।दार्शनिक गुत्थी उनके समक्ष गुत्थी ही न रहती।इस नवयुवक के एक वर्ष के कार्य एवं उपलब्धियाँ महापुरुषों में उच्च स्थान दिलवाने के लिए पर्याप्त हैं, आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के बाद प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने उनकी विचार धारा को आगे प्रचारित व प्रसारित किया।आज के युवाओं को उनका अनुसरण करना चाहिए। मुख्य अतिथि आर्य नेता माया प्रकाश त्यागी ने कहा कि अद्भुत प्रतिभा के धनी पं.गुरुदत्त विद्यार्थी ने स्वामी अच्युता नंद गुरु को भी शिष्य बना लिया था,शिष्य-वैदिक संस्कृति की



रक्षा के लिए पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी जी ने आर्यसमाज में विद्वानों की जरूरत समझी।अतः गुरुदत्त विद्यार्थी जी ने स्वामी अच्युतानन्द को (जो नवीन वेदांती थे) आर्यसमाजी (आर्य सन्यासी) बनाने के लिए ठान लिया।इसके लिए गुरुदत्त जी उनके शिष्य बनकर उनके पास जाया करते थे।फिर क्या हुआ समय बदला गुरु शिष्य बन गया और शिष्य गुरु।स्वामी अच्युता नन्द कहा करते थे, पण्डित गुरुदत्त विद्यार्थी का सच्चा प्रेम,अथाह योग्यता और गुण हमें आर्यसमाज में खींच लाया। मुख्य वक्ता आचार्य वाचस्पति (अध्यक्ष उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान,लखनऊ) ने नमस्कार मंत्र बोलकर कहा कि ऋषि दयानन्द ने जो पद्धति शिक्षा विषय पर बताई थी कि जब तक गुरुकुल नहीं खोलोगे तुम्हारा उद्धार नहीं होगा।संसार की सब भाषाएं संस्कृत का अपभ्रंश हैं।शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाकर संस्कृत और वेदों को पढ़ाओ,वेदों में विज्ञान है।भारत को बचाने के लिए प्रत्येक आर्य समाज में गुरुकुल खोलो, वेद और आर्ष ग्रंथों का पठन पाठन शुरू करो तभी गुरुदत्त विद्यार्थी का जन्मोत्सव मनाना सार्थक होगा।

आर्य युवा नेता देवेन्द्र आर्य 'आर्यबंधु' विशिष्ठ अतिथि ने कहा कि ऐसे मनीषियों के कारण ही आर्य समाज का प्रचार प्रसार हुआ है। स्वागताध्यक्ष डा विकास अग्रवाल (क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश) ने कहा कि गुरुदत्त विद्यार्थी का संस्कृत से अद्वितीय लगाव ही युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर सर्वश्री महेन्द्र भाई,प्रवीण आर्य आदि ने भी अपने विचार रखे एवं मुख्य रूप से सर्वश्री अशोक कुमार आर्य, सुभाष चन्द आर्य,नरेन्द्र कुमार आर्य, बिजेंद्र कुमार गर्ग,सुरेंद्र कुमार गुप्ता,चमन सिंह शिशोदिया,सुरेश सिंघल,श्रीमती मृदुल अग्रवाल, सुषमा गुगलानी आदि उपस्थिति रहे।

समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने की व मंच का कुशल संचालन केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद प्रकाश आर्य ने किया।समाज के मंत्री संदीप आर्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**प्रवीण आर्य प्रान्तीय अध्यक्ष मनोनीत**

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रवीण आर्य प्रांतीय अध्यक्ष, अनुपम आर्य प्रांतीय महामंत्री, और डा प्रमोद सक्सैना को प्रांतीय कोषाध्यक्ष मनोनित किया। जिला अध्यक्ष यज्ञवीर चौहान, मंत्री सुरेश आर्य,अमित शर्मा, संदीप आर्य,सौरभ गुप्ता, श्रीमती वीना आर्य,प्रतीभा भूषण,राकेश गुप्ता आदि ने समारोह को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया। शांतिपाठ एवं ऋषि लंगर के साथ समारोह संपन्न हुआ।

## सम्पादकीय

# रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी धाक



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत ने फिलीपींस को दे दी। दोनों देशों के बीच 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर में समझौता 2022 में हुआ था। भारतीय वायु सेना के अमेरिकी मूल के सी-17 के ग्लोब मास्टर ट्रांसपोर्ट एअरक्राफ्ट से फिलीपींस मरीन क्राप्स को ये हथियार सौंपे। यह ऑर्डर 290 किलोमीटर की रेंज वाली एंटी शिप क्रूज मिसाइल के तट आधारित संस्करण के लिए है। ब्रह्मोस सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल भारत-रूस का संयुक्त उद्यम है। भारत डीआरडीओ और रूस के एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया इसके प्रमुख साझेदार हैं। ब्रह्मोस की धाक पूरी दुनिया में है तथा यह पहला अंतरराष्ट्रीय ऑडर है। अंदाजा है कि फिलीपींस इसे अपने तटीय इलाकों में तैनात करेगा। इस मिसाइल पण्राली में लॉन्चर, वाहन, लोडर, कमांड और नियंत्रण केंद्र आदि शामिल हैं। भारत के पास लंबी दूरी की कई अन्य मिसाइलें भी हैं। मगर फिलीपींस को दी गई मिसाइलें मूल रूप से छोटी बताई जा रही हैं, जो बिल्कुल नई हैं तथा उस खेप का हिस्सा नहीं हैं, जो भारतीय सशस्त्र बल के पास हैं। यह प्रसिद्ध हथियार ऐसे वक्त सौंपा जा रहा है, जब दक्षिण चीन सागर में लगातार झड़पें चालू हैं जिससे दोनों मुल्कों के दरम्यान लगातार तनाव बढ़ रहा है। चूंकि ये मिसाइलें दस सेकेंड के भीतर दुश्मन को निशाना बना सकती हैं, इसलिए कहा जा रहा है कि फिलीपींस समुद्र में अपनी ताकत बढ़ा कर चीन से आमने-सामने झड़प के लिए अपनी सेना को तैयार कर रहा है।

हमारे विशेषज्ञ फिलीपींस की सेना को इसकी विशेष ट्रेंनिंग भी देंगे जो इस ऑर्डर में लिखित है। इससे न सिर्फ रक्षा क्षेत्र में हमारी धाक बढ़ेगी, बल्कि हमारी सेना का मनोबल भी ऊंचा हो सकेगा।

अपनी इन क्षमताओं के बूते साउथ ईस्ट एशिया में भारत प्रमुख शस्त्र निर्यातक बनने की तैयारी भी कर सकता है, जो वैंकि तौर पर भारत की बदलती छवि को लेकर बेहतरीन भूमिका निभाने वाला साबित हो सकता है। निःसंदेह अपने यहां प्रतिभाओं की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में अपने यहां विशेषज्ञों की धाक जमी हुई है। यदि उन्हें बेहतर मौके मिलते हैं, तो वे देश का नाम रोशन करने के साथ ही चौतरफा अनुभव बटोर सकेंगे और उत्साहजनक ढंग से प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्रों में अव्वल आने के मौके नहीं चूकने का बेहतरीन प्रयास करेंगे।

## आज का विचार




# विचार-मंथन: नशे और पैसे से प्रभावित होते चुनावी नतीजे'

भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद पहले आम चुनाव से लेकर अध्यतन चुनाव में पैसे तथा नशे की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रही है' वैश्विक स्तर पर भी भी इस महत्वपूर्ण कारक का प्रभाव रहा है। आम चुनाव में लोकसभा,विधानसभा के चुनाव से लेकर स्थानीय चुनाव तक सक्षम चुनाव के उम्मीदवार पैसे और नशे की खेप से मतदाता के बड़े गरीब तपके के मतदाताओं को प्रभावित करते आए हैं। मतदान के ठीक 1 दिन पहले रात्रि में मजदूरों की झुग्गी झोपड़ीयों में बकरा तथा शराब की पार्टियों तथा रूपयों के साथ अन्य आवश्यक सामग्रियों के वितरण द्वारा मतदाता को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। शराब तथा पैसों की लगातार आपूर्ति और वितरण मतदाताओं को प्रभावित करने का मापदंड बनता चला आया है। शराब एवं अन्य नशा देश के नौजवानों को मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से कमजोर करता रहा है तथा चुनाव के समय इस पर प्रभावी नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है इस पर एक राष्ट्रीय कानून तथा संविधान बनाने की बड़ी और प्रभावी आवश्यकता है। आईए एक विश्लेषण में देखते हैं कि नशा किस तरह देश के आर्थिक तथा मानसिक विकास को क्षति पहुंचाता आया है।

देश मे हर तरह के एक सूखे और अन्य नशे से न सिर्फ शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संरचना कमजोर होती है, बल्कि परिवार, समाज और देश के आर्थिक तंत्र पर बड़ी चोट लगती है' वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि विश्व का हर चौथा युवा नशे की गिरफ्त में है और उसकी सांसे नशे के नियंत्रण में ही हैं। भारत युवा शक्ति का देश है और भारत को नशे की गिरफ्त से बचाकर एक ऊर्जावान युवा शक्ति का बड़ा केंद्र बनाना ही हमारी सार्थकता होगी। विश्वव्यापी नशे की व्यापकता को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने 7 दिसंबर 1987 को एक प्रस्ताव पारित कर हर वर्ष 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा व मादक पदार्थ निषेध दिवस मनाने का निर्णय लिया था। ये एक तरफ लोगों को नशे के प्रति चेतना फैलाता है।वहीं दूसरी तरफ नशे की गिरफ्त में आए लोगों के उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाता है।

मादक पदार्थों की नशे की लत आज के युवाओं में तेजी से फैल रही है। कई बार फैशन की खातिर दोस्तों के कहने पर लिए गए यह मादक पदार्थ अक्सर युवाओं के लिए जानलेवा साबित होते हैं। युवा तो युवा बच्चे भी फेविकोल,तरल इरेजर, पेट्रोल की गंध और स्वाद के प्रति आकर्षित होते हैं, और कई बार कम उम्र के बच्चे आयोडेक्स, वोलीनी जैसी दवाओं को सूघकर नशे का आनंद लेते हैं। कुछ मामलों में आयोडेक्स को ब्रेड में लगाकर खाने का नशा भी बच्चों में देखा गया है। और मजाक मजाक में जिज्ञासा बस कोरेक्स, कोडन, अल्प्राजोलम, कैनेबिस जैसी दवाओं को पीकर नशे में झूमते हैं। यह नशीली दवाएं कब बच्चों को तथा गरीब युवाओं को अपने घेरे में ले लेती है पता ही नहीं चलता। तंबाकू, सिगरेट, गांजा, कोकीन, चरस, स्मैक, भांग जैसी नशीली वस्तुओं का आज युवा वर्ग लगातार सेवन कर अपनी जिंदगी से खेलने में लगा हुआ है। पहले इन लोगों को मादक पदार्थों की मुफ्त में लग लगाकर सबको इसका



संजीव ठाकुर

आदी बनाया जाता है,और फिर ऐसी नशे की लत में युवा तथा बच्चे चोरी, डकैती,पॉकेट मारी, घर के पैसे, रुपए, जेवरात चुराने की हरकतें करने लगते हैं,जो न सिर्फ कानूनी अपराध है बल्कि समाज की बहुत बड़ी विसंगति भी है। कई बार बच्चे घर के ही बड़े सदस्यों को देखकर यह नशा करने लगते हैं कि जब बड़े कर रहे हैं तो उन्हें भी यह करने में कोई बुराई नजर नहीं आती है। और फिर इनके द्वारा शुरू होता है असामाजिक कार्यों का सिलसिला धीरे-धीरे युवा नशे की लत में अपराध जगत की ओर बढ़ने लगता है। चिकित्सकीय आधार पर देखा जाए तो हीरोइन चरस कोकीन गांजा जैसे मादक पदार्थों के नशे की गिरफ्त में आकर अपना मानसिक संतुलन खो देते हैं, एवं पागल तथा सुसुप्ता अवस्था में चले जाते हैं, नशे की लत शरीर को सुस्त कर म्रत्यु की ओर ले जाती है। और नशे की लत में मानसिक संतुलन खोकर व्यक्ति बड़े-बड़े अपराध तक कर बैठता है।, नशे की लत का मामला न सिर्फ स्वास्थ्य से जुड़ा होकर बल्कि अपराध जगत से भी जुड़ा हुआ है। कहा जाता है कि जीवन अनमोल है और इस अनमोल जीवन को नशे की लत में नष्ट कर समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाने के साथ-साथ मादक पदार्थों से मुकाबले के लिए विभिन्न देशों द्वारा उठाए गए कदमों तथा इसके मार्ग में उत्पन्न चुनौतियों तथा निवारण का सही सही उपचार भी बताता है।

वैसे इतने घातक तथा खतरनाक नशे की लत को केवल 26 जून को नशा निरोधक दिवस बना कर इतिश्री नहीं कर लेना चाहिए, बल्कि इसके विरुद्ध हर देश को एक व्यापक जन अभियान भी चलाना चाहिए। 26 जून का दिन मादक पदार्थों से मुकाबले का प्रतीक बन गया है।और इस दिवस पर मादक पदार्थों के उत्पादन तस्करी तथा सेवन के दुष्परिणामों से बचने के उपायों के बारे में विस्तृत चर्चा भी की जानी चाहिए।

भारत दक्षिण एशियाई देशों के मध्य हीरोइन का बड़ा उपभोक्ता देश बनते जा रहा है। भारत के कई भूभाग पर अफीम की खेती भी की जाती है। पारंपरिक तौर पर किस के बीच पोस्तों से सब्जी बनाकर खाई जाती थी, किंतु कालांतर में इसका उपयोग एक मादक पदार्थ के रूप में आरंभ हुआ जिसने एक बहुत बड़ा खतरनाक रूप ले लिया। एक सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 12 से 60 साल की उम्र के लोगों में नशे की लत लगभग 1.6% देखी गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में जिस अफीम की हीरोइन में तब्दील नहीं किया जाता उसका दो तिहाई हिस्सा 5 बड़े देशों में इस्तेमाल होता है इसमे

ईरान 42%, अफगानिस्तान पाकिस्तान 7%,भारत खुद 6% तथा रूस में इसका 5% उपयोग होता है। भारत में 2008 में 17 मि,टन हीरोइन की खबत होती थी,और वर्तमान में भारत में अफीम की खपत 65 से 70 मी,टन प्रति वर्ष होने लगी है। यह विश्व में इस्तेमाल होने वाली अफीम का 6% है। भारत में ही अफीम की 1500 से लेकर 2000 हेक्टेयर में अफीम की अवैध खेती होती है। यह तथ्य वास्तव में देश के लिए और देश के युवा तथा बच्चों के लिए अत्यंत खतरनाक है। इस पर शासन प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रख इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

भारत में शराब सेवन करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है साथ ही मध्य पान के कारण 1500 से दो हजार भारतीय आज शराब के नशे में प्रतिवर्ष मरने भी लगे हैं। आज की स्थिति में हर 20 व्यक्तियों में से एक व्यक्ति शराबखोर है।पुरुष तो पुरुष महिलाएं भी आज की स्थिति में मध्य पान की ओर आकर्षित हो रही हैं। विशेषकर उच्च तथा मध्यम वर्गीय परिवारों में महिलाएं शराब का सेवन करने लगी है ।इसमें से कुछ महिलाएं खुलेआम कुछ छुप-छुपकर इसका सेवन करती हैं। महानगरों में बड़े शहरों की कामकाजी महिलाओं के छात्रावासों तथा हॉस्टल में महिलाओं का शराब का सेवन तेजी से बढ़ते जा रहा है

एक सर्वे के अनुसार करीब 20 से 25% महिलाएं शराब खोरी की गिरफ्त में आ चुकी हैं। यूरोपियन देशों में महिलाओं की नशाखोरी की आदत का प्रतिशत 60% से ऊपर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बैठकों सेमिनार तथा मीटिंग में शराब का सेवन एकदम आम बात बन गई है। यह एक फैशन की तरह महिलाओं के मध्य फैल कर उन्हें नशे की लत में डुबोने लगा है। मनोवैज्ञानिक डॉक्टरों के अनुसार नशा मनुष्य के जीवन के लिए जहर जैसा है, नशे की लत में वैवाहिक जीवन भी टूटने के कगार पर आ जाता है।मनुष्य के शरीर का लीवर, किडनी तथा अन्य अंग खराब होकर मृत्यु की ओर ले जाने को तत्पर रहते हैं। नशे से दूर रखने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तथा राष्ट्रीय स्तर पर भारत में भी अनेक उपाय किए जा रहे हैं। नशा मुक्ति केंद्र तथा नशे के पदार्थों पर चेतावनी आदि लिखने का काम किया जा रहा है। नशा आज युवाओं को पथभ्रष्ट चरित्रहीन और अपराधी बनाने के पीछे एक बड़ा घातक कारण है। नशे की प्रवृत्ति से बचाने के लिए मनुष्य को नशे से हर हाल में दूर रखना होगा अन्यथा आने वाली पीढ़ी राष्ट्रीय चरित्र राष्ट्रीय सम्मान तथा राष्ट्रीय शक्ति को भूलती जाएगी और नशे की लत में युवा अपने कर्तव्य से परे हो जाएगा। जोकि एक बहुत खतरनाक स्थिति होगी।

## आओ, बेवजह बातें करते हैं

दिल के खालीपन को थोड़ा सा भरते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं

कुछ मीठी पुरानी यादों की ओट चलते हैं,
तबस्सुम में छुपे रंगों के पलों को चुनते हैं,
जीवन की रवानगी में कुछ खुशियों को बुनते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं

समय कि सरिता में "आनंद" की लहर रचते हैं,
कुछ इसकी कड़ियों में चाशनी भी भरते हैं,
जीवन सरगम की एक नई धुन रचते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं

कुछ पुराने और कुछ नए किस्से खोलते हैं,
जो रंजिशे रह गई हैं उनको जीवन से रफा दफा.करते हैं,
मेरी-तुम्हारी की जगह हमारी खुशियों का चयन करते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं

उम्र के बचे हुए हिस्से को और नमकीन करते हैं,
थोड़ी सी एक दूसरे की खींचाई भी करते हैं,
चुटकुले, शायरी, गजल, कविता कोई नई रचते हैं,
आओ, बेवजह बातें करते हैं




मोनिका डागा "आनंद" , चेन्नई , तमिलनाडु

अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।
bulandsandesh@ gmail.Com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए भारत के साथ व्यापार शुरू करने को आतुर पाकिस्तान !



अशोक भाटिया

मीडिया समाचारों के अनुसार अपनी खस्ताहाल अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए पाकिस्तान लगातार हाथ पैर मार रहा है। अब पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार में विदेश मंत्री और नवाज शरीफ के समधि इशाक डार ने भारत के साथ फिर से व्यापार शुरू करने की बातचीत पर जोर दिया है। शहबाज शरीफ के मंत्री का यह बयान इस बात की तरफ इशारा कर रहा है कि पाकिस्तान भारत के साथ फिर से व्यापारिक संबंधों की शुरूआत करने को आतुर है। बीते सालों में ऐसा देखा गया है पाकिस्तान के मंत्री अक्सर भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को शुरू करने के लिए जोर दे चुके हैं। पाकिस्तान के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल में किसी अन्य देश में विदेश मंत्री एस जयशंकर को रोककर उनसे प्याज और टमाटर पाकिस्तान भेजने की गुहार लगा चुके हैं। गौरतलब है कि डार ने पहली बार पिछले महीने लंदन में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने की संभावना का संकेत दिया था। उनका विचार था कि पाकिस्तान का व्यापारिक समुदाय पाकिस्तान और भारत के बीच व्यापार संबंधों की बहाली चाहता है। उनके बयान की विपक्षी दलों और आलोचकों ने आलोचना की। हालांकि, डार ने गुरुवार को अपनी पिछली टिप्पणियों का बचाव करते हुए कहा कि कई व्यापारियों ने उन्हें बताया कि वे किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत से सामान आयात कर रहे थे, जिससे उन्हें अधिक लागत आती थी इसलिए वे दोनों देशों के बीच सीधे व्यापार संबंधों को फिर से शुरू करने के पक्ष में थे। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने लंदन जाकर यह बयान ऐसे समय में दिया था जबकि भारत में आम चुनाव शुरू होने वाले थे । इसलिए चर्चा के लिए तो इस बयान का महत्व हो सकता है लेकिन वास्तविक महत्व तभी होगा जब भारत में नयी सरकार बन जाने के बाद इस पर बातचीत होगी। लेकिन बुनियादी सवाल यह है कि क्या भारत को फिर से पाकिस्तान से व्यापारिक रिश्ता बहाल करना चाहिए? इस सवाल के जवाब में किसी भी राजनैतिक दल ने अपने मेनिफेस्टो में उल्लेख किया है न किसी जाहिर सभा में इसका जिक्र।ज्ञात हो कि जब अगस्त 2019 में भारत की केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटा दिया था । ये भारतीय संविधान का एक प्रावधान था, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था। धारा हटाते हुए सेंटर ने तर्क दिया कि इससे यह राज्य पूरे देश से जुड़ सकेगा। ऐसा हुआ भी। इसी बात पर पाकिस्तान परेशान हो उठा, और बौखलाकर भारत से अपने व्यापारिक रिश्ते निरस्त कर दिए।

दूसरी ओर ये बात भी हो रही थी कि ट्रेड सस्पेंशन की बड़ी वजह कुछ और ही थी। असल में उसी साल भारत ने पाकिस्तान से मोस्ट फेवर्ड नेशन का स्टेटस ले लिया और पाकिस्तानी इंपोर्ट पर टैरिफ 200 प्रतिशत तक बढ़ा दिया था। भारत ने यह कदम पुलवामा हमले के बाद लिया था, जिसे पाकिस्तानी टैरर गुट जैश-ए-मोहम्मद ने अंजाम दिया था। हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे। अटैक के चौबीस घंटों के भीतर ही पाकिस्तान का मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा हटा दिया गया। यहां बता दें कि वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन का टैरिफ एंड ट्रेड एग्रीमेंट 1994 कहता है कि सारे सदस्य देश एक-दूसरे को मोस्ट फेवर्ड नेशन दर्जा दें, खासकर पड़ोसी देश ताकि फ्री टेड आसान हो सके। हालांकि ये कोई पक्का नियम नहीं। यही वजह है कि रिश्ते खराब होने पर देश सबसे पहले आपस में यही स्टेटस खत्म करते हैं ताकि नाराजगी का आर्थिक असर भी दिखे। भारत और पाकिस्तान साल 1996 से ही एक-दूसरे को मोस्ट-फेवर्ड नेशन मानते आए। इसके बाद भी पाकिस्तान ने लंबी लिस्ट बनाई, जिसमें वो आइटम थे, जो भारत से आयात नहीं किए जा सकते। ये उत्पाद एक-दो नहीं, बल्कि 12 सौ भी ज्यादा थे। उसका कहना था कि वो ये बैन अपने घरेलू उद्योगों को चलाए रखने के लिए लगाए हुए है। हालांकि पहले वो 2 हजार से भी ज्यादा उत्पादों को आयात की मंजूरी दे चुका था। निगेटिव-लिस्टिंग के बाद केवल 138 उत्पाद ही रहे, जो वो भारत से आयात कर रहा था।

ध्यान रहे कि पाकिस्तान हमसे कपास, ऑर्गेनिक केमिकल, प्लास्टिक, न्यूक्लियर रिएक्टर, बॉयलर्स, मशीनरी और मैकेनिकल डिवाइस जैसी चीजें इंपोर्ट करता था। हम भी पाकिस्तान से कई चीजें आयात करते रहे, जैसे- फल और सूखे मेवे, नमक, सल्फर, पत्थर, कई तरह की धातुएं और चमड़ा आदि।

## सोमवार का राशिफल

**मेष** — व्यापारीक डील या नौकरी जॉइन करते समय नियम शर्तें भी देख ले, जल्दबाजी ना दिखाये, जमीन खरीदने में डीलर को पैसे दे सकते है। भाग्य प्रतिशत-57

**वृषभ** — धार्मिक यात्रा या विदेश जाते समय सामान का ध्यान रखें, उच्च पद के साथ ट्रांसफर सम्भव है, नई जिम्मेदारी मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-54

**मिथुन** — पार्टनरशिप में कोई अलग हो सकता है, खेती, मसाले, आटा चक्की व्यवसाय में मध्यम लाभ होगा, घरेलू चिंता अब कम होनी शुरू होगी। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** — कोई आपके कार्य में अड़चन डाल सकता है, अपनी बातें शेयर करते समय ध्यान रखें, नौकरी में अधिकारी वर्ग से ना उलझे। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** — शिक्षा संबंधी, किताब, ज्वेलरी संबन्धी कार्य में लाभ होगा, बैंक से लोन ले सकते है, नया कार्य आरम्भ करेंगे, चिंता ना रखें। भाग्य प्रतिशत-73

**कन्या** — सेहत थोड़ी प्रभावित रहेगी, अर्थशास्त्र, बैंक कार्य, शिक्षा कार्य, शोध कार्य में मन लगेगा, परिश्रम को बढ़ाए। भाग्य प्रतिशत-58

**तुला** — पैसा कहीं फंस सकता है, इसलिए निवेश ध्यान से करें। सरकारी नौकरी की बात हो सकती है, विभागीय तबादला सम्भव है। भाग्य प्रतिशत-60


**वृश्चिक** — परिश्रम का लाभ मिलेगा, किसी की मदद करेंगे।अस्पताल, खेती, दवाई कार्य से, आध्यात्मिक कार्य से नया रास्ता मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**धनु** — अपने कार्य को बढ़ाना चाहेंगे, सरकारी योजना का लाभ मिलेगा, विवाह की बात चल सकती है, लोगों से मिलना जुलना बढ़ेगा। भाग्य प्रतिशत-70

**मकर** — छाती और पेट का ध्यान रखें, जो भी कार्य करे। ईमानदारी से करें, अपनी प्रतिष्ठा का ध्यान रखें, आंख मुंद कर भरोसा ना करें। भाग्य प्रतिशत-58

**कुंभ** — सगे संबंधीयो से मन खिन्न हो सकता है, अचानक धन प्राप्ति के योग बनेंगे, भाग्य का साथ मिलेगा, पत्नी की सेहत प्रभावित रहेगी। भाग्य प्रतिशत-64

**मीन** — किसी के प्रति मन में दुर्भावना ना रखें, परिवार के झगडे ना बढ़ने दे, रोजगार की प्रगति अवश्य होगी, शिक्षा बढ़ा सकते है। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी साख खो चुका है हिंदुस्तान

देश की भाजपा सरकार चाहे जितना चीखे और चिल्लाए कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत विश्व गुरु बन गया है। लेकिन वास्तविकता यह है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की साख बिल्कुल गिर चुकी है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने भाषणों में अपनी अज्ञानता का परिचय दे रहे हैं। यह कोई नई बात नहीं है इससे पहले भी पूरा विश्व इनके ज्ञान से परिचय प्राप्त कर चुका है। पहले मैट्रिक पास, फिर ग्रेजुएट, इंटायर पॉलीटिकल साइंस , कंप्यूटर फॉन्ट में मार्कशीट, नाले से गैस, आलू से सोना, प्लास्टिक बोतलों से जैकेट इत्यादि यह सब वह चीज हैं जिससे उनके ज्ञान का पता पूरे दुनिया को चल चुका है।

लेकिन एक बार फिर अपने ज्ञान का परिचय पूरी दुनिया को देना चाह रहे हैं जब देश में लोकसभा चुनाव में पहले चरण का मतदान हुआ तब भी उनके ज्ञान का प्रकाश पूरी दुनिया में लोगों ने महसूस किया और दूसरे चरण के मतदान से पहले लगातार सत्ता प्राप्ति के लिए उनके द्वारा दिए गए भाषण चर्चा का विषय बने हुए हैं।

सिर्फ देश में ही नहीं बल्कि भारतीय मीडिया के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय मीडिया ने भी इसे अपने अखबारों में जगह दी है।

प्रधानमंत्री के द्वारा इस्तेमाल किए गए कुछ विशेषण के कारण इनकी शिकायत भी चुनाव आयोग में कांग्रेस नेताओं ने की है। कांग्रेस नेताओं नें इल्जाम लगाया कि प्रधानमंत्री देश में नफरत का बीज बो रहे हैं।

सवाल नफरत के बीज का नहीं है सवाल यह है कि एक इंसान प्रधानमंत्री जैसे पद पर होते हुए खुले आम हजारों लाखों की भीड़ को संबोधित करते हुए लगातार उन बातों को बोल रहा है जिन बातों का कहीं कोई अस्तित्व ही नहीं है सीधे शब्दों में कहा जाए तो झूठ बोल रहा है। पद की गरिमा से ही व्यक्ति की गरिमा होती है लेकिन जब आप पद की गरिमा गिराएंगे तो आपकी गरिमा खुद-ब-खुद गिरती चली जाएगी।

21 अप्रैल को राजस्थान के बांसवाड़ा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह ( पद्म विभूषण अवार्ड, जवाहरलाल नेहरू जनशताब्दी पुरस्कार, एशिया मनी अवार्ड, यूरो मनी पुरस्कार, एडम स्मिथ पुरस्कार, राइट पुरस्कार एवं मानद उपाधियों से सम्मानित) के पुराने भाषण का हवाला देते हुए



सैयद एम अली तकवी

जिस तरीके से उन्होंने एक विशेष समुदाय के लिए "घुसपैठिये" और "ज्यादा बच्चे पैदा करने वाला" जैसे शब्द इस्तेमाल किया वह अपने आप में दुख की और शर्म की बात है। इससे विचार और व्यक्तित्व का पता चलता है।

अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने 22 अप्रैल को "मोदी पर चुनावी रैली में मुसलमान के खिलाफ नफरती भाषण देने का आरोप" शीर्षक से रिपोर्ट को अपनी वेबसाइट पर जगह दी।

इसके अलावा चीनी न्यूज वेबसाइट "साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट" ने लिखा कि चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिए मोदी ने मुस्लिम विरोधी बयानबाजी शुरू कर दी है।

साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट ने जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर श्री अजय गुडावर्ती का हवाला देते हुए लिखा है कि लोग अब इस चीज से तंग आ चुके हैं अब हिंदू मुसलमान का मुद्दा जमीन पर कोई असर नहीं दिख रहा है।

राजनीतिक विश्लेषक श्री अपूवार्नंद के हवाला देते हुए वेबसाइट ने लिखा है कि मुसलमान के खिलाफ सांप्रदायिक और नफरत की भावनाओं को भड़काने के मामले में मोदी अपनी आदत से मजबूर हैं और दोषी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिका में मुसलमान के अधिकारों के लिए काम करने वाले काउंसिल ऑफ अमेरिकन इस्लामी रिलेशंस (सीएसआईआर) के उस बयान को रिपोर्ट में जगह दी गई है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण की आलोचना की गई है।

भारत अब इस स्थिति में आ गया है जहां प्रधानमंत्री और गृहमंत्री जैसे उच्च पद पर आसीन लोगों के बयानों की ना सिर्फ.भारत में निंदा हो रही है बल्कि विदेशों में भी निंदा की जा रही है।

इन 10 सालों में रूस और ईरान से संबंध भारत के वैसे भी उस तरह के नहीं रहे जैसे पहले थे। हां इसराइल से जरूर संबंध मजबूत हुए हैं जिसका असर बाकी देशों के साथ संबंध पर भी पड़ रहा है। यह बात तय हैं कि 2024 के चुनाव के बाद जो जो हथकंडे सत्ता प्राप्त करने के लिए भाजपा सरकार कर रही है अगर उसमें सफल हो गई तो आने वाले 5 साल भारत के लिए बहुत ही ज्यादा कठिनाई वाले होंगे। इसलिए इस चुनाव में बहुत सोच समझ के वोट डालना होगा। और वोट डालते वक्त संविधान, बेरोजगारी, महंगाई , नफरत, पेपर लीक, किसान समस्या इन सबको अपनी नजरों के सामने रखना होगा।

जय हिन्द।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# स्मैक की पुड़िया मांगने पर दुकानदार एवं बाइक सवार युवकों के बीच मारपीट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर एक दुकानदार व बाइक सवार दो युवकों के बीच मारपीट हो गई, मारपीट का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। किसी ने विडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।कस्बे के सलेमपुर मार्ग पर कासिम उर्फ मांगा ने परचून की दुकान कर रखी है।। दुकानदार का कहना है कि पड़ोस के कई लोग स्मैक का कारोबार करते हैं, और उसकी दुकान पर कई लोग आकर स्मैक की पुड़िया मांगते हैं। आरोप है कि शनिवार की देर शाम बाइक पर सवार दो युवक उसकी दुकान पर पहुंचे और स्मैक की पुड़िया मांगने लगे। जब दुकानदार ने मना करते हुए विरोध किया तो बाइक सवार दोनों युवकों ने उसके साथ मारपीट कर दी। शौर शराबा होने पर कई लोग मौके पर आ गए और दुकानदार एवं बाइक सवार दोनों युवकों के बीच हुई मारपीट का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। मारपीट का लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# मेरठ-हापुड सीट पर भाजपा-सपा में सीधी टक्कर...बसपा के वोट बैंक में समाजवादी पार्टी ने लगाई सेंध

बुलन्द संदेश संवाददाता

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** यूपी में ध्रुवीकरण और जाति का जोर दिखाई दिया। दूसरे चरण में दो लोकसभा सीटों पर कम मतदान से सियासी दलों की चिंता और अधिक बढ़ गई है। कई सीटों पर सपा और भाजपा की टक्कर दिखाई दी। जबकि कई जगह कब्रिस और भाजपा में सीधा मुकाबला दिखा। लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण भी पूरा हुआ। उम्मीद के मुताबिक मेरठ के मुंडाली और किठौर में बूथों पर मतदाताओं का परफेरा कम ही रहा। इसको लेकर मतदाताओं की इस उदासीनता ने अखाड़े के पहलवानों के साथ ही उनको मैदान में उतारने वाले दलों की भी धड़कने बढ़ा दी है। गर्मी के कारण दोपहर में मतदान की गति बेहद धीमी रही, जिस वजह से मतदाता अपने घरों से कम निकले। मेरठ-हापुड़ लोकसभा सीट की बात करें, तो ध्रुवीकरण और जाति का जोर ही नजर आया। पिछले चुनाव में भाजपा के खाते में गई मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट पर इस बार जिस तरह से मतदान हुआ है। यहां फैसला हाथी की चाल पर निर्भर करेगा।



**पिछले दो चुनावों के मुकाबले मतदाताओं का रुख बदला नजर आया**

इस बार के चुनाव में पिछली दोनों लोकसभा चुनाव के इतर मतदान नजर आया। लोकसभा चुनाव 2014 में मोदी लहर के बीच मुजफ्फरनगर दंगे के ताजा घावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण नजर आया था, जबकि 2019 में भी प्रत्याशियों की नजर इसी ध्रुवीकरण पर रही थी। 2019 में बसपा-सपा-रालोद का गठबंधन था, जिसके प्रत्याशी हाजी याकूब कुरैशी ने एससी-मुस्लिम गठजोड़ के सहारे भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र अग्रवाल को कड़ी टक्कर दी थी। हालांकि शहर से देहात तक ध्रुवीकरण की हवा चलने से राजेंद्र अग्रवाल कम अंतर से जीत गए थे। इस बार भी भाजपा का परंपरागत वोट वैश्य, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, सैनी, कश्यप, प्रजापति, पाल, वाल्मीकि भाजपा के साथ खड़ा दिखाई दिया है। हालांकि त्यागी समाज के वोटों में बंटवारा हुआ है। नतीजे तो 4 जून को आएंगे, लेकिन समीकरण बता रहे हैं कि भाजपा और सपा में कड़ी टक्कर है।

**भाजपा-सपा में सीधी टक्कर**

हालांकि यहां पर भाजपा और सपा में सीधी टक्कर नजर आई। मुद्दे हवा रहे और जातिगत समीकरण हावी। बसपा के वोटबैंक में सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा सेंध लगाती नजर आई। बसपा के देवव्रत त्यागी का ज्यादा जोर नहीं दिखा। वही भाजपा के अरुण गोविल को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम का सहारा मिलने व रालोद के साथ रहने से भी मदद मिली। वहीं, सपा प्रत्याशी मुस्लिम वोट बैंक के सहारे नजर आया। दलित वोटर सपा- बसपा में बंटते दिखे। मेरठ हापुड़ लोकसभा के अंतर्गत पडने वाले मुडाली क्षेत्र की अगर बात की जाए तो यहां पर सबसे ज्यादा वोटिंग नगलागल में 71.60% हुई जबकि अजराढ़ा मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र होने के बावजूद यहां पर मतदाना 66. 90% पर ही सिमट गया।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में चल रहे तीन दिवासीय टेलीस्कोप मेकिंग कार्यशाला का आज दूसरा दिन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** कालंद चुंगी स्थित सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय टेलीस्कोप मेकिंग कार्यशाला का आज दूसरा दिन था। विद्यालय में कल आयोजित होने वाले इंटरनैशनल एस्ट्रोनॉमी डे कार्यक्रम की तैयारियां जोश - शोर से चल रही है।इस कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं विद्यालय में उपस्थित हुए और उन्होंने दो भागों में 8:30 से 11:00 और 11:00 से 1:00 बजे तक अपने हाथों से टेलीस्कोप बनाए। जिनका प्रशिक्षण उन्हें विद्यालय में उपस्थित दोनों साइंटिस्ट मुकेश संतका



और तुषार पुरोहित द्वारा प्रदान किया गया। सभी छात्र बहुत ही उत्साहित दिखाई दिए।
इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर नगीन ग्रुप ऑफ स्कूल डॉ अनुपमा सक्सेना डायरेक्टर प्रीतीश कुमार सिंह प्रबंधक शाल्विक जैन प्रधानाचार्या अलका शर्मा आदि उपस्थित रहें।

# शादी की खुशियों में छाया मातम, बहन की शादी में डांस करते युवती बेसुध होकर जमीन पर गिरी, मौत

बुलन्द संदेश संवाददाता

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** थाना क्षेत्र के लिसाड़ी गेट में एक युवती चचेरी बहन के हल्दी के प्रोग्राम में डांस करते-करते गिर गई और उसकी मौत हो गई। चचेरी बहन के हल्दी के प्रोग्राम में मोहल्ले की कुछ लड़कियों के साथ चचेरी छोटी बहन रिमशा डांस कर रही है। वह डांस करते-करते गिर गई। उसके बाद उसकी मौत हो गई।जानकारी के मुताबिक शनिवार रात अहमदनगर गली नंबर-2 के रहने वाले महताब के छोटे भाई आफताब की बेटी की रविवार को बरात आनी थी। इसी के चलते घर में हल्दी का प्रोग्राम चल रहा था।
प्रोग्राम के दौरान दुल्हन की चचेरी बहन रिमशा और मोहल्ले की कुछ अन्य लड़कियां डीजे पर डांस कर रही थी तभी दुल्हन की बहन रिमशा गिर गई। साथ में डांस कर रही लड़कियों ने उसे उठाने का प्रयास किया रिमशा के नहीं उठने पर लड़कियों ने शोर मचा दिया। इस दौरान घर में चीख-पुकार मच गई, जिसके बाद परिवार के लोग रिमशा को लेकर एक निजी डॉक्टर के पास पहुंचे जहां डॉक्टर ने रिमशा को मृत घोषित कर दिया। रिमशा की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, परिवार के लोगों ने फिलहाल शादी के प्रोग्राम को रोक दिया है। आसपास के लोगों के अनुसार मृतक रिमशा को दौरा पड़ने की बीमारी थी, और उसका इलाज भी चल रहा था। मृतक रिमशा के परिवार वालों का कहना है कि डांस के दौरान उसे दौरा पड़ा था जिसके चलते वह गिरी और उसकी मौत हो गई।



# शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी) में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ( डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) में निशब्द क्लब ने रविवार को यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय "ऑनलाइन वोटिंगः क्या ऑनलाइन वोटिंग को मतदाता मतदान बढ़ाने के तरीके के रूप में लागू किया जाना चाहिए, या क्या इससे बहुत सारे सुरक्षा जोखिम पैदा होते हैं।इस प्रोग्राम का मुख्य उद्देद्श्य विद्यार्थियों को सकारात्मक और आधुनिक नजरिये से सोचने के लिए प्रेरित करना था।प्रोग्राम के मुख्या संचालक निशब्द क्लब के छात्र सदस्य नवनीत अनुज कुमार पंडित खुशी और मुदित थे।विद्यार्थियों ने आज के दौर की विभिन्न चुनाव चुनौतियों और ऑनलाइन चुनाव चुनौतियों के समाधान हेतु अपने विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यक्रम में डॉ. सहदेव सिंह प्रो. डॉ. दिव्या प्रकाश प्रो. विजय माहेश्वरी ने जूरी मेंबर के रूप में सभी छात्रों द्वारा वाद विवाद में प्रस्तुत किए गए विचारो का आंकलन किया।





इस प्रतियोगिता में आकाश और रवि राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।निशु और अमन रावत ने विचारो को प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।ऑनलाइन मतदान के विषय में बहस में शामिल होने वाले विद्यार्थी ने इस प्रक्रिया के लाभों और चुनौतियों पर विशेष ध्यान दिया। वे इस प्रक्रिया के माध्यम से लोगों को मतदान करने की आसानी और सुरक्षितता के बारे में चर्चा करते हुए नए तकनीकी अवसरों के बारे में भी बात की। इस बहस में विद्यार्थी विभिन्न पक्षों को प्रस्तुत करने के साथ-साथ ऑनलाइन मतदान के नुकसानों और सुरक्षा मुद्दों पर भी चर्चा करते रहे।उन्होंने वर्तमान स्थिति के समाधान के बारे में भी विचार किया, जिससे कि लोगों को सुरक्षित और विश्वसनीय रूप से मतदान करने में मदद मिल सके। इस प्रतियोगिता में शोभित विश्वविद्यालय के विद्यार्थी ने नए तकनीकी संभावनाओं को समझाने और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहरा विचार करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का आरम्भ माननीय रजिस्ट्रार डॉ. गणेश भारद्वाज के आशीर्वचनो द्वारा हुआ जिसमे उन्होंने इस कार्यक्रम की काफी प्रशंसा की और विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित किया। डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. डॉ. दिव्या प्रकाश ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्दित करते हेतु मतदान के महत्व पर बात की।कार्यशाला में रहे उद्घाटन सत्र में निशब्द क्लब के इंचार्ज मिस निम्रा मिर्जा ने विद्यार्थियों के उत्साह को और बढ़ाया और उन्होंने धन्यवाद व्यक्त किया कि उन्होंने इस कार्यशाला में भाग लेने का समर्पण दिखाया। इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों को मौखिक कौशल का अद्वितीय अनुभव होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर सवार किसान घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे स्थित एलम बाईपास मार्ग पर एक किसान के ट्रैक्टर में अज्ञात ट्रक चालक ने टक्कर मार दी, किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी सत्यप्रकाश अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली में खेत से भूसा भरकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही ट्रैक्टर सवार किसान दिल्ली सहारनपुर नेशनल हाईवे बाईपास मार्ग पर पहुंचा तो दिल्ली की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, हादसे में ट्रैक्टर चालक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रक चालक मोके से फरार हो गया। परिजनों ने घायल अवस्था में किसान को उपचार के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। परिजनों ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है।

### भाभी ने लगाया देवर पर मारपीट का आरोप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** गंगेरू निवासी एक महिला ने अपने देवर पर मारपीट करने का आरोप लगाकर थाने पर आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी है, पुलिस आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। रविवार को गंगेरू निवासी महिला शमीमा पत्नी महम्मूद ने बताया कि वह अपने घर पर बैठी हुई थी, आरोप है कि तभी उसके देवर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित महिला ने आरोपी देवर के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी और कस्बा एलम निवासी महिला अंजली ने दो लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाकर दोनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### यूपी पावर कार्पोरेशन मैं पचास की उम्र पार कर चुके कार्मिक किए जाएंगे जबरन रिटायर

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** उत्तर प्रदेश में 50 साल की उम्र पूरी करने वाले विद्युत विभाग के कर्मचारियों के लिए परेशानी वाली खबर है. उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन अपने 50 साल की उम्र पार कर चुके कार्मिकों की कार्य क्षमता का मूल्यांकनकरेगी. जो भी इस मूल्यांकन में फिट नहीं होंगे उन कर्मचारियों को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी जाएगी. इस आदेश के बाद सभी बिजली कंपनियों में इस उम्र से ज्यादा लोगों की कार्यक्षमता के मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी है. विद्युत विभाग के कर्मचारियों को "स्क्रीनिंग" के द्वारा रिटायर करने का आदेश जारी किया गया है।

# बाजार जा रहे एक युवक के साथ मारपीट, अस्पताल में भर्ती

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** कस्बे की नगर पालिका परिषद के निकट बाइक सवार आधा दर्जन युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, परिजनों ने घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस घायल युवक के परिजनों की तहरीर पर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी गुलफाम ने बताया कि उसका पुत्र राजा बाजार में सामान लेने के लिए जा रहा था। आरोप हैं कि जैसे ही उसका पुत्र नगर पालिका परिषद के निकट पहुंचा तो आधा दर्जन युवकों ने उसे घेर लिया और उसके साथ लात घुसों सहित डंडों से मारपीट की। शौर-शराब होने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों ने घायल अवस्था में युवक को उपचार के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के पिता ने थाने पर तेरी देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।



# दो चोरी की मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार,चाकू बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांधला।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के भारसी मोड़ से एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए शातिर चोर के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।
रविवार को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि कस्बे के भारसी मोड़ के निकट एक शातिर चोर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में खड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक संदिग्ध युवक को दबोच लिया। पुलिस पकड़े गए चोर को हिरासत में लेकर थाने ले आई। पुलिस ने पकड़े गए चोर के कब्जे से एक अवैध चाकू और दो चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए चोर ने बताया कि उसने एक मोटरसाइकिल कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के निकट से व एक अन्य किसी जनपद से चोरी की है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शातिर चोर ने अपना नाम कासिम पुत्र एजाज हसन निवासी ग्राम जहानपुरा थाना कैराना बताया है। पकड़े गए आरोपी पर जनपद के अलग-अलग थानों में एक दर्जन से भी अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने पकड़े गए चोर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह का कहना है कि पकड़े गए चोर के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिल और अवैध चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।




**शुभारम्भ** वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय की 20 मेडिकल टीमें पूरे वर्ष पश्चिमी यू.पी. के मेरठ मुरादाबाद मंडल के 700 से अधिक गाँवों में निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर करेगी आयोजित

# वैंकटेश्वरा संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने वाली महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक योजना चलो गाँव की ओर का शानदार शुभारम्भ

- दो दर्जन गाँव गोद लेकर संस्थान चलायेगा सर्व शिक्षा एवं सर्व स्वास्थ्य अभियान
- पश्चिमी यू.पी. के गाँव-गाँव जाकर लोगों का निःशुल्क उपचार देने वाली ह्यह्यएडवांस लाइफ केयर सपोर्ट सिस्टमह्यह्य से लैस चार एम्बुलेंस को समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी एवं स्टॉफ के साथ मिलकर हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वैंकटेश्वरा समूह के श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाँधान में पश्चिमी यू.पी. के मेरठ व मुरादाबाद मण्डल के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने वाली महत्वाकाँक्षी योजना चलो गाँव की ओर का शानदार शुभारम्भ हो गया। इस योजना के तहत वैंकटेश्वरा हॉस्पीटल के 200 से अधिक अनुभवी चिकित्सकों की 20 टीमें मेरठ, मुरादाबाद के सात सौ से अधिक गाँवों में जाकर लोगो को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं प्रदान करेंगी। इसी योजना के तहत संस्थान यू.पी./ सीबीएसई बोर्ड के ह्यनिर्धन लेकिन मेधावी/ टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर संस्थान में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने पर विशेष छात्रवृत्तिदेकर प्रोत्साहित करेगी। इसके साथ ही संस्थान उन्नत भारत अभियान एवं ह्यविकसित भारत के तहत चिन्हित दो दर्जन गाँवों को गोद लेकर वहाँ शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के उत्थान के लिए काम करेगी।वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय/ संस्थान के डॉ. सीवी रमन सभागार में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक योजना चलो गाँव की ओर का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी सीईओ आजय श्रीवास्तव कुलपति डॉ. ए.के. शुक्ला आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित कर एवं इस योजना का पोस्टर लाँच करके किया।



इस अवसर पर हॉस्पीटल सी.ई.ओ. डॉ. एच.पी. सिंह, कुलसचिव पीयूष पाण्डे हॉस्पीटल मार्केटिंग डायरेक्टर एम.ए. चौधरी, डॉ. राजेश सिंह डॉ. दिव्या गिरधर डायरेक्टर मार्केटिंग तरूण कम्बोज डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा डॉ. आशुतोष सिंह डॉ. ओम प्रकाश गोसाई डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना डॉ. रामनिवास शर्मा डॉ. तेजपाल सिंह डॉ. दिनेश कुमार गौतम डॉ. अनिल कुमार जैसवाल डॉ. विश्वनाथ झा अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने गठबंधन प्रत्याशी जियाउर्रहमान को जिताने का किया आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)।** क्षेत्र के गांव स्योंडारा में संभल लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी जियाउर रहमान वर्क के समर्थन में अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने सपा

- यादव बाहुल्य क्षेत्र में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपा मुखिया
- इलेक्टोरल बॉन्ड ही बजाएगा भाजपा का बैंड : अखिलेश यादव

सरकार की नीतियां बताकर गठबंधन प्रत्याशी को लंबी लीड से जिताने की अपील की।

रविवार को आयोजित जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री





अखिलेश यादव का बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का स्मृति चित्र देकर गरम जोशी से स्वागत किया, सबसे पहले उन्होंने तेज गर्मी में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और इंडिया गठबंधन के सभी लोगों की प्रशंसा की, उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी से नहीं छिपा है कि भाजपा सरकार में सभी दुखी हैं, इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा, जनता उनके सारे रूप देख चुकी है। कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड सबसे बड़ा घोटाला है और यह बोन्ड इनका बैंड बजा देगा, उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाया, जिसमें समाजवादी एंबुलेंस की हालत खराब कर दी, कहा कि डायल 100 पुलिस थी उसका नंबर बढ़ाकर 112 कर दिया। समाजवादी पार्टी की सरकार की योजनाओं का नाम बदल दिया, प्रदेश की जनता सब जानती है। प्रदेश में व देश में आमजन का जीना दुश्वार हो गया है। उन्होंने कहा कि संभल लोकसभा क्षेत्र से जियाउर रहमान बर्क को इतने मतों से विजयी बनाकर भेजो जो देश में जीत की सबसे ज्यादा लीड मानी जाए, यह चुनाव डॉक्टर सफीकुर रहमान वर्क की श्रद्धांजलि का भी चुनाव है। वह वर्तमान लोकसभा में सबसे बुजुर्ग सांसद का खिताब पा चुके हैं। इसी के चलते आपको श्रद्धांजलि के तौर पर भी इस सीट को देखना है और जिताना है। सभी का अभिवादन करते हुए और संभल लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी जियाउर रहमान वर्क का हाथ पकड़कर उठाया और उपस्थित सभी से उनके हक में वोट करने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व राज्य मंत्री महबूब अली, पूर्व सांसद डॉक्टर एसटी हसन, विधायक फहीम इरफान, पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान, विधायक पिंकी यादव, पूर्व विधायक ममलुकुर्रहमान, हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, जिला अध्यक्ष जयवीर यादव आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा हुआ एक हजारवें सुंदरकांड पाठ का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के स्टेशन रोड स्थित सैफ चिकित्सालय चंदौसी की परिसर में बना महामृत्युंजय मंदिर में स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट द्वारा एक हजारवां संगीत में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया जहां सर्वप्रथम डॉक्टर योगेश जोशी ने विधिवत पूजन कराया साथ ही के.जी शर्मा राजेश शंखधर ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, व बजरंग बाण का मनोहारी वाचन किया इसके पश्चात अजय सक्सेना व विशाल शर्मा ने सुंदरकांड की चौपाइयों का विस्तार से वर्णन किया सुंदरकांड के उपरांत सुंदर-सुंदर भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्ति में बनाया भजनों की श्रृंखला में के.जी शर्मा ने यह काम तुमने कौन सा हनुमान कर दिया श्री राम ने हर युग तुम्हारा नाम कर दिया अजय सक्सेना ने श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में विशाल शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार सुनकर सभी



को मंत्र मुक्त कर दिया ढोलक पर राजू शर्मा ने संगत दी आयोजन में जे.एन मिश्रा, रवी शंकर शर्मा, वाई के शर्मा, बजेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश, संजीव, सुरेश चंद, कपिल शर्मा ,प्रदीप, मोहन तिवारी, गुलशन, सर्वेश, सुनील, अवनीश, अशोक पाठक, मीनाक्षी पांडे, कल्पना आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी ने की जरूरतमंद परिवार की मदद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** जनकल्याण सेवा समिति चंदौसी के द्वारा खुर्जा गेट स्थित रहने वाले एक अत्यंत गरीब परिवार की मदद हेतु कुछ घरेलू सामान देकर उनकी मदद की ऐसे परिवारो की मदद हेतु जनकल्याण सेवा समिति के सदस्य हमेशा तैयार रहती हैं। ऐसे ही इस परिवार की मदद करते हुए पलंग, गद्दा, पंखा ,बेडशीट, वाटर कूलर, अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं तथा राशन का सामान व इलाज हेतु ? 1100 नगद प्रदान किया। तथा इस परिवार को यह आश्वासन भी दिया कि यदि भविष्य में भी किसी प्रकार की कोई आवश्यकता होगी, तो समिति से संपर्क करें समिति उसकी और भी मदद के लिए आगे आएगी तथा उसके लिए रोजगार की व्यवस्था भी करेगी। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थिति रही ।अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय , सचिव भावना गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशा



गोस्वामी, उपाध्यक्ष रेखा रस्तोगी, पूनम वार्ष्णेय,पूर्णिमा अंशु, सीमा सिंह, सोनी रस्तोगी ,रुचि अग्रवाल, दया वार्ष्णेय ,मोहन नक्षत्र, कांता अदालखा, अलका अग्रवाल, पूनम अग्रवाल आदि का सहयोग व सहभागिता रही।

## स्वास्थ्य मेलों में 66 लोगों का हुआ उपचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज आयोजित स्वास्थ्य मेलों में करीब 66 मरीजों को दवाई



का वितरण किया गया। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडा खेड़ी में 7, उमरी कला में 24, कोठी खिदमतपुर में 24 एवं सदरपुर मतलब पुर में 11 मरीजों को दवाई का वितरण किया गया ।

# नौ दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने श्री राम के जन्म का वर्णन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

चंदौसी। रविवार को नगर के सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास वीरेश अग्निहोत्री (रामायणी महाराज) ने भगवान राम के पृथ्वी पर अवतार लेने के कारण को समझाते हुए बताया कि मनु और सतरूपा ने कठोर तपस्या करके भगवान श्री विष्णु से वरदान मांगा कि आप हमारे यहां पुत्र रूप में आए। उसी वरदान के फलस्वरूप मनु और सतरूपा ही आगे चलकर राजा दशरथ और कौशल्या बने। तब भगवान श्री विष्णु पुत्र रूप में सूर्यवंशी राजा दशरथ के यहां भगवान श्री राम के रूप में उत्पन्न हुए। जब पृथ्वी पर राक्षसराज रावण के अत्याचारों से धर्म की हानि होने लगी तब पृथ्वी गौ रूप धारण कर भगवान श्री विष्णु से प्रार्थना







करने लगी उनकी प्रार्थना के फलस्वरुप भगवान श्री विष्णु ने पृथ्वी पर मानव रूप मे अवतार लेने के बारे में बताया। जब राजा दशरथ द्वारा पुत्र यतेष्ठी यज्ञ का आयोजन किया गया तब इस यज्ञ के प्रभाव से चैत्र शुक्ल नवमी को भगवान श्री विष्णु पृथ्वी पर भगवान श्री राम के रूप में माता कौशल्या के गर्भ से प्रकट हुए। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव को बहुत ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। पावन अयोध्या की भव्यता का विस्तृत वर्णन करते हुए कथा व्यास ने भगवान श्री राम के जन्मोत्सव की कथा बहुत ही भव्यता के साथ सभी श्रद्धालुओं को श्रवण कराई। भगवान राम के जन्मोत्सव के उपरांत कथा के यजमान वीरेंद्र कुमार सर्राफ एवं मंजू लता अग्रवाल द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। श्री राम जन्मोत्सव के भव्य आयोजन मे मुख्य रूप से मौजूद रहे ।शरद अग्रवाल, विपिन चीनी, हरिओम, ओम प्रकाश गोगी, प्रदीप बर्तन वाले, प्रमोद अग्रवाल, उमेश, प्रदीप अग्रवाल, आदि ।

## वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है : संगीता भार्गव

# नगर के गणमान्य व्यक्तियों एवं समाजसेवियों ने की मतदान करने की अपील

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सैना)।** आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान होने जा रहा है तीसरे चरण के इस मतदान में संभल लोकसभा सीट पर भी मतदान होना है लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जहां चुनाव आयोग विभिन्न माध्यमों के जरिए मतदाताओं को जागरुक कर रहा है वहीं क्षेत्र के समाजसेवी शिक्षाविद चिकित्सकों और सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं गणमानय व्यक्ति भी लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए



1090 महिला हेल्पलाइन की डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संगीता भार्गव ने सभी लोगों से खास तौर से महिलाओं से मतदान करने की अपील करते हुए कहा है कि महिलाएं पहले मतदान करे क्योंकि मतदान करना हम सभी का संवैधानिक अधिकार है अतः इस अधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने घर व आस पड़ोस में रह रहे लोगों व बड़े बुजुर्गों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें । भारतीय लोकतंत्र के नागरिक के रूप में वोट देना आपका अधिकार है आपको इसका सम्मान करना चाहिए



व्यापारी प्रभात कृष्ण ने कहा की अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु अपील की है। उन्होंने कहा की युवा वर्ग पूरे जोश के साथ मतदान करें साथ ही बड़े बुजुर्ग और महिला पुरुष भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस हवन कुंड में वोट के रूप में अपनी आहुति जरूर डालें।



प्रोफेसर डॉक्टर रीता ने कहा कि लोक सभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं का आह्वान करना चाहूँगी कि राष्ट्र निर्माण के लिए अपने मत का प्रयोग अवश्य करें । भारत को मजबूत लोकतंत्र बनाने के उद्देश्य से अपने अपने घरों से वोट डालने के लिए अवश्य निकले । मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है । सभी मतदाता अपने इस कर्तव्य का निर्वहन करें ।



प्रोफेसर डॉ सुनीता उपाध्याय ने कहा कि हर नागरिक को वोट इसलिए देना चाहिए क्योंकि आपके एक वोट में चेंज मेकर बनने की शक्ति है हमें लगता है कि हमारे एक वोट नहीं देने से क्या ही होता है लेकिन आपका एक वोट बेहद जरूरी है क्योंकि इसमें बदलाव की शक्ति है आपका वोट आपकी आवाज है यह आपको अपनी पसंद के प्रतिनिधि के लिए मतदान कर शासन के मामलों में अपनी बात कहने का अवसर देता है।



जिला अध्यक्ष सागर गुप्ता भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल ने कहा कि मतदाता चुनाव में मत देने के लिए चाहे किसी भी प्रत्याशी को चुने किंतु मतदान अवश्य करें साथ ही उन्होंने कहा की मतदाता सभी जरूरी कार्य को छोड़ मतदान कर लोकतंत्र के इस महाकुंभ में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें।



पूर्व बैंक कर्मचारी के.जी शर्मा ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा है कि मतदान करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है अतः सभी मतदाता पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करते हुए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।



शिक्षिका रूपांगिनी सक्सेना ने मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान एक-एक वोट अमूल्य होता है एक वोट सरकार बनाने व गिराने में अहम भूमिका निभाता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना जरूरी है



अधिवक्ता अकबर अली सैफी लोक सभा निर्वाचन भारतीय लोकतन्त्र का राष्ट्रीय पर्व है।भारत के विकास और लोकतंत्र को मजबूत स्तम्भ प्रदान करने के लिए प्रत्येक भारतीय वोटर को अपना मौलिक कर्तव्य का पालन कर वोट डालें । कोई भी सत्तारूढ़ दल कभी भी आत्म संतुष्ट नहीं होगा जब उसे पता होगा कि मतदाता तुरंत अपनी शक्ति का प्रयोग कर उन्हें सत्ता से बाहर जाने का दरवाजा दिखा सकते हैं।

## बिल्डिंग फीस के नाम पर अनेक विद्यालयों में हो रही है लुट, जिला अधिकारी से की शिकायत, मंडल आयुक्त से शीघ्र मिलेगा प्रतिनिधि मंडल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नया शिक्षा सत्र शुरू होते ही अभिभावक अच्छी शिक्षा के लिए इंग्लिश मीडियम स्कूल में दाखिले के लिए बच्चों को लेकर जा रहे हैं अनेक इंग्लिश मीडियम स्कूलों एवं अन्य स्कूलों में दाखिले के नाम पर लूट मजा रखी है। यूकेजी में एडमिशन के लिए 7000 की बिल्डिंग फीस एवं किताब कॉपी अन्य मासिक फीस करीब 28000 रुपए तक वसूल किया जा रहे हैं बिल्डिंग फीस के नाम पर अवैध रूप से अनेक स्कूलों में 2000 से लेकर ?7000 तक वसूल किया जा रहे हैं किताबें भी अपनी पसंद के बुक्सेलर के यहां से या अपने स्कूल से खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है। अनेक स्कूलों द्वारा नियम के विरुद्ध फीस लेने एवं बिल्डिंग फीस लेने के मामले की आज मुख्यमंत्री ,जिला अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से लिखित में शिकायत की गई है शिकायत करने वालों को अधिकारी ने बताया कि इस मामले में टीम का गठन कर शीघ्र ही मामले की जांच कर दोषी लोगों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छी शिक्षा के नाम पर अनेक विद्यालय ऐसे भी हैं जो एडमिशन फीस के नाम पर बच्चों का शोषण कर रहे हैं। अनेक विद्यालय में किताबें कॉपी ड्रेस उन्हीं के विद्यालय में खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर किया जा रहा है अनेक अभिभावक इस मामले में कुछ विद्यालयों के जिम्मेदार पदाधिकारी अधिकारियों की रिकॉर्डिंग भी अधिकारियों के सामने रखी है और शीघ्र ही अभिभावक को एक प्रतिनिधिमंडल इस मामले में मंडल आयुक्त से मिलेगा।

## भाजपा लोकसभा युवा सम्मेलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल का हुआ जोरदार स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को नगर के मुरादाबाद रोड स्थित कन्हा विहार धर्मशाला में भाजपा लोकसभा युवा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कपिल देव अग्रवाल ने 7 मई को होने वाले चुनाव को लेकर चर्चा की और युवाओं में जोश भरते हुए कहा की प्रभु श्री राम के साथ छोटी सी सेना थी और रावण के पास एक विशाल सेना थी । फिर भी जीत सत्य और विश्वास की हुई। वहीं पांडवों को लेकर कहा कि चाहते हैं। इस तरह 2024 में हम 400 पार हो रहे हैं। वही संभल से परमेश्वर लाल सैनी के लिए भारी मतों से जीत के लिए युवाओं से अपील की । वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने भी परमेश्वर लाल सैनी की लोकसभा क्षेत्र संभल






को लेकर युवाओं को उत्साहित किया और कहा की जो कार्य पहले कभी नहीं हुए वह मोदी जी का योगी जी ने कर दिखाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिखर गोयल और संचालन सोनू चाहल ने किया। आज के कार्यक्रम में हरेन्द्र सिंह रिंकू जिलाध्यक्ष भाजपा,जिला प्रभारी हेमंत राजपूत, लोकसभा सहप्रभारी धर्मेन्द्र मिश्रा, लोकसभा संयोजक पंकज गुप्ता,प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमन खटीक,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी, नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा आकाश आहूजा, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू, आकाश अग्रवाल, अंकित जेन, अनामिका यादव, लता वार्ष्णेय,अरुण पंडित जिलाध्यक्ष भाजयुमो मुरादाबाद, अभिनव शर्मा, टी एस पाल,अलोक शाक्य ,माघवेन्द्र राघव रित्विक चौधरी, प्रियाशू वार्ष्णेय, विशाल चौहान, क्रांति कुमार, राजू ठाकुर, ऋषभ रस्तोगी, तुषार अग्रवाल, अनुभव श्रीवास्तव, विक्की रस्तोगी, सावन शर्मा अनमोल गोड़,अर्पित चौहान, लक्की चौधरी सुमित दिवाकर, देवाशीष शर्मा, अमन ठाकुर युद्धवीर चौहान, अभिषेक ठाकुर, अभिषेक राठौर,निखिल पांडेय, हरिओम चौधरी, अमन ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल पहुंचे और सभा को संबोधित किया ।

रविवार को चंदौसी कन्हा विहार में भाजपा लोकसभा युवा सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां भारी मात्रा में युवा एकत्रित हुए ।मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में पहुंचे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल का भाजपा युवा कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पांडव पांच भाई थे और कौरव सौ फिर भी पांडवों की विजय हुई। उन्होंने धारा 370 से लेकर पाकिस्तान के आतंक वाद तक की बात कही जिस तरह से धारा 370 हटाई गई पाकिस्तान के आतंकवादियों का मुंहतोड़ जवाब दिया गया भारत एक मजबूत स्थिति में है जो केवल युवाओं के एक वोट का ही नतीजा है। लगातार मोदी जी दो बार प्रधानमंत्री बने और तीसरी बार फिर सभी युवा भाजपा को वोट देकर मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में देखना

# कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की हुई समीक्षा: गेहूं खरीद की लापरवाही में केंद्र प्रभारी के विरुद्ध होगी रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । गेहूं की कालाबाजारी रोकने के लिए पुलिस भी खाद्य विभाग के अधिकारियों की मदद करेगी। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह और एसएसपी हेमराज सिंह मीना ने इस संबंध में सभी थाना प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं जिला खरीद अधिकारी गुलाब चंद ने गेहूं खरीद की समीक्षा के दौरान एजेंसियों के अधिकारियों को कसा।

उन्होंने कहा कि गेहूं खरीद में लापरवाही बरतने वाले केंद्र प्रभारियों के खिलाफ एफआइआर भी कराई जाएगी। कलक्ट्रेट सभागार में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में जनपद में गेहूं खरीद की समीक्षा बैठक की गई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक जिले में 1398 किसानों से 10110.5 टन गेहूं खरीद की जा चुकी है। जनपद में अब तक कुल 4387 कृषकों के पंजीयन किये जा चुके है, जिसके सापेक्ष 4360 कृषकों के पंजीयन खरीद के लिए सत्यापित किये जा चुके हैं। पीसीएफ, यूपीएसएस, पीसीयू, एनसीसीएफ, नैफेड के कुल 22 गेहूं कय केंद्रों पर 2000 क्विंटल से भी कम खरीद की गई है, जबकि खरीद प्रारंभ हुए लगभग दो माह पूर्ण होने वाले है। इस तरह खरीद का लक्ष्य कैसे पूरा होगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने कहा कि 30 अप्रैल को अगली समीक्षा बैठक होगी। यदि इन संस्थाओं के क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा प्रगति कर प्रतिदिन न्यूनतम 2000 क्विंटल की खरीद नहीं की जाती तो उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई होगी। एफआइआर भी दर्ज कराई जाएगी। जिन केंद्रों पर जिस दिन 200 क्विंटल से कम गेहूं की खरीद होगी उसके केंद्र प्रभारी को शाम सात बजे कलक्ट्रेट में उपस्थित होना होगा।

## कांठ तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव आज: हिंदू मतों में "बिखराव हुआ तो प्रतिद्वंदी को मिलेगा फायदा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन कांठ की नई कार्यकारिणी के लिए 108 मतदाता 29 अप्रैल को मतदान करेंगे। अध्यक्ष, एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए दो लोगों में सीधा मुकाबला है एवं महासचिव पद के लिए तीन लोगों में कांटे की टक्कर है । बताते हैं कि 108 मतदाताओं में से करीब 31 मतदाता मुस्लिम है और करीब 23 मतदाता बिश्नोई है अन्य मतदाता जाट चौहान अन्य जाति के हैं। अध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद अयूब एवं हिमांशु राणा में सीधा मुकाबला है अध्यक्ष के चुनाव में अंतिम समय में यदि हिंदू मतदाताओं में बिखराव हुआ तो प्रतिद्वंदी को फायदा पहुंच सकता है। महासचिव के लिए के कमल कुमार विश्नोई, नन्हें खां एवं शीशराम सिंह में कांटे का मुकाबला है। इस पद के लिए काफी कम अंतर से हार जीत होने की उम्मीद है। सोमवार को मतदान सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक कराया जाएगा और तीन बजे से मतों की गणना की जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि 3:30 बजे तक नए अध्यक्ष महासचिव आदि की घोषणा हो जाएगी। चुनाव समिति के मीडिया प्रभारी एडवोकेट दीपक बिश्नोई ने बताया की चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## ई-रिक्शा में सवारी बैठाने को लेकर तीन लोगों ने युवक की जमकर की पिटाई, 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)** । थाना क्षेत्र के नगर पंचायत उमरी कलां निवासी भूरे पुत्र रसीद का आरोप है कि उसका पुत्र शारिफ ई-रिक्सा लेकर उमरी चैराहे से उमरी की तरफ आ रहा था चौराहे पर रहने वाले याकूब पुत्र छुन्नु, आजम पुत्र याकूब और अजीम पुत्र याकूब ने ई रिक्सा में सवारी बैठाने को लेकर उसके साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। गाली देने को मना किया तो तीनो व्यक्तियों ने शारिफ के साथ मारपीट की अजीम ने लोहे के सरिया से सर पर वार किया जिससे उसका सर फूट गया। पीडित थाने पहुचा और तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने तीनो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जन आशीर्वाद यात्रा — जनता के बीच हुआ जोरदार स्वागत, अबकी बार फिर मोदी सरकार के नारों से गूंजी चंदौसी विधानसभा

# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताकर मांगे वोट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रविवार को संभल लोकसभा क्षेत्र की विधानसभा चंदौसी के मंडल नरौली के विभिन्न गांवों मझावली अफजलपुर, प्रहलादपुर, अल्लीपुर बुजुर्ग, अलावलपुर, फरीदपुर, भाटौर में हुई जन आशीर्वाद यात्रा। भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा आज चंदौसी विधानसभा के कई गांवों में पहुंची जिसका नेतृत्व संभल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वरलाल सैनी ने किया। परमेश्वर लाल सैनी ने लोगों से उनका आशीर्वाद मांगा। इसके साथ ही जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा कि भाजपा की जीत के बाद संभल जल्द





विकास की नई ऊंचाईयों पर पहुंचेगा क्षेत्र की हर समस्या को हल करना ही हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके साथ ही सैनी ने मोदी सरकार की नल जल योजना, पीएम आवास योजना, बुजुर्ग पेंशन योजना सहित कई और जन कल्याणकारी योजनाओं का भी जिक्र किया। सैनी ने जनता को वादा किया की लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद लोकसभा में विकास के कई कार्य होंगे।

इस यात्रा में परमेश्वर लाल सैनी को जनता का भरपूर समर्थन मिला एवं उनका सम्मान किया। इस यात्रा के दौरान परमेश्वर लाल सैनी के साथ राज्य मंत्री गुलाबो देवी, भुवनेश राघव - लोक सभा सह संयोजक, उमेश दिवाकर - एससी मोर्चा यूपी प्रभारी, हरवेश राघव मंडल अध्यक्ष, संजय सैनी - जिला महामंत्री पिछड़ा मोर्चा, राजेंद्र मोर्या-जिला उपाध्याय पिछडा मोर्चा, अंकित यादव सोशल मीडिया प्रभारी पिछड़ा मोर्चा सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का पश्चिमी जिला में प्रवास

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली ।** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विरेन्द्र सचदेवा का आज पश्चिमी जिला कार्यालय में एक दिन का प्रवास कार्यक्रम रहा इस अवसर पर उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षो को चुनाव जीतने के टिप्स बताये और दावा किया कि दिल्ली लोकसभा चुनाव में सभी सातो सीटों पर भाजपा का कब्जा कायम रहेगा क्यों की मोदी की गारंटी पर सभी को पूरा विश्वास है इस अवसर पर पश्चिमी जिला अध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर ने उन्हें अंगवस्त्र डाल कर सम्मानित किया इस अवसर पर मंच पर भाजपा नेता राजीव बब्बर, लोकसभा चुनाव प्रभारी जय प्रकाश जेपी, जिला प्रभारी महेंद्र नागपाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुनीता कांगड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष आर्य, सत्यनारायण डंग, सहित सी एल मीणा जिला महामंत्री संतोष गुप्ता, श्वेता सैनी, कुनाल साहनी आदि मौजूद रहे ।




# कान्फेड चेयरमैन के सामने आढ़तियों ने रखी कमीशन बढ़ाने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार (राजेश सलूजा)।** कान्फेड चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने पिल्लूखेड़ा अनाजमंडी का दौरा किया और यहां खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। उठान में ढिलाई पर उन्होंने अधिकारियों को उठान की गति बढ़ाने को कहा। इस मौके पर आढ़तियों ने दो प्रतिशत से बढ़ाकर कमीशन अढ़ाई प्रतिशत करने की मांग की। इस पर कर्मवीर सैनी ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस बारे में बातचीत करेंगे क्योंकि यह केवल पिल्लूखेड़ा की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के आढ़तियों की मांग है।

- **चेयरमैन ने दिया आश्वासन मुख्यमंत्री से करेंगे बात**
- **अनाजमंडियों में खरीद, उठान से आढ़ती व किसान संतुष्ट : सैनी**

कर्मवीर सैनी ने कहा कि पिल्लूखेड़ा अनाजमंडी में 12 लाख गेहूं की बोरियों की खरीद हुई है। अब केवल दस प्रतिशत आवक ही रह गई है। 50 प्रतिशत से अधिक का उठान हो चुका है। उन्होंने यहां पल्लेदारी करने वाले मजदूरों से बातचीत की और किसानों से भी फीडबैक लिया। सभी ने गेहूं की खरीद तथा समय पर भुगतान होने पर संतोष जाहिर करते हुए भाजपा सरकार का धन्यवाद किया। सैनी ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों का ध्यान रख रही है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की नीतियों पर ही वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सैनी चल रहे हैं तथा हरियाणा को विकास के रास्ते पर और तेज गति से आगे लेकर जाएंगे। सैनी ने कहा कि हरियाणा में 12 फसलों पर एमएसपी लागू है तथा सभी फसलें बिना किसी रुकावट के बिक रही हैं। किसानों की गेहूं का एक-एक दाना खरीदा जा रहा है। पहली बार गेहूं के सीजन में किसानों व आढ़तियों को किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। इस मौके पर उनके साथ अनाजमंडी उपप्रधान जगमन्द्र मलिक, नंदकिशोर गुप्ता, जयप्रकाश सैनी, सूरजभान देशवाल, होशियार सिंह सैनी, राधेश्याम शर्मा, विनोद सैनी, विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान संदीप पांचाल, हवा सिंह प्रजापत, सुशील पांचाल, ईश्वर सैनी, कप्तानसिंह, इंद्र सैनी, अमित सैनी, पवन रोड आलन, श्यामलाल मित्तल, कृष्ण कुमार, प्रदीप गर्ग, श्याम लाल जैन, अनूप बूरा भी मौजूद रहे।



# पुलिस कमिश्नरेट क्राईम ब्रॉन्च द्वारा वांछित रू0 50000/ का ईनामी अपराधी को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पुलिस कमिश्नरेट क्राईम ब्रॉन्च द्वारा थाना नन्दग्राम गाजियाबाद में शशांक शर्मा निवासी जनकपुरी दिल्ली को बन्धक बनाकर फिरौती व रंगदारी माँगने के सम्बन्ध मे पंजीकृत मुकदमें में वॉछित ,पुरस्कार घोषित अपराधी बिजेन्द्र त्यागी को मेरठ मोड थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है। अभियुक्त की गिफ्तारी पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध ,मुख्यालय) गाजियाबाद के द्वारा रू0 50,000/- का नगद पुरस्कार घोषित किया गया था।

अवगत कराना है कि दिनाँक 14,10,23 को वासु त्यागी पुत्र बिजेन्द्र त्यागी द्वारा अपने साथियों के साथ वादी शशांक शर्मा निवासी जनकपुरी दिल्ली को राजनगर एक्सटेंशन सुपर विलेज मे फ्लैट में बुलाकर असलहे के बल पर बन्धक बनाकर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए 6 करोड रुपए की फिरौती माँगी गयी थी जिस पर वादी ने अपने दिल्ली निवासी दोस्तों से 2 करोड 75 लाख रुपए की व्यवस्था कराकर वासु त्यागी के सहयोगी हर्षित को दे दिये थे। उसके बाद फिरौती के बाकी पैसे का इन्तजाम न कर पाने के कारण अभियुक्तों ने वादी से कहा कि आने वाले सोमवार को 25 लाख रुपए और देना तथा हमें हफ्ते के रूप मे 10 लाख रू महीना देते रहना और वादी से मार-पीट कर एक कागज पर लिखवाया कि मैनें 3 करोड रुपए दे दिये है बाकी पैसों के मैं चैक दे दूँगा तथा धमकी दी कि पुलिस या किसी और को यह बात बतायी तो वादी व उसके परिवारीजनो को जान से मार देंगे। इस सम्बन्ध मे थाना नन्दग्राम पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता- बिजेन्द्र त्यागी पुत्र जसवीर सिंह निवासी 2 सी / 748 ए प्रदुम्न नगर थाना सदर बाजार सहारनपुर जनपद-सहारनपुर उम्र करीब 67 वर्ष पंजीकृत अभियोग का विवरण- अभियुक्त पूर्व से थाना नन्दग्राम गाजियाबाद के मु0अ0सं0-803/23 धारा- 147/323/ 504/506/ 342/386/34/120बी भा.द.वि. में वांछित चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर रू0 50,000/- का पुरस्कार घोषित था ।



# मतदान प्रतिशत बढ़ने में बाधक बन सकती आसमान से बरसती आग,परेशान प्रत्याशी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** बीते 2 दिनों से आसमान से आग बरस रही है। सूर्य देव द्वारा धरती पर प्रेषित उनकी आग के ये गोले जिस तरह से तापमान को लगातार बढ़ने में सफल है। उससे लोकसभा के लिए शेष बचे मतदान में भारी बाधा भी पहुंच सकती है। मतलब जिस दिन भी जिन लोकसभा क्षेत्र में मतदान होगा। वहां सूर्य देव की तपिश लोगों को घरों में ही बैठने को विवश करके उनके कदम मतदान स्थल की ओर बढ़ने से रोक सकती है ,जिसके फल स्वरुप जिसका भारी प्रभाव कम मतदान के रूप में भी सामने आ सकता है। इसीलिए इन हालातों को लेकर लगभग सभी दलों की प्रत्याशी भी बहुत चिंतित हैं। इसी के साथ वैशाख में बढ़ता तापमान और गर्म हवा के थपेड़े बच्चों को बीमार बना रहे हैं। वयस्क भी डिहाइड्रेशन की चपेट में आ रहे हैं। अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की कतार लग रही है।

**मतदाताओं से संपर्क में भी बाधक बन रही आसमान से बरसती आग, सैकड़ों बीमार**

इस बीच मौसम विभाग ने भी गर्म हवा का सितम जारी रहने का अनुमान जताया है। जिसके मुताबिक सूरज के तल्ख तेवरों से परेशान लोगों की परेशानी अब लू बढ़ाएगी। बीते सप्ताह भर में पारा तेजी से बढ़ा है। जिससे डायरिया व डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। लोगों में उल्टी दस्त, सिर दर्द, बेचैनी और घबराहट से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इलेक्ट्रोलाइट की कमी से पेट दर्द की भी समस्या बढ़ रही है।

जहां तक चल रहे लोकसभा चुनाव का सवाल है। इस चिलचिलाती धूप और लू का असर अब लोकसभा चुनाव में भी दिखने लगा है। आसमान का पारा तो दिन पर दिन चढ़ रहा है, लेकिन चुनाव का पारा मतदाताओं की उपेक्षा की वजह से नहीं चढ़ रहा है। और जिस तरह से भीषण गर्मी अपना प्रभाव दिख रही है, उससे मतदान प्रतिशत कम होने की चपेट में लगभग पूरा उत्तर प्रदेश आ सकता है, जिसको लेकर हर दल का प्रत्याशी चिंतित नजर आ रहा है।

# बेहद कम रहा 2024 लोकसभा में मतदान प्रतिशत, सभी खेमों में गुणा भाग पर जोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ) ।** निर्वाचन आयोग व सामाजिक संस्थाओं, सरकारी विभागों, राजनीतिक दलों के काफी प्रयास के बाबजूद भी 2024 के चुनाव में मतदाताओं ने निराश किया और वोटिंग प्रतिशत में बेहद कमी आई । इस लोकसभा चुनाव में मतदाताओं पिछले लोकसभा चुनाव तथा 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के प्रतिशत के रिकार्ड को तोड़ने के बजाय उसे छू भी नहीं सका है। वहीं

- **राजनीतिक पंडितो का अनुमान कम मतदान भाजपा के लिए चिंता का विषय**
- **गाजियाबाद लोकसभा सीट फसी**
- **एक तरफा एससी एक्ट कानून की भी बड़ी नाराजगी देखी गई लोगो ने नही किया वोट, या किया विरोध**

मतदान प्रतिशत घटने से प्रत्याशियों व समर्थकों का चुनावी गणित भी गड़बड़ा गया है । सबसे अधिक भाजपा खेमे में बैचेनी देखी जा सकती है ।

इस लोकसभा चुनाव के पहले चरण में ही पिछले चुनाव के मुकाबले कम वोटिंग होने के कारण चुनावी विश्लेषकों तथा प्रत्याशियों को चौंका दिया था। लोगों को उम्मीद थी कि दूसरे चरण में वोटिंग का प्रतिशत अच्छा रहेंगा। लेकिन दूसरे चरण में भी वोटिंग प्रतिशत कम रहने से यह साफ कर दिया है। इस चुनाव में सरकार की नीतियों से आखिर काफी वोटर नाराज है । सबसे अधिक परेशान लोग जो कि वोट करने मतदान केंद्र तक ही नहीं पहुंचे ।

**एस सी एक्ट के कानून का भी विरोध आया नजर**

वही मोदी सरकार द्वारा बनाए गए कड़े एससी एक्ट कानून का भी विरोध दिखाई दिया । जिसमे लोगो ने कहा इस कानून से हमारे अधिकारों का हनन हुआ है । हमे सुना तक नही गया और हमारे खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज किया गया । जिससे हमारा सरकार के इशारे पर खुला उत्पीड़न हुआ । इसलिए हम वोट डालने ही नहीं जायेंगे । और ना ही किसी को डालने देंगे । इससे साफ नजर आया की इस एक पक्षीय कानून से पीड़ित लोगो ने या तो अपना वोट ही नहीं दिया या फिर सरकार के विरोध में वोट किया । वही राजनीति के पंडितो की माने तो वोटिंग का कम प्रतिशत होना भाजपा गठबंधन के लिए नुकसान दायक ही साबित हो सकता है।



देखा जाए इस बार जिलेवासियों में मतदान को लेकर अधिक उत्साह नजर नहीं आया। यही कारण रहा कि वर्ष 2019 के मुकाबले 7.68 प्रतिशत मतदान कम रहा। हालांकि, सुबह 11 बजे तक जरूर 27.19 प्रतिशत मतदान हुआ था और लोगों में उत्साह नजर आ रहा था, लेकिन शाम होते-होते मतदाताओं में मायूसी अधिक नजर आई। 2019 के लोकसभा के मतदान का रिकॉर्ड इस बार जिलेवासी नहीं तोड़ पाए। वर्ष 2019 में जिले में 66.76 प्रतिशत मतदान हुआ था। इस बार 59.08 प्रतिशत मतदान जिले में हुआ है। तीनों लोकसभा क्षेत्र मेरठ-हापुड़, गाजियाबाद-धौलाना और अमरोहा-गढ़मुक्तेश्वर में शामिल जिले के विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदान हुआ था।

**2022 विधानसभा चुनाव में हुई थी रिकार्ड तोड़ वोटिंग**

दो वर्ष पूर्व विधानसभा चुनाव पर नजर डाले तो उस चुनाव में जनपद के वोटरों ने खूब उत्साह दिखाया वर्ष 2017 के रिकार्ड को तोड़ते 67.68 प्रतिशत मतदान किया है। जबकि पिछले 2017 के चुनाव 66.76 मतदान हुआ। इस चुनाव में पिछले चुनाव के सापेक्ष 1.12 प्रतिशत ज्यादां वोट किया गया।

**प्रत्याशियों व समर्थकों की बढ़ी चिंता**

इस लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत कम होने से तीनों लोकसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों व उनके समर्थकों की चिंता बढ़ा दी है। चुनावी गणितज्ञ भी अपने उलझे गणित को लेकर परेशान दिखाई नहीं दे रहे है। अब ये लोग सही स्थिति को आंकने में काफी मशक्कत कर रहे है।

**गर्मी व लू से भी मतदान प्रभावित होने की कही गई बात**

मतदान प्रतिशत कम होने पर डीएम प्रेरणा शर्मा का कहना है कि दोपहर के समय में लू ज्यादा चलने के कारण मतदान प्रभावित हुआ। लेकिन प्रशासन तथा विभिन्न संगठनों ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

**वोटिंग के बाद प्रत्याशी व समर्थक लगे हार जीत के गणित में**

मतदान के बाद प्रत्याशियों ने अपने समर्थकों से प्रत्येक मतदान केंद्र में हुई वोटिंग के बारे में रिपोर्ट एकत्र की है। इसके अलावा बाजारों व मोहल्लों से भी यह पता लगवाया जा रहा है। उन्हें कहां कहां से वोट मिले होंगे। उनके विपक्षी को कितने वोट मिलेंगे। जनपद के तीनों सीटों के प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी जीत होने का दावा किया। इसके अलावा शनिवार को बाजारों में दुकानों के खुलते ही चुनाव परिणाम को लेकर लोगों की चचाएं खूब हो रही है। हार जीत पर शर्त लगाई जा रही है।


# बॉलीवुड हिंदी गीत "नजरो से" की शूटिंग हुई पूरी, ट्रेलर रिलीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अमृतसर (अशोक कुमार निर्भय)।** मुंबई मायानगरी बॉलीवुड में अपनी किस्मत आजमाने के लिए भारत के कई हिस्सों से नहीं विदेशो से भी लोग आते है पर किस्मत में यहाँ का दाना पानी होता है आदमी वही पर खाता जरूर है ! बॉलीवुड में पंजाब से भी बहुत लोग काम कर रहे है। अभिनय और कला से वह अपना ही नहीं बल्कि आपने माता पिता और पंजाब का भी नाम रोशन कर रहे है। पंजाब के पठानकोट की रहने वाली मॉडल और अभिनेत्री एम.के मुस्कान आज कल मुंबई बॉलीवुड में काम कर रही है। एम.के मुस्कान अभिनेत्री होने के साथ साथ निमार्ता भी है। वह काफी नए प्रोजेक्ट जिसमें गीतों के एलबम, शार्ट फिल्म आदि कर रही है।

**अभिनेत्री एम के मुस्कान और अभिनेता समर खान परदे पे आएंगे नजर**


निमार्ता और अभिनेत्री एम.के मुस्कान ने बताया कि यह गीत पायल रिकॉर्ड्स के बैनर में बन रहा है। इस गीत की शूटिंग कश्मीर और मनाली की हसीन वादियों में हुई है। इस गीत का नाम "नजरो से" है। मुस्कान ने बताया कि यह गीत एक रोमिंटिंग गीत हे जो दर्शको को बहुत पसंद आएगा। इस गीत में, स्वयं मैं और अभिनेता समर खान, परदे पर नजर आएंगे। इस गीत के निमार्ता सोनू शर्मा व निमार्ता एमके मुस्कान (अमनदीप कौर), कार्यकारी निमार्ता शमशेर सिंह शेरा, संचालन एवं विपणन प्रमुख सोनू शर्मा, निर्देशक मेक राय, डी.ओ.पी लवली अत्री, गीत एसके ने लिखे हैं। पायल रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही इस एल्बम के लेखक पवन मिश्रा, रचना अमित सावंत की है।संगीत निमार्ता एसके, पायल रिकॉर्ड्स प्राइवेट लिमिटेड, मिक्स एंड मास्टर का काम अमित सावंत ने किया है। एम के मुस्कान ने बताया के हमारे इस गीत की प्रमोशन और प्रेस कॉन्फ्रेंस भी बहुत सारी जगह पर की गई हैं। उन्होंने बताया कि बहुत सारे नए प्रोजेक्ट्स मार्किट में जल्द आ रहे है। जो दर्शकों को देखने के लिए मिलेंगे। इस गीत में हमारी पूरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया है। आज जैसे लोगों ने मेरे हर प्रोजेक्ट्स को प्यार दिया है ऐसे ही लोग हमारे इस गीत को भी पसंद करेंगे। एमके मुस्कान ने बताया के हमारा एक और सूफी पंजाबी गीत "तुम्बा यार दा" भी रिलीज के लिए तैयार है जो दर्शक पसंद भी आएगा।




# नि:शुल्क दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन, 215 मरीजों ने कराई जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में रविवार को चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के आईटीएस डेंटल कॉलेज मुरादनगर द्वारा निशुल्क दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में दांतों की जांच कर रहे डेंटिस्ट डॉ. रितु गुप्ता और डॉ अविरल वर्मा ने बताया कि दांतों की सड़न से मुंह में पैदा हुए बैक्टीरिया लोगों को बीमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हर किसी के मुंह में बैक्टीरिया होते हैं। दांत की अच्छी तरह से सफाई न करने पर इनकी संख्या बढ़ जाती है। शिविर में 215 लोगों ने जांच व इलाज कराया। कैम्प के सफल आयोजन में सहयोग करने वाले आरडब्लूए अध्यक्ष मनवीर चौधरी व मीडिया प्रभारी गौरव बंसल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शिविर में दांतों की सफाई, दांतों की फिलिंग, दांत निकालना, एक्सरे और फ्लोराइड जेल लगाने का कार्य निःशुल्क किया गया। शिविर में गुंजन, डॉ. कार्तिकी, डॉ. ऋषभ, डॉ. मोहिशा, डॉ. प्रियांशा, आशीष, राहुल, पंकज, दिलशाद, सोहनपाल समेत सभी टीम मेंबर्स का विशेष सहयोग रहा।






# गाजियाबाद में कुत्ते के चार बच्चों को जिंदा जलाया दिल दहला देने वाली घटना सामने आई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद अंकुर विहार थाना क्षेत्र के रात में भौंकने की वजह से हयात एन्क्लेव कालोनी में पति-पत्नी ने कुत्ते के चार बच्चों पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। तीन बच्चों की मौके पर मौत हो गई। चौथा बच्चा भी बुरी तरह झुलस गया। इस मामले में थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने चार दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।हयात एन्क्लेव कॉलोनी की कहकशा ने बताया कि कुछ दिन पहले पास के एक खाली प्लॉट में मादा कुत्ते ने चार बच्चों को जन्म दिया था।पड़ोस में रहने वाले दंपती कुत्ते के बच्चों के साथ मारपीट करते थे। विरोध करने पर गाजियाबाद, रविवार 28 अप्रैल से 06 मई 2024 पशु क्रूरताः रात में भौंकने की वजह से कुत्ते के चार बच्चों को जिंदा जलाया उन्होंने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे वह चोटिल हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त अंकुर विहार ने आश्वासन दिया पुलिस छानबीन कर रही है जल्द ही कार्रवाई कर अपराधियों को दंडित किया जाएगा।



**अपील** डॉ. कमल गुप्ता व डॉ. अशोक तंवर ने जनसभा में शामिल होकर की वोटों की अपील

# देश की शांति, खुशहाली व विकसित बनाने के लिए भाजपा सरकार बनाना जरूरी: चौ0 रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हिसार(राजेश सलूजा) ।** चुनाव का समय नजदीक आते-आते भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। पार्टी नेता विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नुक्कड़ सभाएं करके वोटों की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में नवदीप कॉलोनी स्थित फेलिज बैंकुएट में भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह की सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व सिरसा से प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर भी शामिल हुए। वरिष्ठ नागरिक एवं प्रमुख समाजसेवी छोटूराम गोदारा ने गुलदस्ता भेंट कर चौ. रणजीत सिंह एवं अशोक तंवर का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए हिसार से उम्मीदवार चौ.रणजीत सिंह ने कहा कि देश की शांति व खुशहाली के लिए तथा देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाना बेहद जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें 400 पार का जो संकल्प दिया है, उसे पूरा करना हम सबका नैतिक, सामाजिक व राजनीतिक कर्तव्य है। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे इस संकल्प पूरा करने में जी जान से कार्य करें। रणजीत सिंह ने कहा कि भाजपा ने उन्हें हिसार लोकसभा की टिकट देकर जनता की सेवा का अवसर दिया है। वे जनता की उम्मीदों व अपेक्षाओं पर हर हाल में खरे उतरकर दिखाएंगे। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने पार्टी नेता नवदीप गोदारा व भूपेश मेहता की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में नागरिक पहुंचे और उन्होंने हिसार एवं सिरसा प्रत्याशियों का तहदिल से स्वागत किया।




**लोगों का रुझान भाजपा की तरफ : डॉ. कमल गुप्ता**

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि चुनाव का दिन नजदीक आ रहा है। ऐसे में हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को याद रखें और देश को विकसित बनाने में अपना संपूर्ण योगदान दें। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनहित की नीतियों के कारण लोगों का रुझान भाजपा की तरफ ही है। उन्होंने ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि जनता चौ. रणजीत सिंह को ही वोट देगी और इस बात का भी हमें विश्वास है कि रणजीत सिंह भाजपा की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम बखूबी करेंगे।

**सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी : डॉ. अशोक तंवर**

सिरसा से उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर ने इस अवसर पर कहा कि चौ. रणजीत सिंह सुलझे हुए, मेहनती और ईमानदार व्यक्ति हैं। हम सबको एकजुट होकर राष्ट्र हित में योगदान देते हुए उन्हें विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि चौ. रणजीत सिंह व वे खुद एक-दूसरे का सिरसा व हिसार में सहयोग करेंगे और जनता के सहयोग से हिसार व सिरसा सहित हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

**विकसित राष्ट्र बनने के लिए बीजेपी की मजबूत वापसी जरूरी : गौतम सरदाना**

पूर्व मेयर गौतम सरदाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो काम किए हैं, जिसकी प्रतीक्षा कई सदियों और वर्षों से की जा रही थी। राम मंदिर का निर्माण 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज सम्भव हुआ है। अनुच्छेद 370 के विवादित अंशों की समाप्ति। लेकिन विपक्ष के पास इतने बड़े कार्य करने की ही नहीं, वादा करने की भी हिम्मत नहीं है। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए इस दौरान बहुत काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा की मजबूती के साथ केंद्र में वापसी आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास देश को मजबूत करने का लक्ष्य है। उनहोंने जनसभा से अपील की कि हिसार लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी चौ.रणजीत सिंह को विजयी बना कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करें।

**पूरा देश भाजपा के साथ : भूपेश महता**

वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेश महता ने कहा कि भाजपा हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीट जीतकर एक बार फिर विजय पताका फहराएगी। उन्होंने कहा कि चौ. रणजीत सिंह को हर जगह भारी जनसमर्थन मिल रहा है और वे हिसार लोकसभा सीट से जीत का इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच व नीतियों के चलते पूरा देश भाजपा के साथ है।

**आज पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल : पीयूष मेहता**

युवा भाजपा नेता पीयूष मेहता ने कहा कि आज पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में माहौल है। जनता को भारतीय जनता पार्टी पर पूरा भरोसा है। लोगों का अन्य राजनैतिक पार्टियों से मोह भंग हो चूका है और लोग आशा की नजरों से भाजपा की ओर देख रहे हैं। उनहोंने कहा कि मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि बीजेपी देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो ह्यराष्ट्र प्रथमह्ण के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री ने रतुपुरा पहुंचकर पूर्व सांसद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ध ने रतुपुरा पहुंच कर पूर्व भाजपा सांसद कुंवर सर्वेश सिंह चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी । उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद से उनके पारिवारिक रिश्ते रहे हैं। काफी समय पहले से उनका सर्वेश सिंह के घर आना जाना था।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी काशीपुर रोड स्थित सूर्या रोशनी लिमिटेड में बने हेलीपैड पर हेलिकॉप्टर से उतरे। यहां से मुख्यमंत्री कार द्वारा पूर्व सांसद के आवास पर पहुंचे। उन्होंने बरामदे में पूर्व सांसद सर्वेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व सांसद को याद करते हुए मुख्यमंत्री भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि सर्वेश सिंह से उनका पारिवारिक रिश्ता रहा है।उनके निधन से पार्टी और क्षेत्र को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। पूर्व सांसद सर्वेश सिंह ने हमेशा जमीन और गांव से जुड़ी राजनीति की थी। वे गरीबों की मदद करने में पीछे नहीं हटते थे। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए बहुत



कुछ किया है। वे हमेशा क्षेत्र के लोगों द्वारा याद किए जाएंगे। इस दौरान पूर्व सांसद के पुत्र एवं बढ़ापुर के भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह,उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत और यूपी के पूर्व मंत्री एमएलसी अशोक कुमार कटारिया, संजय सिंह, ठाकुरद्वारा ब्लॉक प्रमुख के पति डॉ. वीर सिंह सैनी, नवीन कुमार शर्मा, चंद्रपाल सिंह, शिवेंद्र गुप्ता, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को ब्लड दान कर दिया इंसानियत का पैगाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। मासूम बच्चे को ब्लड दान कर इंसानियत का पैगाम दिया है लोगों ने सराहना की है। शोशल मीडिया पर चल रहे । व्हाट्सएप ग्रुप शान ए कुन्दरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन के वरिष्ठ सदस्य संभल के रहने वाले मौहम्मद दानिश ने डेढ़ साल के बच्चे को अपना ओ पॉजिटिव रक्तदान कर बच्चे की जान बचाई। डेढ़ साल का मोहम्मद खिजर संभल के न्यू लाइफ हॉस्पिटल में पहुंचकर ब्लड डोनेशन कर बच्चे की जान बचाई । बच्चों को ब्लड डोनेट कर जान बचाने के लिए लोगों ने सराहना की ।



## विश्व मूर्ति कला दिवस गोष्ठी का आयोजन कर मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जौनपुर (एम.के.भारती सैफी)** ।विश्व मूर्ति कला दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सेवा भारती जिला अध्यक्ष मुरादाबाद एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने बताया एक कुशल मूर्तिकार के द्वारा उसके शिल्प कला से चाहे किसी महापुरुष की मूर्ति हो जैसे सरदार वल्लभभाई पटेल की विशालकाय स्टैचू या पंडित गोविंद बल्लभ पंत क्रांतिकारी नेता सुभाष चंद्र बोस सरदार भगत सिंह चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी शहीद मंगल पांडे ए एकलव्य बिरसा मुंडा एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की अयोध्या भक्त राम मंदिर में श्री राम लाल की मूर्ति का निर्माण होकर के एक विश्व गौरव प्राप्त हुआ है। ऐसे और भारत देश के प्रत्येक राज्यों में वहां के क्रांतिकारी महापुरुष एवं वाहन के प्रमुख नेता एवं देवी देवताओं की मूर्तियों का निर्माण भगवान भोलेनाथ पद्मनाभ स्वामी मंदिर तिरुवंतपुरम में भगवान विष्णु की जगन्नाथ पुरी में जगन्नाथ भगवान की आदि मूर्ति कला जैसे कोणार्क सूर्य मंदिर मूर्ति कलाकारों के द्वारा अद्भुत मूर्तियों का निर्माण किया गया है । इस अवसर पर पंडित सनत कुमार मिश्रा मंगल यादव विभूति नारायण मिश्र वेंकटेश मिश्रा सूर्यांश कुमारी आकांक्षा कुमारी वैष्णवी आदि ने भाग लिया।

## बेसिक शिक्षा निदेशक ने आदेश किया जारी: शिक्षक नेताओं को बायोमेट्रिक उपस्थिति में मिलेगी छूट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। शिक्षक नेताओं को बैठक के लिए सुबह व दोपहर में बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट दी गई है। बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से शासन के आदेश का हवाला देते हुए इस पर राहत दी है। सरकारी विभागों के मान्यता प्राप्त सेवा संघों के पदाधिकारियों को शासन, विभागाध्यक्ष, कार्यलयाध्यक्ष, मंडलायुक्त व डीएम के स्तर से उनकी मांगों के निराकरण के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होना होता है। इसे देखते हुए कर्मचारी संगठनों की ओर से इस तरह की बैठकों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट देने की मांग की गई थी। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने शासन के निर्देश का हवाला देते हुए संघ के पदाधिकारियों को बायोमेट्रिक उपस्थिति से छूट दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

## अब कक्षा तीन से शुरू होगी संस्कृत की पढ़ाई

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)**। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा एक और दो से संस्कृत विषय हो हटा दिया गया है। अब संस्कृत की पढ़ाई कक्षा तीन से होगी। कक्षा एक और दो के पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए नई किताबें तैयार कर दी गई हैं। किताबों की छपाई का काम चल रहा है। अगले महीने तक किताबें बच्चों को मुहैया करा दी जाएंगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत अब किताबों में बदलाव किया जा रहा है। इस वर्ष कक्षा एक और दो की किताबों में बदलाव किया गया है। पहले कक्षा एक और दो में कलरव किताब होती थी। एक ही किताब में हिंदी, अंग्रेजी, गणित और संस्कृत विषय की सामग्री होती थी। इससे बच्चे पर किताब का बोझ नहीं होता था और उसे तीन भाषाओं और गणित का ज्ञान कराया जाता था। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की किताबों को पढ़ाया जाना है। उस किताब को उत्तर प्रदेश के परिवेश के अनुसार बदला गया है। अब हिंदी, अंग्रेजी और गणित समेत कुल तीन किताबें हो गई हैं, जबकि संस्कृत को हटा दिया गया है।

## नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे: अरविंद कुमार पुंडीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। संभल लोक सभा क्षेत्र से इस बार कमल खिलेगा नरेंद्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। यह बात भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने कही उन्होंने कहा कि हमारे बूथ के मैनेजमेंट से ही हमारी विजय का रास्ता खुलता है। सभी कार्यकर्ता एवं बूथ के पदाधिकारी का सम्मान करता हूं। इस बार मोदी की लहर में संभल में कमल खिलेगा हम ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट डालकर परमेश्वर लाल सैनी को जिताना होगा। हमें 95% मतदान करना होगा। अरविंद कुमार पुंडीर मंडल महामंत्री ने कहा कि आज विपक्ष के पास तो कुछ कहने के लिए नहीं बचा। जन-जन जन तक हमारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता ने लिया है । हमारी सरकार ने हर वर्ग को योजना का लाभ दिया है। बिना किसी भेदभाव के सभी को योजना का लाभ मिल रहा है। लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का कहना है कि मैं तो सदैव एक कार्यकर्ता की तरह ही कार्य करता रहूंगा। संभल के विकास के लिए में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस बार संभल में कमल खिलेगा यह सब आपकी ही मेहनत से होगा मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।




नक्शे अली ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की वजह से आपकू परिश्रम एवं प्रयासों से देश व प्रदेश में। भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। हमने सबका साथ, सबका विकास, सबके विश्वास के साथ कार्य किया है। इस बार भरोसा नहीं अबकी बार मोदी की गारंटी है। जो विकास पिछले वर्ष 10 वर्षों में किया गया है। उससे पूरे देश में आज मोदी की लहर दौड़ रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में माफिया व गुंडों का राज था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। आज रामराज है बिना किसी डर के जनता आज जान रही है कि यह केवल मोदी व योगी के राज में संभव है। बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख के साथ में दिन-रात मेहनत करते हैं। आपकी पहचान भारतीय जनता पार्टी है। शत प्रतिशत हमारे बूथ अध्यक्ष अपने-अपने बूथ के लाभार्थियों से संपर्क करके अपने बूथों पर पहले से अधिक मत लेकर पार्टी के लिए विजय दिलाएंगे। जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खान ने कहा कि हमें अबकी बार 400 पर करना है। यह तभी संभव है। जब हम सब मिलकर ज्यादा से ज्यादा वोट डलवा कर अपना वोट प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करेंगे। हमें संभल में कमल खिलाकर परमेश्वर लाल सैनी को सांसद बनना है। इसके लिए हमें घर-घर जाकर संपर्क करना होगा।

## बिलारी क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की ओर से चुनावी सभाओ का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी )**। नगर व देहात क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की ओर से जगह-जगह चुनावी सभाओं का आयोजन किया गया । जिसमे साइकिल के निशान पर वोट देने की अपील करते हुए कहां गया कि 28 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव बिलारी क्षेत्र के स्योंडारा पैंठ बाजार मैदान में? एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमें पी डी ए के सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और उनके विचारों को सुने /



चुनावी सभाओं को समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राम सिंह आर्य कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष चौधरी एहसान खान कांग्रेस के नगर अध्यक्ष शौकत अली और बिलारी नगर के मोहम्मद फारूक इरफान खान व मोनिशखान आदि ने संबोधित किया ।

## गर्मी के प्रकोप को देखते हुए शिक्षक नेताओं ने परिषदीय विद्यालयों का समय सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक करने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। प्रदेश में कक्षा आठ तक के समस्त परिषदीय विद्यालय शासन के निर्देश पर शनिवार को सुबह 7:30 बजे से सुबह 11:30 बजे तक खुले। बेसिक शिक्षा परिषद के द्वारा संचालित सभी परिषदीय स्कूलों व मान्यता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों को एक दिन की यह राहत दी गई है।

बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जारी आदेश में बताया है कि गर्मी को देखते हुए स्कूल के समय को घटाया गया है। लेकिन सचिव के आदेश में सोमवार से विद्यालय सुबह 7:30 बजे से दोपहर एक बजे तक खुलेंगे। निदेशक की ओर से जारी गजब आदेश में 27 अप्रैल के साथ-साथ 28 अप्रैल यानी रविवार को भी सुबह 11:30 बजे तक विद्यालय खोलने के निर्देश को लेकर शिक्षकों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई और इसे लेकर विरोध शुरू हो गया। कुछ शिक्षक संगठनों द्वारा बताया गया कि इसको लेकर निदेशक द्वारा सफाई दी गई है कि आदेश में तारीख की निरंतरता को लेकर ऐसा लिखा गया। रविवार को तो अवकाश रहेगा ही।

मालूम हो कि बीते मार्च में भी परिषदीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 31 मार्च यानी रविवार को जारी करने के निर्देश दिए गए थे। शिक्षकों के विरोध के बाद तारीख बदलकर 30 मार्च की गई थी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार शर्मा एवं ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही शिक्षक नेता रिजवान अहमद आदि लोगों ने गर्मी को देखते हुए विद्यालय का समय सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक करने की मांग शासन से की है। क्योंकि आने वाले समय में गर्मी का प्रकोप बढ़ने वाला है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक विद्यालय दोपहर 12:30 बजे तक खुल रहे हैं यानी छोटे बच्चे 1:00 बजे तक स्कूल में रहेंगे और बड़े बच्चे 12:30 बजे तक स्कूल में रहेंगे।

# टीएमयू नर्सिंग एल्युमिनाई ने साझा किए अनुभव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद**। नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली में नर्सिंग सर्विसेज के टीम लीडर श्री मानस जैन ने टीएमयू का हिस्सा होने पर गर्व महसूस करते हुए नर्सिंग क्षेत्र में नौकरी और कैरियर के अवसर भी साझा किए। उन्होंने नर्सिंग स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में विभिन्न अवसरों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। नर्सिंग विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए श्री जैन ने अपने व्याख्यान में नर्सिंग क्षेत्र में बेसिक लाइफ सपोर्ट और इसके दायरे, महत्व और दायरे के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने टीएमयू के नर्सिंग कॉलेज में सिमुलेशन लैब में छात्रों को बुनियादी जीवन समर्थन तकनीकों का भी प्रदर्शन किया। श्री मानस जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के एलयुमिनाई रिलेशन सेल-एआरसी के तहत कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। अंत में श्री मानस जैन ने कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से शिष्टाचार भेट की और उनका आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इससे पहले श्री मानस



जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, वाइस प्रिंसिपल प्रो. जसलीन एम., एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एल्युमिनाई टाक का शुभारम्भ किया। श्री मानस ने छात्रों को अध्ययन के लिए प्रेरित किया और उन्हें सरकारी नौकरी के लिए विभिन्न प्रतियोगी पुस्तकों का संदर्भ लेने की सलाह दी।

उन्होंने छात्रों को विदेशों में नर्सिंग की नौकरी पाने के लिए आईएलईटीएस, ओईटी आदि परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के टिप्स भी दिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि यदि वे अच्छी पढ़ाई करेंगे तो निश्चित रूप से उन्हें सरकारी नौकरियों के संग-संग विभिन्न देशों में जाने का मौका मिलेगा। एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी ने मोटिवेशन स्पीच से छात्रों को प्रोत्साहित किया। पूर्व छात्र समन्वयक प्रो. रामनिवास और श्री गौरव कुमार ने कहा, इस प्रकार के आयोजन हर क्षेत्र में नर्सिंग के व्यापक दायरे के लिए प्रेरणा और अभिविन्यास बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

## हाईवे पर सड़क पार करते समय कार ने मारी टक्कर, किसान की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे पर शनिवार की सुबह साढ़े आठ बजे बेगन आर कार की टक्कर से किसान बदलू शाह की मौत हो गई है । किसान सुबह को सड़क पार कर- के खेत पर जा रहा था ।







कुन्दरकी थानान्तर्गत गांव भीकनपुर कुल्बाड़ा निवासी किसान बदलू उम्र (60)वर्ष खेती करके अपनी गुजर बसर करता था । शनिवार की सुबह किसान बदलू शाह साढ़े आठ बजे अपने घर से खेत को जाने के लिए निकला और जैसे घर के सामने मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे पैदल पार करने लगा तभी मुरादाबाद की दिशा से तेज गति से आ रही एक बैगन आर कार ने डंपर मे जा लगी उसके बाद मे किसान के टक्कर मार दी । हादसे मे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल किसान बदलू शाह को अस्पताल को भेजा गया। अस्पताल में उपचार के दौरान किसान बदलू शाह की मौत हो गई । पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए कार को कब्जे मे ले लिया है । और पुलिस ने पंचनामे की कार्रवाई करते हुए किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

किसान की मौत की खबर पर उसकी पत्नी नूरजहां,चार बेटे और चार बेटियों का रोते रोते बुरा हाल हो गया गया । सगे संबंधीयों ने ढाढंस बंधाया।मृतक किसान के आवास पर रिश्तेदारो और परिचितों का तांता लग गया । और किसान की अचानक सड़क दुर्घटना मे हुई मौत पर अफसोस जाहिर किया । देर रात को किसान के शव को गांव के कब्रिस्तान मे सुपुर्द ए खाक कर दिया गया । इस दौरान काफी तादात मे लोग मौजूद रहे ।

## स्कूल चलो अभियान को लेकर नगर एवं गांव में निकाली जाएगी जागरूकता रैली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। तहसील एवं जनपद में स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता लाने के लिए प्रचार-प्रसार किया जाएगा। वातावरण सृजन के लिए डोर-टू-डोर सर्वे के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार कर अन्य गतिविधियां कराई जाएंगी। साथ ही जनपद, विकास खंड व विद्यालय स्तर पर रैली एवं प्रभातफेरी निकाली जाएगी। इसको लेकर शिक्षा निदेशक (बेसिक) ने बीएसए को पत्र लिखा है।आदेश में कहा गया है कि स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए बीएसए अपने जिले के डीएम के निर्देशन में अन्य विभागों से समन्वयक बनाकर अभियान चला सकते हैं। कहा गया है कि अभियान इस तरह चलाया जाए कि छह से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा नामांकन एवं शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह जाए। इसके अलावा विद्यालय स्तर पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए विद्यालय प्रबंध समिति के साथ बैठक करते हुए नामांकन एवं प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करेंगे। पत्र में इस बात का जिक्र किया गया है कि वर्तमान में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के चलते यह भी ध्यान रखा जाए कि अभियान में किसी भी तरह से राजनैतिक लाभ कोई भी नहीं उठा सके। ये भी कहा गया है कि विद्यालय प्रबंध समिति व शिक्षक अभिभावक बैठक में गांव के उस विद्यालय में पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर चुके प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपलब्धियों पर चर्चा की बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित किया जाए। अनेक शिक्षकों ने रविवार को बताया कि नगर में शीघ्र ही जागरूकता रैली निकाली जाएगी।




## शासन के निर्देश के 1 वर्ष बाद भी यहां के मरीजों को नहीं मिल रही है "ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श की सुविधा"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। शासन ने करीब 1 वर्ष पूर्व मरीजों को टेलीमेडिसिन के माध्यम से "हर दिन ऑनलाइन चिकित्सीय परामर्श" की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे लेकिन आज तक मरीजों यहां यह सुविधा नहीं मिल रही है' शासन ने मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिए थे । अस्पतालों में तैनात सभी चिकित्सकों, एएनएम और सीएचओ की लागिन आइडी के तैयार कर ब्यौरा भरकर भेजने के निर्देश दिए थे। अस्पतालों में रोस्टर के अनुसार ड्यूटी लगाकर हर दिन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मरीज को देश भर के मेडिकल कालेजों व चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डाक्टरों से चिकित्सीय परामर्श सभी सरकारी अस्पतालों में हफ्ते में केवल दो दिन ही यह सुविधा मरीजों को दी जा र रही थी।

कई अस्पतालों में यह सुविधा नियमित नहीं दी जा रही थी। शासन द्वारा भेजे गए निर्देश में कहां गया था कि उत्तर प्रदेश ई संजीवनी पोर्टल" के माध्यम से सभी जिला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर अभी सभी सरकारी टेलीमेडिसिन के माध्यम से हर दिन अस्पतालों में हफ्ते में आनलाइन चिकित्सीय परामर्श की सुविधा दिलाई जाएगी। संजीवनी पोर्टल की लागिन - आइडी तैयार करने के निर्देश दिए गए । वहीं निगरानी के लिए सभी जिला मुख्यालय पर निर्देश दिए गए थे लेकिन नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को यह सुविधा नहीं दी जा रही है ।


बेबसी — खलील सैफी को पत्नी और बच्चे भी बेबसी की हालत में छोड़कर चले गए

# आंखो की रौशनी चले चले जाने से दुनिया मे हुआ अंधेरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)** । इंसान की जिंदगी मे बीमारी के साथ अपनो का सहारा और साथ मिल गए जाए तो बीमारी के दुख भी खत्म हो जाता है, लेकिन अगर अपने दुःख में साथ छोड़ जाए तो जिंदगी मानो खत्म हो जाती है।लेकिन कुन्दरकी के एक गांव में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है।कुन्दरकी एक लकड़ी के शानदार कारीगर रहे खलील अहमद की कुछ साल पहले आंखों की रोशनी चली आई।और वह 50 वर्ष की उम्र के आंखों से नवीना हो गए तो बच्चो ओर पत्नी ने मुहँ मोड़ लिया।अब बुजुर्ग ने पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है।

कुन्दरकी क्षेत्र के चांदपुर मंगोल गांव के रहने वाले वाले लकड़ी के शानदार कारीगर बेहतरीन हुनर के माहिर थे लकड़ी को अपने हाथों ने तराश कर नया रंग देने वाले खलील अहमद की वैवाहिक जीवन की शुरूआत 2004 से हुई थी।तब खलील के यहाँ खुशियों भरा परिवार होता था सब कुछ ठीक था लेकिन शादी के 9 साल बाद 2013 में खलील अहमद की किसी कारण वश आंखों की रोशनी चली गई।अब खलील अहमद परिवार पर बोझ बनने लगे।तब से धीरे धीरे अपनो ने उनको छोड़कर जाना शुरू के दिया। जब तक खलील अहमद के पास पैसा और सम्पत्ति थी तब तक परिवार साथ था लेकिन दवाई के खर्च से धीरे सब कुछ खत्म होता देख परिवार में उनका साथ छोड़ दिया अब तीन दिन पहले पत्नि और बच्चे की उनको बेसहारा छोड़कर चले गए।दुख से परेशान खलील अहमद ने मामले की शिकायत पुलिस से की ओर मदद की गुहार लगाई है। और खलील अहमद सैफी अपनी पत्नी और बच्चों को भी साथ में रखने को तैयार है।



खलील अहमद सैफी की सगे संबंधी और परिचित लोग मदद करते रहते हैं।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जौनपुर (एम.के.भारती सैफी)**। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर ग्राम हसनपुर की पशु शाला में 17 अप्रैल 2024 को दोपहर 1:00 बजे अज्ञात कर्म से आग लग जाने से एक दुधारू गाय छोटी बछिया एवं एक भैंस के बच्चे की तेज अग्निकांड में जलकर मृत्यु हो गई थी एक भैंस काफी मात्रा में झुलस कर चल गई थी जिसका लगभग 10 दिन से इलाज चल रहा है मौके पर सरकारी पशु चिकित्सा अधिकारी सिकरारा एवं 1962 के एंबुलेंस कर्मचारी मौके पर इलाज हेतु आए थे बाद में डॉक्टर त्रिभुवन सिंह एवं डॉक्टर मंगल प्रसाद यादव के द्वारा नियमित इलाज हो रहा है प्रतिदिन टीकाकरण एवं देसी अलसी के तेल में देसी दवाई बनाकर इलाज चल रहा है आयुर्वेदिक नीम के पत्ते को पानी में उबाल कर भैंस के शरीर की धुलाई भी की जा रही है ताकत बढ़ाने को कैल्शियम की दवाई भी उपचार में दिया जा रहा है इस अवसर पर विभूति नारायण मिश्र वेंकटेश मिश्रा सूर्यांश एवं पंडित विनोद कुमार मिश्रा भी सहयोग कर रहे हैं।





# द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम से जुड़ीं श्रीलीला, विजय की फिल्म में लटके-झटकों से जीतेंगी दिल ?

तमिल सुपरस्टार दलपति विजय अपनी आगामी फिल्म ह्यद ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइमह्ल को लेकर बीते लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म से जुड़ा हर एक अपडेट हेडलाइंस का हिस्सा बन रहा है। इसी बीच वेंकट प्रभु के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर एक और बड़ी जानकारी सामने आई है, जो फैंस के उत्साह को और भी ज्यादा बढ़ाने वाला है। वेंकट प्रभु द्वारा निर्देशित और एजीएस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम एक साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म है। फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में हैं। हालिया विकास ने प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि श्रीलीला कलाकारों में शामिल हो सकती हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रीलीला को इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म के कलाकारों में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया है। कहा जा रहा है कि मेकर्स फिल्म में एक खास गाने के लिए अभिनेत्री से बातचीत कर रहे हैं। हालांकि, कोई और विवरण सामने नहीं आया है और अभी तक इसके बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

दलपति विजय के नए प्रोजेक्ट को लेकर प्रत्याशा के बीच, चिंता तब पैदा हुई जब एक तस्वीर ऑनलाइन सामने आई जिसे लेकर दावा किया गया कि अभिनेता के हाथ में चोट लग गई है।

कथित तौर पर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की शूटिंग के दौरान लगी इन चोटों ने दुर्घटना की सीमा और परिस्थितियों के बारे में प्रशंसकों के बीच जिज्ञासा पैदा कर दी है। द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम टीम पहले हाई-ऑक्टेन एक्शन दृश्यों को फिल्माने के लिए रूस गई थी, जिसे अब हालिया झटके के कारण रोक दिया गया है। इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म में मीनाक्षी चौधरी, प्रशांत, प्रभु देवा, माइक मोहन, जयराम, स्नेहा, योगी बाबू जैसे अन्य कलाकार शामिल हैं। फिल्म का पोस्टर जारी होने के बाद अटकलें लगाई गईं कि द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम, हॉलीवुड फिल्म जेमिनी मैन का रीमेक है। हालांकि, वेंकट प्रभु ने साफ कर दिया कि यह एक मूल स्क्रिप्ट है।

# प्राची सिंह ने साड़ी के साथ बोल्ड ब्लाउज पहन हिलाया इंटरनेट, पतली कमर पर ठहरीं ट्रोल्स की निगाहें

भोजपुरी सिनेमा की बोल्ड वाला प्राची सिंह सोशल मीडिया की जान बन गई हैं। प्राची सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और इंस्टाग्राम पर अपने बोल्ड लुक से तहलका मचा देती हैं। एक्ट्रेस की एक-एक फोटो पर फैंस हजारों और लाखों की संख्या में लाइक्स देते हैं। प्राची सिंह वेस्टर्न आउटफिट में ही नहीं बल्कि सलवार सूट से लेकर साड़ी तक में अपना फिगर फ्लॉन्ट करना जानती हैं। हाल ही में प्राची सिंह की कुछ फोटोज इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। इन फोटोज में वह पिंक



कलर की साड़ी में बला की सुंदर लग रही हैं। आइए आपको प्राची की एक और तस्वीर में के सिजलिंग पोज दिखाते हैं। प्राची सिंह का इंस्टाग्राम अकाउंट बोल्ड फोटोज से भरा हुआ है। ये फोटोज एक्ट्रेस ने कुछ समय पहले शेयर की थीं, जिसमें वह काफी हसीन लगीं। प्राची सिंह ने इन फोटोज में ब्लू कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें उन्होंने अपना फिगर बहुत की खूबसूरती से फ्लॉन्ट किया। इसके साथ एक्ट्रेस ने पिंक कलर का बोल्ड ब्लाउज पहना। प्राची सिंह का ये ब्लाउज ब्रा स्टाइल में है, जिसे एक्ट्रेस ने बहुत ही खूबसूरती से पहना। इस डीप नेक ब्लाउज को एक्ट्रेस ने काफी कॉन्फिडेंस के साथ पहना है। प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्राची सिंह ने अपनी इन फोटोज में अलग-अलग पोज दिए हैं। इस फोटो में एक्ट्रेस ने अपनी आंखों को बंद किया हुआ है। प्राची सिंह ने इस फोटोशूट का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें वह अपना फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की पतली कमरिया पर फैंस की निगाहें रुक गईं। प्राची सिंह की इन फोटोज को फैंस ने काफी पसंद किया था। हर किसी ने उनके लुक्स की तारीफ की। एक्ट्रेस के लिए हार्ट और फायर के इमोजी आए। बता दें कि प्राची सिंह अपनी जिंदगी में एक कदम आगे बढ़ चुकी हैं। वह अपने बॉयफ्रेंड किशन राय संग सगाई कर चुकी हैं। कपल की फोटोज काफी वायरल हुईं। हालांकि, अब फैंस जानना चाहते हैं कि प्राची सिंह कब शादी कर रही हैं। एक्ट्रेस की तरफ से अब तक डेट सामने नहीं आई हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर बड़े मियां छोटे मियां की कमाई में गिरावट जारी, मैदान का भी हालत पस्त

अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला, लेकिन हर गुजरते दिन के साथ इसकी दैनिक कमाई में गिरावट देखी जा रही है।फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन बीत चुके हैं और अब इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो चुकी है।बड़े मियां छोटे मियां की कमाई के 15वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। यह अब तक का सबसे कम कारोबार है।




बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, बड़े मियां छोटे मियां ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी गुरुवार को 80 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 58.50 करोड़ रुपये हो गया है।बड़े मियां छोटे मियां का निर्देशन अली अब्बास जफर ने किया है। सुल्तान और भारत के बाद यह फिल्म उनकी तीसरी ईद रिलीज है। मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। अजय देवगन और प्रियामणि की फिल्म मैदान का भी हाल बेहाल है।

यह फिल्म शुरूआत से बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों के लिए तरस रही है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के 15वें दिन 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 38.55 करोड़ रुपये हो गया है।सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद यह स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे सकती है।

# बॉक्स ऑफिस पर फिल्म दो और दो प्यार की हालत पस्त, एलएसडी 2 दम तोडने के कगार पर

विद्या बालन, इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी जैसे सितारों से सजी फिल्म दो और दो प्यार का प्रदर्शन भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं रहा।इस फिल्म ने रिलीज के दिन करोड़ का आंकड़ा नहीं छुआ था और न ही अब तक छु पाई है। हालांकि, लव सेक्स और धोखा 2 के मुकाबले यह दर्शकों को ज्यादा आकर्षित करने में कामयाब रही।दो और दो प्यार की कमाई के छठे दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, दो और दो प्यार ने रिलीज के 7वें दिन 23 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 3.43 करोड़ रुपये हो गया है।शीर्षा गुहा ठाकुरता के निर्देशन में बनी फिल्म इस फिल्म में सेंथिल राममूर्ति भी प्रमुख भूमिका में हैं।यह फिल्म सिनेमाघरों में कमाई करने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर दस्तक देगी। इस फिल्म का




प्रीमियर जून के अंत में होगा। दो और दो प्यार की कहानी काव्या (विद्या) और अनिरुद्ध (प्रतीक) की है, जिनकी शादी उथल-पुथल भरे दौर से गुजर रही है। 3 साल तक डेटिंग करने और शादी के 12 साल बाद, काव्या और अनी का रिश्ता नीरस हो चुका है।इसके बाध उनकी जिंदगी में विक्रम (सेंधिल) और नोरा (इलियाना) की एंट्री होती है, जो उनके रिश्ते में नए रंग भरते हैं।अब ऐसा क्या होता है, यह जानने के लिए आपको सिनेमाघरों का रुख करना होगा।

वहीं दूसरी ओर दिबाकर बैनर्जी के निर्देशन में बनी एलएसडी 2 की शुरूआत ही खस्ता तरीके से हुई थी। पहले दिन ही फिल्म की कमाई लाखों में सिमट गई थी। फिल्म को रिलीज हुए चार दिन हो चुके हैं, लेकिन एक भी दिन इसकी कमाई ने करोड़ का आंकड़ा छूने की बात तो दूर उसके निकट तक नहीं पहुंच पाई। फिल्म ने पहले दिन 15 लाख रुपये कमाए थे और गुजरते दिनों के साथ इसमें भी गिरावट आई। हालांकि, बीते दिन गुरुवार को फिल्म की कमाई में मामूली उछाल आया। फिल्म ने सातवें दिन सात लाख रुपये की कमाई की। अब फिल्म का कुल कलेक्शन 94 लाख रुपये हो चुका है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा से दर्शकों को काफी उम्मीदें थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी।सागर अम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 32.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।इस फिल्म को लगभग 55 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है।इसी




साल 15 मार्च को सनेमाघरों में रिलीज हुई योद्धा अब अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। यह रेंट पर उपलब्ध है। योद्धा में सिद्धार्थ की जोड़ी पहली बार राशि खन्ना के साथ बनी है। दिशा पाटनी ने भी फिल्म में अपने अभिनय की तडका लगया है।हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान इस फिल्म के निमार्ता हैं।योद्धा की कहानी एक प्लेन हाइजैक की है, जिसका एयर कमांडर अरुण कात्याल (सिद्धार्थ) है।इस हाईजैक के सभी सुराग अरुण के इसमें सम्मलित होने की ओर इशारा करते हैं और जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है संदेह बढ़ता जाता है।

योद्धा, अजय देवगन की फिल्म शैतान के एक हफ्ते बाद सिनेमाघरों में आई थी, जिसकी वजह से इसकी कमाई में भी असर पड़ा था। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है, लेकिन फिलहाल इसे देखने के लिए आपको पैसे खर्च करने पड़ सकते हैं।

योद्धा फिल्म की कहानी में देखने को मिलता है कि पिता मेजर सुरिंदर कटियाल (रोनित राय) के शहीद होने के बाद अरुण कटियाल (सिद्धार्थ मल्होत्रा) योद्धा में भर्ती होता है। वह सीनियर्स के ऑर्डर की प्रतीक्षा किए बिना ही अकेले आतंकियों से लडने के लिए वन मैन आर्मी की तरह कूद पड़ता है। उसकी पत्नी प्रियम्वदा कटियाल (राशि खन्ना) पीएम की सेक्रेटरी है। अरुण को सस्पेंड कर दिया जाता है। आगे क्या होता है इसके लिए आपको मूवी देखनी होगी।

# क्वीन ऑफ मास काजल अग्रवाल की फिल्म सत्यभामा का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज

क्वीन ऑफ मास-नवीनतम टैग-ज्जल अग्रवाल अपनी नवीनतम फिल्म सत्यभामा के साथ आ रही हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जबकि नवीन चंद्रा अमरेंदर नाम का महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। आज निमार्ताओं ने फिल्म का पहला सिंगल कल्लारा रिलीज किया। यह गीत एक राग है, जिसे संगीत निर्देशक श्रीचरण पकाला ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल रामबाबू गोसाला ने लिखे हैं और सुर की रानी श्रेया घोषाल ने अपनी आवाज दी है। यह गीत युगल सत्यभामा और अमरेंदर के विश्वविद्यालय के दिनों के प्यार और अंतरंगता को दशार्ता है। गाना कल्लारा फिल्म सत्यभामा का एक विशेष आकर्षण होने का वादा करता है। समृद्ध गीतात्मक मूल्यों के साथ मधुर धुन को श्रेया घोषाल के सुंदर स्वरों द्वारा पूरक किया गया।



सत्यभामा एक आगामी काजल अग्रवाल अभिनीत एक्शन-ड्रामा है जिसमें अभिनेत्री एक पुलिस वाले की भूमिका निभाती है। सत्यभामा के निमार्ताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ नवंबर 2023 में अपना पहला टीजर जारी किया था।

ॉरम आर्ट्स के बैनर तले बॉबी टिक्का और श्रीनिवास राव टक्कलपल्ली द्वारा निर्मित, यह फिल्म मेजर निर्देशक शशिकिरण थिक्का द्वारा प्रस्तुत की गई है और सुमन चिक्काला द्वारा निर्देशित है, यह एक क्राइम थ्रिलर है जो 17 मई को सिनेमाघरों में भव्य रूप से रिलीज होने के लिए तैयार है।

# निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान, दर्शकों को मिलेगा रोमांच का फुल डोज

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।

अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है।

अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के



कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं।

निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन-थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करें तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे। घरेलू टिकट खिडकी पर फिल्म ने 86.75 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म ने केवल हिंदी भाषा में ही 31.35 करोड़ रुपये बटोर डाले थे।

# लाखों रुपए के लेन देन के विवाद में युवक के सिर में गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर।** ढाई लाख रुपए के लेन देन को लेकर विवाद के चलते सरे आम युवक के सिर में गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल व कारतूस व स्कार्पियो गाड़ी, बरामद की है। वहीं घायल युवक की हालात अभी भी गंभीर बनी हुई है। नगर की मलिक नगर कॉलोनी निवासी दाशिन व नावेद के बीच ढाई लाख रुपए के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार शाम को करीब छह बजे दानिश, जावेद व अन्य युवकों के साथ मालिक नगर कॉलोनी के अति व्यस्त इलाके में ही एक दुकान पर खड़ा होकर कोल्ड ड्रिंक्स पी रहा था। इसी बीच आरोपी नावेद स्कार्पियो गाड़ी से वहां आया और दानिश को टारगेट बनाते हुए पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू करदी। दानिश ने तो नीचे झुक कर अपनी जान बचाली लेकिन एक गोली दानिश के पीछे खड़े जावेद के सिर में जा लगी। ताबड़ तोड़ हुई फायरिंग की आवाज से मोहल्ले में अफरा तफरी मच गई। लोग मौके से भाग खड़े हुए। इसके बाद नावेद घायल हुए जावेद को उठाकर अपनी गाड़ी में डालकर ले गया और मुरादनगर व मोदीनगर के अस्पताल में भर्ती कराने के लिए भटकता रहा। जब किसी ने उसे भर्ती नहीं किया तो वह जावेद को चुंगी नम्बर तीन पर सड़क पर फेंककर फरार हो गया। एसीपी ने बताया कि पुलिस ने रविवार सुबह सूचना के आधार पर नावेद निवासी मलिकनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई स्कार्पियो गाड़ी, पिस्टल दो कारतूस बरामद किए है।

**पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल व कारतूस व स्कार्पियो गाड़ी,बरामद की है**

## अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

लखनऊ। अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्रीअनुप्रिया पटेल का रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी के कैंप कार्यालय में सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह पटेल के नेतृत्व में आयोजित जन्मदिन समारोह में पार्टी पदाधिकारियों ने केक काटकर एक दूसरे को बधाई दी एवं अपनी नेता के दीघार्यु की कामना की। साथ ही, पार्टी कार्यकताओं ने 2024 में एनडीए गठबंधन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। जन्मदिन पर पार्टी के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों व प्रशंसकों की तरफ से मिले बधाई संदेश पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, आज मेरे जन्मदिन पर आप सबकी ढेरों शुभकामनाएँ एवं अपार स्नेह पाकर मैं धन्य हूँ। अपनी व्यस्तताओं के मध्य मुझे याद रखने के लिए आपको हृदय से आभार। आपकी सद्भावनाएं और शुभाशीष मुझे निरंतर राष्ट्रसेवा हेतु प्रेरित करते हैं। मेरे जन्मदिन को यादगार बनाने हेतु पुनः धन्यवाद। आशा है भविष्य में भी आप सबका प्रेम एवं समर्थन ऐसे ही प्राप्त होता रहेगा।" जिलाध्यक्ष हरिओम पटेल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपास्थित थेपना दल (एस) के कैंप कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अनुप्रिया पटेल का सादगी पूर्वक जन्मदिन मनाया गया ।

# आंवला में त्रिकोणीय मुकाबला बीजेपी से धर्मेंद्र कश्यप बसपा से आविद अली सपा से नीरज मौर्य है मैदान में

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (सददाम खान)।** आंवला लोकसभा में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है इस स्थिति में मुस्लिम वोटर महत्वपूर्ण भूमिका में है और मुस्लिम वोटरों का रूझान जिस और हो गया समझो उसकी जीत हो गई बीजेपी ने धर्मेंद्र कश्यप को प्रत्याशी बनाया है वह दो बार के सांसद हैं तो वहीं बीएसपी ने आंवला नगर पालिका से मौजूदा चैयरमैन सैयद आबिद अली को प्रत्याशी बनाया है सपा ने नीरज मौर्य को प्रत्याशी बनाया इससे पहले नीरज मौर्य बीजेपी छोड़कर सपा में शामिल हुए थे अब देखना यह है कि मुस्लिम वोटो का रुझान किस और है बसपा प्रत्याशी आबिद अली स्थानीय हैं और मुस्लिम वोटो में अच्छी और मजबूत पकड़ रखते हैं इसके साथ ही दलित वोट भी उनके साथ खड़ा नजर आ रहा है बीजेपी प्रत्याशी स्थानीय है और दो बार के सांसद रह चुके हैं क्षेत्र में मजबूत पकड़ रखते हैं तो वहीं सपा से प्रत्याशी नीरज मौर्य बाहरी है इससे पूर्व बीजेपी में थे क्या आंवला लोकसभा में मुस्लिम वोट ले पाएंगे या नहीं खैर जीत का सैहरा किस प्रत्याशी के सिर सजेगा यह कहना अभी मुश्किल है लेकिन मुकाबला बहुत ही दिलचस्प होता नजर आ रहा है।

# आईएमए स्टेट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में चिकित्सक दंपति ने जीते गोल्ड मेडल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** बरेली में 27-28 अप्रैल को आयोजित दो दिवसीय आईएमए स्टेट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में मोदीनगर आईएमए के अध्यक्ष डॉ योगेश सिंघल व उनकी धर्मपत्नी डॉ प्राची सिंघल ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए मोदीनगर आईएमए के अध्यक्ष वरिष्ठ ईएनटी चिकित्सक डॉ. योगेश सिंघल ने बताया कि बरेली स्थित क्रीड़ा मैदान में 2 दिन तक चले आईएमए स्टेट स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में प्रदेश की करीब 92 टीमों ने प्रतिभाग किया था। डॉ योगेश सिंघल के मुताबिक मोदीनगर से उन्होंने स्वयं एवं उनकी धर्म पत्नी रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर प्राची अवस्थी सिंघल तथा डॉ. विजय तोमर ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया था। डॉ सिंघल ने बताया कि जिसमें उन्होंने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन मिक्स्ड डबल्स प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। डॉ.योगेश सिंघल ने बताया कि डॉ. प्राची अवस्थी ने बैडमिंटन में वोमेंस सिंगल्स, वोमेंस डबल्स व मिक्स्ड डबल में गोल्ड प्राप्त किये हैं डॉ प्राची अपने सेक्शन में 3 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली एक मात्र प्लेयर बनकर, मोदीनगर शहर का नाम रोशन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को ऑल इंडिया आईएमए अध्यक्ष डॉ. शरद अग्रवाल व यूपी आईएमए अध्यक्ष डॉ. एमएम पालीवाल द्वारा ट्रॉफी आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस टूर्नामेंट में बैडमिंटन, चेस, कैरम, स्विमिंग एवं टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।



**सभी विजेता खिलाड़ियों को ऑल इंडिया आईएमए अध्यक्ष डॉ.शरद अग्रवाल व यूपी आईएमए अध्यक्ष डॉ.एमएम पालीवाल द्वारा ट्रॉफी आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया**

# शहर में आज पहली वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**ग्रेटर नोएडा।** इस्कॉन (ISKCON) ग्रेटर नोएडा द्वारा परम पुजनीय लोकनाथ स्वामी महाराज की 75 वीं व्यासपूजा के उपलक्ष्य में शहर में आज पहली वैष्णवी पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ श्रीमति प्रज्ञा पाठक शर्मा, बी०जे०पी० प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, महिला मोर्चा द्वारा भगवान की आरती एवं नारियल तोड़ कर किया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें यहाँ आकर ऐसा अनुभव हुआ कि इस्कॉन एक ऐसा स्थान है, जहाँ लोग अपना सब कुछ भूल कर सीधे वैकुंठ धाम के दरवाजे खोल रहे होते हैं। प्रज्ञा जी इसे ग्रेटर नोएडा इस्कॉन के इतिहास में एक ऐतिहासिक घटना बताया। प्रज्ञा जी के नेतृत्व में यह यात्रा सैक्टर बीटा-2 में स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई और सेक्टर जीटा -1 में स्थित इस्कॉन सैन्टर पर समाप्त हुई। जिसमें सभी माताओं व बच्चों ने श्रील प्रभुपाद की प्रसन्नता के लिए बढ़ चढ़ कर भाग लिया और मृदंग, करताल तथा हरे कृष्ण महामंत्र के कीर्तन से शहर को कृष्ण मय बना दिया। इस पदयात्रा में दिल्ली, नोएडा, मेरठ इत्यादि शहरों के भक्त भी बड़े उत्साह के साथ सम्मिलित हुए। यात्रा के दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रसाद व पुस्तक वितरण इत्यादि भी किया गया। यात्रा के पश्चात सभी के लिए मन्दिर में प्रसादम की व्यवस्था भी की गई थी। पूणानंदी राधा देवी दासी माताजी ने बताया कि इस्कॉन ग्रेटर नोएडा के अध्यक्ष श्रीमान अतुल कृष्ण दास के मार्ग निर्देशन यह यात्रा हुई और इस पदयात्रा का उद्देश्य भगवान कृष्ण के नाम, उनकी शिक्षाओं को जनमानस तक पुहँचा अपनी प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करना है और अगली महिला यात्रा 8 मार्च 2025 को महिला दिवस पर होगी।

आपदा प्रबंधन : बचाव ही उपाय

# ग्रेटर नोएडा के ओमेक्स पाम ग्रीन में आईआईएसएसएम की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने रखे विचार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा ।** देश में आए दिन कोई न कोई आपदा देखने को मिल रही है। बदलती जलवायु ने इसकी आवृत्ति और तीव्रता को और भी बढ़ा दिया है। दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में अस्पताल, ऊंची इमारतों और कारखानों में आग की स्थिति का सामना कर रहा है। नुकसान की रोकथाम के लिए अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन आवश्यक है। जब हम उच्च वृद्धि और जनसंख्या घनत्व वाले शहरी परिदृश्य का आकलन करते हैं, तो जटिलताएं बढ़ जाती हैं।

यह विचार ग्रेटर नोएडा के ओमेक्स पाम ग्रीन में "आपदा - हम तैयार हैं" नामक एक सामुदायिक सशक्तिकरण कार्यक्रम-प्रदर्शन-सह-कार्यशाला में आपदा प्रबंधन के विषय विशेषज्ञों ने व्यक्त किये। इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य ऊंची इमारतों में आग और अन्य आपदा संबंधी घटनाओं से निपटने के लिए निवासियों को अंतर्दृष्टि प्रदान करना और तैयार करना है।




इस अवसर पर आईआईएसएसएम के कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा ने बताया कि आपदा कभी भी आ सकती है। उन्होंने कहा कि दुखद बात यह है कि अगर दिन के दौरान कोई आपदा आती है, तो बहुमंजिला इमारत में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के अलावा कोई नहीं होता है। इसलिए, आईआईएसएसएम इस राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लोगों के सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इसकी शुरूआत इस आवासीय क्षेत्र से हो रही है, जहां 1000 से अधिक फ्लैट हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आईआईएसएसएम इस तरह के आयोजन करता रहेगा ताकि जन जीवन को बचाया जा सके।श्री सिन्हा ने कहा कि घटनाएं तो घटती रहती हैं, उन्हें रोका नहीं जा सकता। लेकिन जानमाल का नुकसान जानकारी के अभाव में होता है। आईआईएसएसएम का उद्देश्य लोगों को जानकर बनाना है। हम यह काम किसी लाभ के लिए नहीं कर रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ लक्ष्मी वी एस, आईएएस ने कहा कि प्राधिकरण आईआईएसएसएम के इस अभियान में हर संभव सहयोग करेगा। आईआईएसएसएम के सीईओ संतोष कुमार, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति आर के सिन्हा, दिल्ली सरकार के मुख्य अग्निशमन अधिकारी एस के ढेरी, रत्ना सिन्हा समेत कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यशाला में तीन सौ से अधिक लोगों ने भाग लिया। कार्यशाला के बाद आपदा से बचाव का प्रशिक्षण भी दिया गया।

इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में आईआईएस एसएम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, जिला प्रशासन और अग्निशमन सेवाओं, स्थानीय अस्पतालों और कई बिल्डर एसोसिएशन के सदस्यों ने भागीदारी की। आईआईएसएसएम सुरक्षा, कौशल और सतत सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि यह हमारे नागरिकों को जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित रखने के लिए बड़ी सामाजिक जिम्मेदारियों को साझा करता है। आपदा बहुत अनिश्चित होती है और अचानक भड़क उठती है। जान-माल की हानि और क्षति को रोकने के लिए लोगों को रोकथाम के बारे में जानकारी और कौशल निर्माण करना होगा और तैयार रहना होगा।

# गाजियाबाद HDFC बैंक द्वारा व्यापारियों का शोषण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद की दवा मार्केट,नई बस्ती में एक अत्यंत चौकाने वाला मामला




सामने आया हैं जहां अत्यंत प्रतिष्ठित कहे जाने वाले HDFC बैंक द्वारा एक ऐसी भूमि पर लोन दे दिया गया जिसकी रजिस्ट्री भूमि मालिक ने पहले से दुकान बना कर व्यापारियों को कर दी थी। भूमि मालिक ने भूमि पर बिल्डिंग बना कर दुकानें व फ्लैट बेच दिए व उसके बाद अपनी भूमि दिखा कर उस भूमि पर HDFC बैंक से मिली भगत कर लोन भी लिया।भूमि मालिक द्वारा लोन ना चुकाए जाने की स्थिति में बैंक कोर्ट के आदेश के माध्यम से व्यापारियों से दुकान खाली करने व बिल्डिंग पर कब्जा लेने हेतु कार्यवाही कर रहा हैं।ऐसी स्थिति में उन व्यापारी के सामने दोहरा संकट उत्पन हो गया हैं पहला जिस दुकान से उनकी रोजी रोटी चलती हैं उसे छोड़कर वो कहां जाएं व दूसरी जो दुकान उन्होंने अपने खून पसीने से खरीदी हैं।उसको वो कैसे छोड़ दें। २एक जाग्रत समाज को अब यह विचार करना चाहिए कि वो ऐसी बैंक का बहिष्कार करें व भविष्य में कोई आर्थिक संबंध ना रखें व अपने व्यापारी भाइयों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस संकट में उनका साथ दें। प्रदीप चौहान मंडल अध्यक्ष, मेरठ जोन चेयरमैन, दवा विक्रेता समिति, गाजियाबाद, प्रदीप राणा महामंत्री, दवा विक्रेता समिति, गाजियाबाद

# मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही कांग्रेस, लालू-तेजस्वी चुप क्यों हैं : गिरिराज सिंह

**बेगूसराय ।** केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं की हकमारी कर रही है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि कर्नाटक में जहां ओबीसी का अधिकार छीनकर मुसलमानों को दे दिया जा रहा है, उस पर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों हैं। पत्रकारों से चर्चा करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि एक तरह से कांग्रेस मुसलमानों के लिए हिंदुओं का गला काट रही है। कांग्रेस चाहती है कि देश में गृह युद्ध हो जाए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुसलमानों को ओबीसी का दर्जा देकर कांग्रेस क्या चाहती है। कर्नाटक में जहां ओबीसी के साथ हकमारी की जा रही है, इस मुद्दे पर लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव चुप क्यों है। सिंह ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह की राजनीति कर रही है, वह तुष्टिकरण की पराकाष्ठा है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आज मुसलमान अल्पसंख्यक नहीं बहुसंख्यक है। मुसलमानों को अब अल्पसंख्यक कहना हिंदुओं के साथ नाइंसाफी है।



# चुनावी माहौल के बीच एटीएम से 17.32,500 लाख चोरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** कोतवाली घंटाघर क्षेत्र के अंबेडकर रोड स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम से लाखों रुपयों पर हाथ साफ कर चोर हुए फरार घटना 26 अप्रैल दोपहर करीब 1:00 की बताई जा रही है जब पुलिस व आम जनता चुनावी माहौल में व्यस्त होने का फायदा एक चोर ने उठाया, एटीएम को बिना कोई छति पहुंचाएं देखा कि एटीएम का अंदर का ताला ठीक से नहीं लगा था जीसका फायदा उठाते हुए एटीएम में घुसे व्यक्ति ने 17.32.500, रूपयों पर हाथ साफ कर अपने दोपहिया वाहन से फरार हो गया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगी है।



# जिले में 4.69 लाख वोटर अपना सांसद चुनने नहीं पहुंचे मतदान केन्द्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** लोकसभा चुनाव 2024 में द्वितीय चरण में जनपद की तीनों विधान सभा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके बावजूद भी जिले के 4 लाख 69 हजार 149 वोटरों तक स्वीप की आवाज नहीं पहुंच सकी। जबकि वोटरों को लुभाने के लिए पिंक व मॉडल बूथ पर सेल्फी प्वाइंट भी बनवाये गये थे। वर्ष 2019 के सापेक्ष वर्ष 2024 में 7.04 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। आपको बता दें कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए 26 अप्रैल को द्वितीय चरण के चुनाव में हापुड़ विधान सभा में मतदान 59.71 प्रतिशत,गढ़मुक्तेश्वर में 59.31 प्रतिशत व धौलाना विधान सभा में 59.31 प्रतिशत रहा था। निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत जिले की तीनों विधान सभा में विभिन्न जागरूकता आयोजित किये गये थे। लोकसभा चुनाव में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक,रंगोली,मतदाता जागरूकता रैली,स्कूटी रैली,क्रिकेट मैच जैसे कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिससे इन कार्यक्रमों से जागरूक होकर वोटर अपने मत का प्रयोग कर सके। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव में स्वीप कार्यक्रमों का असर नहीं दिखाई दिया। 469149 वोटर अपना सांसद चुनने मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंचे। गत 26 अप्रैल को जिले तीनों विधान सभा क्षेत्र में वोट डाले गये। जनपद का मतदान प्रतिशत 59.47 प्रतिशत रहा। जिले में कुल मतदाता 1152662 में से 469149 वोटर बूथ की दहलीज तक भी नहीं पहुंचे। हापुड़ सदर विधान सभा में कुल मतदाता 380186 में से 227006 ने,धौलाना विधान सभा-कुल मतदाता 424207 में से 251595 व गढ़मुक्तेश्वर विधान सभा के कुल वोटर 353153 में से 209796 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं जनपद की मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद की तीनों विधान सभा क्षेत्र में छह आदर्श मतदान केन्द्र व तीन पिंक बूथ बनवाये गये थे। इसके बावजूद भी जनपद का मतदान प्रतिशत वर्ष 2019 के मुकाबले वर्ष 7.04 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। वर्ष 2019 में 66.76 प्रतिशत व वर्ष 2024 में 59.72 प्रतिशत मतदान हुआ है।






- **स्वीप कार्यक्रमों का भी वोटरों पर नहीं दिखा असर**
- **वोटरों को जागरूक करने हेतु स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों आयोजित किये थे**
- **जिले की तीनों विधान सभा में मॉडल व पिंक बूथ भी बनवाये गये थे**
- **जनपद की तीनों विधान सभा में कुल 1152662 मतदाता**

दो पल शुकून के!!

बच्चो के साथ कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा

# चुनाव की भागदौड़ से बच्चो को भी नहीं दे पाई समय: डोली शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** गाजियाबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी डोली शर्मा चुनावी भागदौड़ ओर मतदान के बाद कुछ समय अपनो के साथ बिताया। मतदान के बाद परिवार के साथ समय बिताया। रोजमर्रा की तरह जिंदगी चलने लगी । क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिंदगी रफ्तार पकड़ लेती है । जिसमे दो पल शुकून के ढूढना भी मुश्किल हो जाता है । मतदान के बाद डोली शर्मा से हुई बात तो उन्होंने बताया की वे सुबह करीब पांच बजे उठीं । और विभिन्न चीजों से फारीक होने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य देकर नमस्कार कर पूजा अर्चना की । उन्होंने अपने पिता नरेंद्र भारद्वाज, माता विजय लक्ष्मी भारद्वाज, चाचा मनोज भारद्वाज, से मतदान उपरांत चुनाव की चर्चा की अखबार पढ़े । जिसके बाद बुआ रेखा दीक्षित और बेटे अथर्व शर्मा व भतीजी अनन्या के साथ नाश्ता किया। बच्चो के साथ कुछ देर बच्चा बनकर फुटबॉल खेली । फिर वही समर्थकों व पार्टी कार्यकताओं से मिलीं और मतदान पर बूथों की रिपोर्ट ली। डोली ने बताया की इस बार गाजियाबाद बदलाव की ओर बढ़ गया है । जिस पर जनता ने अपना रिजल्ट दे दिया है । अंतिम मोहर चार जून को लग जायेगी । वही राजनीतिक पंडित भी मानने लगे है की इस बार गाजियाबाद की सीट पूरी तरह फसी हुई है । परिणाम किस ओर जाए कुछ भी कहना मुश्किल है।





मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267